सुप्रभात
रांची, रविवार
27.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 134

SURJABASHA

12 दूसरा वनडे : भारत के लिए करो या मरो मैच, हारे तो गंवायेंगे सीरीज

# जिंदगी में स्वास्थ्य से बढ़ कर कुछ नहीं : टीवी नरेंद्रन

## व्यस्तता के बीच हर दिन हेल्थ पर डेढ़ घंटे इंवेस्ट करता हूं

### टाटा स्टील के एमडी से खास बातचीत

सत्येन्द्र कुमार

**जमशेदपुर।** दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इस्पात कंपनी टाटा स्टील लिमिटेड का कारोबार संभालनेवाले सीएमडी टीवी नरेंद्रन न सिर्फ व्यवसाय में श्रेष्ट हैं, वल्कि बेहद जिंदादिल इंसान भी हैं। एक अच्छे पति,अच्छे पिता और अच्छे दोस्त के साथ-साथ उनकी स्वस्थ जीवन शैली किसी के लिए भी जिज्ञासा का केंद्र हो सकती है। खुद को स्वस्थ रखने के लिए हर दिन डेढ़ घंटे का समय वॉक, दौड़ और व्यायाम के लिए खुद पर इंवेस्ट करते हैं। उनका मानना है कि आप यदि स्वस्थ रहेंगे, तभी अपना काम भी सही ढंग से कर सकेंगे। जिंदगी में हेल्थ से बढ़ कर कुछ भी नहीं है। इसके लिए हर किसी को समय निकालना ही पड़ेगा। अति व्यस्तता के बावजूद खुद को स्वस्थ रखने के लिए हर दिन व्यायाम का समय निकालना मेरी दिनचर्या में अहम है। जमशेदपुर रन में 10 किमी की दौड़ में भाग लेने के पश्चात खबर मन्त्र के विशेष संवाददाता से उन्होंने अपनी स्वस्थ जीवन शैली को लेकर बेबाक बातचीत की। संभवतः यह पहला मौका है जब उन्होंने हेल्थी लाइफ पर खुल कर बातचीत की है।



जमशेदपुर रन-ए-थन में 10 किमी दौड़ते टीवी नरेंद्रन।

### प्रस्तुत है हू-ब-हू बातचीत के मुख्य अंश

**खबर मन्त्र : बहुत से लोग बोलते हैं कि सुबह वॉक, रन का उनके पास समय नहीं हैं। आप टाटा स्टील के एमडी और सीइओ हैं, आप करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये के बिजनेस का प्रबंधन करते हैं। आप खुद के लिए समय कैसे निकालते हैं।**

**टीवी नरेंद्रन :** (हंसते हुए) जो इंपॉर्टेंट हैं तो उसके लिए हमलोग समय जरूर निकालते हैं। आई थींक,अपने हेल्थ पर ध्यान रखना सबके लिए बहुत जरूरी है। बाकी जहां तक प्राइयोरिटी (प्राथमिकता) की बात है तो हेल्थ का नंबर पहले आता है। हम जमशेदपुर में रहते हैं तो हर सुबह जेआरडी में आते हैं, नियमित आते हैं। हर दिन कम से कम डेढ़ घंटा अपने हेल्थ पर इंवेस्ट करना बहुत जरुरी है। हम तो इंवेस्ट करता है, तो सबको अपना हेल्थ का ध्यान रखना चाहिए।

**खबर मन्त्र : आप कॉफी ट्रेवल करते हैं। ऐसे में नियमित वॉक, रन को कैसे मैनेज करते हैं ?**

**टीवी नरेंद्रन :** हम जहां भी जाते हैं शूज लेकर जाते हैं, रनिंग शूज। अगर हम फ्लाइट में नहीं हैं तो होटल में हों तो जिम में एक घंटे दौड़ते हैं अगर हम दिल्ली, बंबे, कोलकाता में रहते हैं तो हम रोड पर जाकर दौड़ते हैं। जमशेदपुर के लोग जानते है कि हम रोड पर भी दौड़ते है। नहीं, तो हम होटल में दौडते हैं लेकिन हर दिन हम दौड़ते हैं।

**खबर मन्त्र : नरेद्रन जी, आज के यूथ में एक कंसेप्ट आ गया है कि हम पढ़ाई में बिजी हैं, कैरियर में बिजी हैं। खुद के लिए समय नहीं है। उनको टाइम मैनेज करने या जिंदगी जीने के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे?**

**टीवी नरेंद्रन :** देखिये, टाइम का प्रेशर, काम का प्रेसर सब पर होगा। टाइम कैसे मैनेज करना है, यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह चुनौती सिर्फ यूथ पर ही नहीं सभी के सामने है। हमारा भी टाइम का प्रेशर है, तो उसमें आपको सोचना है कि सबसे इंम्पॉर्टेंट क्या है, और उसमें टाइम देना है। उसके बारे में सोचना है। हम मानते हैं कि जिंदगी में हेल्थ से बढ़ कर कुछ नहीं है। आपके पास सब कुछ है पर हेल्थ नहीं है तो कोई फायदा नहीं। हेल्थ पर ध्यान देना है तो उसे प्राइयोरिटी देनी है, उसके लिए टाइम रखना है।

**खबर मन्त्र : आपका शिड्यूल काफी टाइट और उसमें कई बार परिवर्तन होता है। अपने शिड्यूल को री-शिड्यूल कैसे करते हैं?**

**टीवी नरेंद्रन :** नार्मली हफ्ते में दो दिन सिंगापुर में रहा, एक दिन दार्जीलिंग,एक दिन हैदराबाद में रहा। जमशेदपुर हफ्ते में पांचवां शहर है जहां मैं हूं। मैं सिंगापुर में दौडा, दार्जिलिंग में कुर्सियांग में वॉक पर गया, हैदराबाद में दौड़ा। सिंगापुर जब हम गये तो सुबह में टाइम नहीं मिला तो शाम को एक घंटा जिम गया... तो टाइम रखना है। अगर आपको टाइम चाहिए तो टाइम मिलेगा जरूर।

**खबर मन्त्र : डॉक्टर बोलते हैं कि कोई जरुरी नहीं है कि आप सुबह ही वॉक या रन करें। चौबीस घंटे में जब समय मिले करिये।**

**टीवी नरेंद्रन :** डेफिनेटली। वॉक करना है तो कोई जरूरी नहीं कि एक घंटा ही करना है। 10 मिनट है तो 10 मिनट ही वॉक कर लें। 24 घंटे में खुद के लिए, खुद के हेल्थ के लिए आपको टाइम निकालना ही चाहिए।

**खबर मन्त्र : रन के प्रति आपकी जो दिवानगी है, वो बचपन से है, कॉलेज से है?**

**टीवी नरेंद्रन :** रन को लेकर मेरी दिवानगी कॉलेज के जमाने से है। कॉलेज में पढ़ता था तो स्पोट्स में बढ़-चढ़ कर खेलते थे। बाद में कैरियर की व्यस्तता के चलते 10-15 साल दौड़ना छोड़ दिया था। जब मैं 2007 में सिंगापुर में तैनात था तो वहां मेरा एक दोस्त मिला, कॉलेज का दोस्त। उसने कहा कि फिर से रन शुरु करते हैं। फिर शुरु किया। 2007 में मैं पहली बार 10 किमी दौड़ा। उसके बाद हम हर साल दौड़ते हैं। हर दिन दौड़ता हूं।

## सीएम सुखाड़ राहत योजना में लैंड पजेशन सर्टिफिकेट जरूरी नहीं : बादल

# आवेदन शुल्क सरकार देगी

- डीसी और डीएओ के साथ की समीक्षा में दिये निर्देश
- किसानों की उदासी को अवसर में बदलने का करें प्रयास
- 18 जिलों में 23 हजार पशुधन योजना के आवेदन मिले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सरकार राज्य में सुखाड़ प्रभावित किसानों को लेकर काफी संवेदनशील है। किसानों के चेहरे पर मुस्कान आये, इसके लिए हमें सभी प्रयास करने होंगे। अब किसानों को सुखाड़ राहत योजना के लाभ के आवेदन के लिए 40 रुपये का शुल्क सीएससी या प्रज्ञा केंद्र को नहीं देना होगा। उक्त राशि का भुगतान राज्य सरकार करेगी। किसानों को आवेदन रजिस्टर्ड करने के लिए 40 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। उक्त बातें कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शनिवार को नेपाल हाउस स्थित एनआईसी सभागार में कहीं। कृषि मंत्री सभी जिलो के उपायुक्तों और जिला कृषि पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभागीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी किसानों की उदासी को अवसर में बदलने का प्रयास करें। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत आर्थिक मदद के लिए मेमोरेंडम ऑफ फाइनेंस समर्पित किया है। आशा है कि इस संकट की घड़ी में केंद्र सरकार आवश्यक सहयोग करेगी। सरकार ने केंद्र को मेमोरेंडम ऑफ फाइनेंस के तहत 9682 करोड़ के राहत सहायता की मांग की है। (शेष 11 पर)

### एग्री स्मार्ट विलेज के लिए मिलकर करें काम



### पशुधन योजना का लाभ दें : सचिव

कृषि सचिव अबू बकर सिद्दिख ने कहा कि जिन जिलों में पशुधन वितरण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ अथवा धीमा है, वहां जल्द और तीव्र गति से वितरण का कार्य करें। आवेदन ज्यादा से ज्यादा प्राप्त हों, इसके लिए निबंधित किसानों के मोबाइल पर एसएमएस भेजें। अब तक 18 जिलों में 23 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए है, जो लक्ष्य से काफी दूर हैं।

### स्मार्ट विलेज की अनुशंसा प्राप्त करें

सचिव ने कहा कि एग्री स्मार्ट विलेज के लिए कृषि विभाग की सभी योजनाओं का कार्यान्वयन गांव में किया जाए, ताकि मॉडल विलेज के रूप में गांव को पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक से स्मार्ट विलेज के लिए अनुशंसा प्राप्त कर विभाग को सूचित करें। बैठक में मुख्य रूप से कृषि निदेशक निशा उरांव, सहकारिता निबंधक मृत्युंजय वर्णवाल, पशुपालक निदेशक शशि प्रकाश झा, विशेष सचिव प्रदीप हजारे एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग में विभिन्न जिलों के उपायुक्त और जिला कृषि, पशुपालन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गांव का विजिट करें

मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे गांव जहां के लोग प्रखंड तक आकर योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं, वहां का स्वयं विजिट करें। कृषि योजनाओं का लाभ दिलायें। सरकार की ओर से अनुदान पर दिये जा रहे बीज के उपयोग की धरातल पर जांच करें। क्षेत्रवार सक्सेस स्टोरी बनाएं, ताकि एक मॉडल बन सके।

## भारत संविधान की ताकत से आगे बढ़ रहा है: मोदी

# मौलिक कर्तव्यों का पालन सबकी पहली प्राथमिकता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे में जब देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, उसे और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है जो तेजी से विकास और आर्थिक विकास हासिल कर रहा है। पीएम ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान है, जिसके बल पर देश आगे बढ़ रहा है। वैश्विक परिस्थितियों में पूरे विश्व की नजर भारत पर है। मजबूत होती अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय छवि के बीच दुनिया हमें बहुत बड़ी उम्मीदों से देख रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की पहचान को और मजबूत बनाना जरूरी है।



### संविधान दिवस

उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था, जिसके उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान दिवस मनाने की शुरूआत 2015 में हुई थी। उन्होंने कहा कि जब हमारा संविधान बना तब देश के सामने क्या परिस्थितियां थी, संविधान सभा की बहसों में उस समय क्या हुआ था। हमारे युवाओं को इन सब विषयों की जानकारी होनी चाहिए। इससे उनकी संविधान को लेकर दिलचस्पी और चीजों को समझने का विजन पैदा होगा। (शेष 11 पर)

### सीएम और गुरुजी आज लुकैयाटांड़ जायेंगे

**रांची।** अपने दादा सोबरेन सोरेन के 65वां शहादत दिवस में भाग नेने सीएम हेमंत सोरेन रविवार को रामगढ़ के लुकैयाटांड पहुंचेंगे। अपने पिता के शहादत दिवस में भाग लेने राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन भी लुकैयाटांड पहुंचेंगे। शहादत दिवस को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है। डीसी और एसपी ने शनिवार को कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। शिबू सोरेन के पिता सोबरन सोरेन हमेशा जमींदारी प्रथा का विरोधी थे। इससे क्षुब्ध होकर जमींदारों ने लुकैयाटांड़ के पास 27 नवंबर 1957 को उनकी हत्या कर दी थी। उनकी याद में हर साल 27 नवंबर को शहादत दिवस मनाया जाता है।

## पंकज मिश्र की जमानत अर्जी इडी कोर्ट से खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तननिदेशालय (इडी) के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने शनिवार को साहिबगंज जिले में अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोपी झामुमो नेता पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के वकील प्रदीप चंद्रा ने अदालत के समक्ष उनके मेडिकल ट्रीटमेंट से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किये थे। खराब स्वास्थ्य के आधार पर पंकज मिश्र को जमानत देने का आग्रह किया था। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस करते हुए पंकज मिश्रा के अधिवक्ता की दलीलों का पुरजोर विरोध किया था और अदालत से आग्रह किया कि जमानत नहीं दिया जाये। सुनवाई पूरी कर ली थी और आदेश सुरक्षित रखा था। उल्लेखनीय है कि पंकज मिश्रा पर अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने से जुड़े एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लांड्रिंग करने के आरोप है। पंकज मिश्रा को 19 जुलाई को इस मामले में ईडी की टीम ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल, वह रिम्स में न्यायिक हिरासत में इलाज करा रहे हैं। (शेष 11 पर)

## सीआरपीएफ के आइजी ने नक्सल क्षेत्रों का दौरा कर कहा

# झारखंड अब नक्सल मुक्त होने की राह पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीआरपीएफ के झारखंड रेंज के आइजी अमित कुमार ने कहा कि झारखंड अब नक्सल मुक्त होने की राह पर है। झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाके में रह रहे लोगों को अब सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। उन्हें स्वास्थ्य एवं शिक्षा मिल रही है। अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिलने लगा है। उन्होंने शनिवार को झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण भी किया। श्री कुमार ने कहा कि नक्सल प्रभावित जिन इलाकों में सुरक्षा बलों के लिए कैंप की स्थापना की गयी, इलाकों में विकास काम में भी तेजी आयी। सड़कें बनीं। बिजली की सप्लाई वहां शुरू हुई। लोगों ने खुद को सुरक्षित महसूस किया तो व्यावसायिक गतिविधियां भी शुरू हो गयीं। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य की ओर बढ़ने लगी। (शेष 11 पर)



### बूढ़ा पहाड़ अभियान जारी

आइजी अमित कुमार ने कहा कि झारखंड के तीन जिलों और छत्तीसगढ़ की सीमा तक फैले बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त कराने का अभियान लगातार चल रहा है। नक्सलियों का मजबूत गढ़ माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ को नक्सलमुक्त करने के लिए सुरक्षा बलों ने दो फेज में ऑपरेशन ऑक्टोपस लांच किया था। पहला चरण अगस्त में चलाया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के ठिकानों की पहचान की। सितंबर में दूसरा चरण शुरू हुआ। इस दौरान चार नये कैंप की स्थापना की गयी। सुरक्षा बलों के जवान अब इलाके को सैनिटाइज करने में जुटे हैं। क्षेत्र से बड़े पैमाने पर हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। 29 आइइडी बरामद किये गये हैं।

# ट्रांसपोर्टर और डीएसडी के खेल में उपभोक्ता फेल

## गोदाम आने से पहले बिक जाते हैं अनाज, गरीबों के राशन पर डाका

सुधीर

**रांची।** ट्रांसपोर्टर (परिवहन सह हथालन अभिकर्ता) और डीएसडी (डोर स्टेप डिलिवरी) की मिलीभगत से राज्य में हर महीने गरीबों के अनाज पर डाका डाला जा रहा है। ट्रांसपोर्टर, डीएसडी और पीडीएस डीलर के खेल में राज्य के लाखों उपभोक्ता हर महीने अनाज उठाने नें फेल हो गये हैं। उपभोक्ताओं को अनाज का संकट बताकर उन्हें समय पर अनाज नहीं दिया जाता है। वहीं, पीडीएस डीलरों पर भी ट्रांसपोर्टर और डीएसडी मिलकर अधिकारियों से कार्रवाई का धौंस दिखाकर आधा अधूरा अनाज देते हैं। आधे से अधिक अनाज की कालाबाजारी कर दी जाती है। कालाबाजारी के इस खेल में राज्य के कुछ वरीय अधिकारी भी शामिल हैं, जिनके सह पर ट्रांसपोर्टर और डीएसडी मिलकर अनाज की कालाबाजारी करते हैं। (शेष 11 पर)

### बाप-बेटे ने बेच दिया 38 लाख का अनाज

अनाज की कालाबाजारी के इस खेल में बाप-बेटे भी शामिल हैं। मांडर स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम में अनाज पहुंचने से पहले ही बेच दिया गया। इतना ही नहीं, एजीएम की मिली भगत से अनाज को गोदाम में इंट्री दिखाने की भी तैयारी कर ली गयी थी। परंतु डाटा इंट्री ऑपरेटर ने इंट्री करने से मना कर दिया और मामला स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की तक पहुंच गया। राशन माफिया ने विधायक को भी प्रभावित करने का प्रयास किया, पर विधायक ने गरीबों के अनाज को ले कर आवाज उठायी। जिला आापूर्ति पदाधिकारी को मांडर जाकर ट्रांसपोट्रर राहुल कुमार प्रसाद और उनके मास्टरमाइंड पिता सतेंद्र प्रसाद ऊर्फ सतेंद्र सिंह के अलावा उस्मान खान और एजीएम के खिलाफ मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

**कोट :** अनाज की कालाबाजारी में लिप्त बाप-बेटे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इनके अलावा एजीएम और एक ट्रांसपोर्टर के सहयोगी के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इस जांच की आंच ऊपर तक जायेगी। इस तरह के कालाबाजीर में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगी। बाप-बेटे का सहयोग करनेवाले नीचे से ऊपर तक के लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी-

अलबर्ट बिलूंग, डीएसओ, रांची।

# शिक्षकों को हाजिरी बनाने अब जाना ही होगा स्कूल

## घर बैठे इ-पोर्टल से अटेंडेंस नहीं, सभी स्कूल जियो फेंसिंग सिस्टम से जुड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के गुरुजी अब घर बैठे ई-विद्यावाहिनी पोर्टल से अटेंडेंस नहीं बना सकेंगे। नये साल की पहले ही दिन से घर बैठे हाजिरी बनानेवाले शिक्षकों की परेशानी बढ़ने जा रही है। अब उन्हें हाजिरी बनाने के लिए स्कूल जाना पड़ेगा। पहले शिक्षकों को ई-विद्यावाहिनी एप पर बायोमेट्रिक के जरिये अटेंडेंस बनाने की सुविधा मिली थी। इसका कई शिक्षकों ने दुरुपयोग करना शुरू कर दिया और घर बैठे हाजिरी बनाने लगे। इसे देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी स्कूलों को जियो फेंसिंग सिस्टम से जोड़ दिया है। 1 जनवरी से इस सिस्टम के शुरू होने के बाद शिक्षक स्कूल से 50 से 100 मीटर की निर्धारित दूरी तक से ही अपनी हाजिरी बना सकते हैं। अगर इस दायरे से बाहर उन्होंने हाजिरी बनायी तो वे अनुपस्थित माने जायेंगे।

**दिसंबर तक चलेगा ट्रायल:** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अगले एक महीने तक सभी स्कूलों को इस व्यवस्था को समझने का मौका देगा। एक महीने के ट्रायल पीरियड में नेटवर्क कनेक्टिविटी और अन्य तकनीकी खामियों को भी देखा जायेगा। उन्हें पूरी तरह दुरुस्त करने के बाद एक जनवरी से इसे लागू कर दिया जायेगा। फिलहाल विभाग इसे लेकर स्कूलों का डाटा अपलोड कर रहा है और स्कूलों का जिओ लोकेशन सिस्टम में फीड किया जा रहा है। (शेष 11 पर)

## न्यूज डायरी

### दिग्गज अभिनेता विक्रम गोखले का निधन

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता विक्रम गोखले(77) का शनिवार को पुणे में निधन हो गया। वह लंबे समय से पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती थे। विक्रम के निधन से अभिनय जगत में शोक की लहर है। इससे पहले एक्टर विक्रम को लेकर उनके निधन की झूठी खबरों ने खूब जोर पकड़ा था। हिंदी सिनेमा की कई बड़ी और हिट फिल्मों में उन्होंने अहम रोल निभाये थे। इनमें सलमान-ऐश्वर्या की सुपरहिट फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम', अक्षय कुमार 'भूल भुलैया', 'मिशन मंगल', 'दे दना दन' और पिछली बार उन्हें फिल्म 'निकम्मा' (2022) में देखा गया था।

### खतरनाक इलाकों में जाने से बचें

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर में गैर-स्थानीय लोगों पर आतंकवादी हमलों के बीच श्रीनगर पुलिस ने प्रवासी मजदूरों से रात में 'खतरनाक इलाकों' में जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही अनावश्यक नहीं घूमने और मकानमालिकों से अपने घरों के बाहर सीसीटीवी लगाने का आग्रह किया है। पुलिस ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि गैर-स्थानीय लोगों को श्रीनगर खाली करने और गृहनगर जाने कहा गया था।

### पूर्व विधायक रजनीश आनंद नहीं रहे

**गोड्डा।** पूर्व विधायक रजनीश आनंद का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वह गोड्डा विधान सभा क्षेत्र से 1990 से 1995 तक विधायक रहे। उन्हें राजनीति विरासत में मिली थी। उनके पिता हेमंत कुमार झा भी गोड्डा विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। रजनीश आनंद राजनीति में मिस्टर क्लीन कहे जाते थे। रजनीश आनंद के निधन पर तमाम नेताओं ने शोक जताया है।

### गुमला में ट्रक ने बच्चे को रौंदा, मौत

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-सिमडेगा मुख्य पथ पर लोंगा गांवों के समीप एक ट्रक की चपेट में आने से लोंगा गांव के आठ वर्षीय सूर्या भुइया की मौत हो गयी। घटना शनिवार की सुबह हुई। बसिया में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। बसिया पुलिस ने ट्रक समेत चालक को हिरासत में ले लिया।

### रांची में सड़क हादसा, बुलेट सवार दो की मौत

**रांची।** रांची के बीआइटी मेसरा ओपी क्षेत्र के चौक के समीप यात्री बस और बुलेट की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में चुटु निवासी बारिश अंसारी और ओयना निवासी महताब अंसारी हैं। बीआईटी मेसरा चौक के समीप शनिवार को बुलेट पर सवार दो लोग आ रहे थे। इसी दौरान सड़क पार कर रही एक महिला को ठोकर मार दिया। भागने के क्रम में हजारीबाग की ओर से आ रही बस में बुलेट सवार घुस गये। घटनास्थल पर ही बारिश अंसारी की मौत हो गयी। वहीं महताब अंसारी की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में दो लोगों की मौत हुई है।

### लातेहार में टीएसपीसी का एरिया कमांडर धराया

**लातेहार।** पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर गांव के पास छापेमारी कर शनिवार को उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एरिया कमांडर लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत भदईबथान गांव का रहने वाला है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 49,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 63,500 रु./प्रति किलो |

# सीएम सचिवालय के कर्मियों ने संवैधानिक आदर्शों के प्रति निष्ठावान रहने की ली शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संविधान दिवस के मौके पर कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने, मूल कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक अनुपालन करने और संवैधानिक आदर्शों के प्रति आदर करने की शपथ दिलायी गई। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। मौके पर प्रधान आप्त सचिव रामदेव शर्मा और रमेश प्रसाद समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।



# सूचना भवन में संविधान की प्रस्तावना का हुआ समवेत पाठ, मूल कर्तव्यों की ली शपथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संविधान दिवस पर सूचना भवन में भारत के संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की सामूहिक शपथ ली गई। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का समवेत पाठ किया गया। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई गयी। मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सयुंक्त सचिव मनोज कुमार, उप निदेशक शालिनी वर्मा, उप निदेशक मुकुल लकड़ा, अवर सचिव संजय कुमार, सहायक निदेशक सुनीता धान आदि थे।



## मांगों को लेकर किसान संगठनों का राजभवन के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन

# 2850 रुपये प्रति क्विंटल धान का क्रय मूल्य निर्धारित करे राज्य सरकार : किसान सभा

### किसानों से वादे को निभाने में विफल रही केंद्र सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में शनिवार को राष्ट्रव्यापी किसान संगठनों की ओर से राजभवन के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन किया गया। जिला स्कूल मैदान से किसान संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता झंडा बैनर लिये मार्च निकाला, जो राजभवन के समक्ष सभा में तब्दील हो गया। राजभवन मार्च के माध्यम से किसानों के लिए 2850 रुपए क्विंटल धान का क्रय मूल्य निर्धारित करने की राज्य सरकार से मांग की गयी। सभा की अध्यक्षता करते हुए राजेंद्र गोप ने की।

सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। एक साल बीत जाने के बावजूद किसानों से किए गए वादे को निभाने में विफल रही। उत्तर प्रदेश में चुनाव को देखते हुए तीनों काले कानून वापस लिये गये थे। उस वक्त सरकार ने किसानों से वादा किया था कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून बनाया जाएगा। किसानों पर किया गया मुकदमा वापस लिया जाएगा। किसानों की हर मांगों पर विचार होगा लेकिन 1 साल बीत जाने के बाद भी वादा पूरा नहीं हुआ।




### किसान विरोधी कानून बनाकर लूटा जा रहा है

किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की जमीन लूटने के लिए पूंजीपतियों का साथ दे रही है। किसान विरोधी कानून बनाकर लगातार लूटा जा रहा है। बहु फसली जमीन को भी जबरन कब्जा किया जा रहा है। झारखंड राज्य किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के साथ धोखा दिया है। किसान संग्राम समिति के प्रदेश सचिव राजेंद्र गोप ने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक धान क्रय केंद्र नहीं खोला है। प्रदेश सचिव सुफल महतो ने कहा किसानों की जमीन लूटी जा रही है। गैरमजरूआ जमीन की रसीद अभी तक चालू नहीं हो सकी। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू नहीं हुआ है। किसानों के ऋण माफ नहीं किये गये। केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के हित में कानून बनाये।

### राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

सभा को नेमन यादव, अजय कुमार सिंह, झारखंड राज्य किसान सभा के प्रफुल्ल रीड़ा, बीमा लिंडा, वीरेंद्र कुमार, किसान संग्राम समिति के लिए लेदो मुंडा, एआईकेएसके इसाक अंसारी, हसीब अंसारी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सभा के बाद राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। किसान सभा में जिला अध्यक्ष इसाक अंसारी, शिव नारायण सिंह, शुक्र उरांव, हसीब अंसारी, अमीरुला, महावीर डेविड, गोपाल उरांव, मतीयस भगत सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने निकाला आक्रोश मार्च




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ट्रिपल टेस्ट की बुनियाद पर ओबीसी का इम्पीरीकल डाटा तैयार करने का सरकार फैसला करे एवं विधानसभा में पारित ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण तत्काल लागू करे। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने संविधान दिवस पर आयोजित आक्रोश मार्च में सभा में कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओबीसी स्थानीय निकायों में आरक्षण का कोटा सुनिश्चित किए बिना पंचायत चुनाव करा लिया गया है, जबकि अन्य राज्यों में उसी समय ट्रिपल टेस्ट कर ओबीसी वर्ग को पंचायत में आरक्षण सुनिश्चित किया गया। दूसरी तरफ ओबीसी का सरकारी पदों में व शिक्षा का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत तो किया गया, परंतु उसे बिना लागू किए केंद्र सरकार के पास 9वीं अनुसूची में डालने की अनुशंसा कर दी गई, यानी ओबीसी का यह आरक्षण केन्द्र सरकार के निर्णय पर लंबित रहेगा। इससे ओबीसी वर्ग को तत्काल आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

झारखंड आंदोलनकारी आजम अहमद ने कहा कि झारखंड में भी ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई बार आंदोलन के माध्यम से मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा था, जिस पर राज्य सरकार ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की। मौके पर सूबेदार एस एन सिंह कुशवाहा एवं प्रदेश सचिव अजय मेहता, सुरेश ठाकुर ने कहा कि आसन्न नगर निकाय चुनाव 2022 में भी चुनाव आयोग द्वारा निकाले गए आरक्षण की अधिसूचना में ओबीसी वर्ग को विलोपित कर दिया गया। आक्रोश मार्च निकालने से पूर्व जयराम ठाकुर ने भारत के संविधान का प्रस्तावना पाठ पढ़ा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से उनके कार्यालय में 2 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।

आक्रोश मार्च में इस्राइल खालिद, अखिलेश, खुशीयाल साहू, दिनेश कुमार, सुनील साहू, संजय साहू, अभय प्रसाद, मनीष, रीता देवी, मालती देवी, पनीप ठाकुर आदि लोग शामिल थे।

# रिम्स में 320 ए-ग्रेड नर्सों ने दिया योगदान, पोस्टिंग की प्रक्रिया शुरू




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में ए ग्रेड नर्स (परिचारिका) के 370 पद इनमें 350 नियमित और 20 पद बैकलॉग की नियुक्ति को लेकर इसी साल झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञापन जारी किया था। परीक्षा पास करने वाली 320 नर्सों ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद रिम्स में अपना योगदान दिया है। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि नर्सों के पोस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। मालूम हो कि वर्तमान में रिम्स में 2000 मरीजों की देखभाल करने के लिए सिर्फ 379 नर्स काम कर रही हैं, जबकि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के अनुसार जनरल वार्ड में 3 बेड पर एक नर्स का होना जरूरी है।

**नर्सों की नियुक्ति के लिए थी ये अहर्ता** : नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यता बीएससी नर्सिंग या जीएनएम में डिप्लोमा के अलावा 50 बेड के अस्पताल में 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव मांगा गया था।

### किस श्रेणी में कितने पद (नियमित नियुक्ति)

अनारक्षित : 141
अनुसूचित जनजाति : 88
अनुसूचित जाति : 37
अत्यंत पिछड़ा वर्ग : 23
पिछड़ा वर्ग : 24
(बैकलॉग नियुक्ति)
अनुसूचित जाति : 20

# साइबर अपराधियों ने डॉक्टर को लगाया 1.20 लाख का चूना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साइबर सुरक्षा को लेकर तमाम तरह के प्रचार प्रसार पुलिस के द्वारा किया जा रहा है, इसके बावजूद साइबर अपराधी अपनी जाल में फंसा कर लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा रहे हैं। ताजा मामला रिम्स के डॉक्टर शौभिक दास का है। डॉक्टर को झांसे में लेकर साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 1 लाख 20 हजार रुपये गायब कर दिए।



साइबर ठगी होने के बाद डॉक्टर शौभिक दास ने रांची के बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में ठगी के शिकार डॉक्टर ने बताया कि सुशील कुमार नाम के एक शख्स ने ओएलएक्स पर उससे एक फर्नीचर खरीदने की इच्छा जताई थी। डॉक्टर को अपना पुराना फर्नीचर बेचना था इसलिए उन्होंने ओएलएक्स में फर्नीचर बेचने से संबंधित एड डाला था। डॉक्टर के अनुसार सुशील कुमार नाम के एक शख्स ने उनके फोन नंबर पर कॉल कर उनसे संपर्क किया और फर्नीचर खरीदने के बहाने ही अपने यूपीआई आईडी देने को कहा।

**थाने में दर्ज करवाई एफआईआर**

क्यूआर कोड स्कैन करते ही डॉक्टर के खाते से 97 हजार रुपये निकाल लिये गए, जब उन्होंने तथाकथित साइबर अपराधी से इस मामले की शिकायत की तो उसने कहा कि गलती से आपके खाते से पैसे कट गए हैं। पैसे वापस लेने के लिए आपको एक और क्यूआर कोड भेज रहे हैं जब आप उसे स्कैन करेंगे तब आपके पैसे वापस हो जाएंगे। डॉक्टर साइबर अपराधी के झांसे में आकर दोबारा क्यूआर कोड को स्कैन कर दिया जिसके बाद उनके खाते से दूसरी बार भी पैसे गायब कर दिए गए। पैसे गायब होने के बाद जब एक बार फिर डॉक्टर ने तथाकथित साइबर ठग से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका नंबर तबतक बंद हो चुका था। डॉक्टर अब समझ चुके थे कि उनको झांसे में रख साइबर अपराधियों ने उनके खाते से पैसे गायब कर दिए हैं जिसके बाद वह सीधे थाने पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करवाई।

**नम्बर और खातों के डिटेल भी करवाये उपलब्ध** : ठगी के शिकार डॉक्टर शौभिक दास रिम्स के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने जिस खाते में साइबर अपराधियों ने पैसे लिए उसका डिटेल भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। ताकि साइबर अपराधियों के बारे में पुलिस जानकारी हासिल कर सके। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बरयातू पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### बच्चू यादव की डिस्चार्ज पिटीशन पर 3 दिसंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** ईडी कोर्ट में शनिवार को पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 3 दिसंबर को होगी। पिटीशन में कहा गया कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए उन्हें इस केस से मुक्त किया जाए। बीते शुक्रवार को बच्चू यादव की जमानत अर्जी ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी थी। बच्चू यादव की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने डिस्चार्ज पिटीशन फाईल की। बता दें कि बच्चू यादव को ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, इसके बाद 11 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया था। ईडी की ओर से बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि ईडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को 4 अगस्त को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार करने के पूर्व पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को ईडी की टीम ने दो बार समन जारी किया था, लेकिन निजी कारणों का हवाला देते हुए ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांक. 1273 हजारीबाग / दिनांक 24 / 11 / 2022

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 1259 दिनांक 21.11.2022 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन–कोटेशन संख्या 01/2022-23 पी0आर0 संख्या 282891 (Minor Irrigation) 22–23 (D) द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन–कोटेशन में अंकित तिथि 25-11-2022 at 2.00P.M to 29.11.2022 at 4.00P.M एवं Technical Envelope को खोलने की तिथि 30.11.2022 at 1.00P.M को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए 25-11-2022 at 2.00P.M to 30.11.2022 at 4.00P.M एवं Technical Envelope को खोलने की तिथि 01.12.2022 at 4.00 P.M किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,हजारीबाग

PR 283513 Minor Irrigation(22-23).D

**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**e-Procurement Notice**

Tender reference no. WRD/MID/LOHARDAGA/F2-11/2022-23 Date – 23/11/2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of check dam on LatapaniNala at Village – KoynarToli , Block - Peshrar, Distt - Lohardaga |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 44.37484Lacs |
| 3. | Time of completion | 335 days |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 30/11/2022 up to 5.00 PM |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids online | 20/12/2022up to 5.00 PM |
| 6. | Last date for receipt of bids fee and security | 21/12/2022 |
| 7. | Date of opening of Tender | 23/12/2022 |
| 8. | Name & address of office inviting tender | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga (2) Superintending Engineer, M.I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi till 21.12.2022 up to 3:00 pm |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508, 9431190681 eemidloha-cemr-jhr@nic.inmidloh632@gmail.com |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

Note: -Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 283568 (Lohardaga) 22-23 (D)


# विरासत में मिले नक्सलवाद से झारखंड में 541 पुलिसकर्मी हुए शहीद, मारे गए 1887 सिविलियन

**सत्येन्द्र**

**रांची।** वर्ष 2000 में बिहार से अलग होकर झारखंड देश के मानचित्र पर एक अलग राज्य के रूप में अवतरीत हुआ। राजनीतिक घटनाक्रम एवं उथल-पुथल के बीच राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनने का गौरव भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी को मिला। भौगोलिक विषमता, खनिज, पहाड़ के अलावा झारखंड को अपने गठन के साथ विरासत में नक्सलवाद भी मिला। वर्ष 2000 में नवगठित राज्य झारखंड के सिर्फ आठ जिले नक्सल प्रभावित थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने कार्यकाल में नक्सलवाद का समूल नष्ट करने का भरपूर प्रयास किया। इसके बाद की भी बनी सरकारें नक्सल उनमूलन को लेकर प्रयासरत रहे। इसके बावजूद नक्सलियों का प्रभाव बढ़कर पूरे झारखंड को अपने आगोश में ले लिया। नतीजा राज्य में नक्सल वारदातें बढ़ीं और इसका सीधा नुकसान झारखंड पुलिस के साथ आमलोगों का उठाना पड़ा। झारखंड राज्य स्थापना के 22 साल में 541 (सेंट्रल और राज्य मिलाकर) से अधिक जवानों और अधिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

वहीं विरासत में मिला नक्सलवाद का सबसे बड़ी कीमत झारखंड के आम नागरिकों को चुकानी पड़ी है। इन 22 सालों में 1887 आम नागरिक नक्सल हिंसा में अपनी जान गवां चुके हैं। वहीं इस दौरान नक्सलियों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ में 319 नक्सली भी मारे गये थे। वहीं इस दौरान पुलिस को भी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। भाकपा माओवादियों के हुए बड़े हमलों में पाकुड़ जिले के एसपी अमरजीत बलिहार, बुंडू रांची में डीएसपी स्तर के अधिकारी डीएसपी प्रमोद कुमार, पलामू में देवेंद्र राय, चतरा में विनय भारती तक को नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया। झारखंड गठन के कुछ ही दिन पूर्व लोहरदगा एसपी रहे अजय कुमार सिंह भी नक्सली हमले में शहीद हो गए थे।



### 2002 में सबसे ज्यादा 69 पुलिस वाले हुए थे शहीद

झारखंड में साल 2001 में 55 पुलिसकर्मी नक्सलियों के हमले में शहीद हुए थे। वहीं 2002 में 69, 2003 में 20, 2004 में 45, 2005 में 30, 2006 में 45, 2007 में 11, 2008 में 39, 2009 में 64, 2010 में 24, 2011 में 32, 2012 में 26, 2013 में 26, 2014 में 08, 2015 में 04, 2016 में 09, 2017 में 02, 2018 में 09, 2019 में 14, 2020 में 01, 2021 में 05 और साल 2022 के अक्टूबर माह तक 03 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं।

### नक्सल हिंसा में 1887 आम लोग मारे गए

नक्सलवाद का दंश सबसे ज्यादा झारखंड के आम लोगों को भुगतना पड़ा है। 2001 से लेकर 2022 के अक्टूबर महीने तक नक्सली हिंसा में कुल 1887 आम लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। साल 2007 में सबसे ज्यादा 175 लोग नक्सली हिंसा के शिकार हुए थे। आंकड़ों को देखें तो तो 2001 में 107 सिविलियन मारे गए, 2002 में 77, 2003 में 93, 2004 में 106, 2005 में 79, 2006 में 93, 2007 में 175, 2008 में 150, 2009 में 138, 2010 में 135, 2011 में 131, 2012 में 124, 2013 में 126, 2014 में 86, 2015 में 47, 2016 में 61, 2017 में 44, 2018 में 27, 2019 में 30, 2020 में 28, 2021 में 16 और 2022 में अब तक 08 आम नागरिक मारे गए हैं।

### मुठभेड़ में 319 नक्सली भी मारे गए

साल 2001 से लेकर अक्टूबर 2022 तक पुलिस के साथ मुठभेड़ में 319 नक्सली भी मारे गए हैं। साल 2008 में झारखंड में सबसे ज्यादा 46 नक्सली मारे गए थे। झारखंड निर्माण के पहले तीन वर्ष में 2001, 02 और 03 में नक्सलियों को कोई क्षति नहीं हुई। लेकिन 2001 से 2003 तक नक्सलियों ने 144 पुलिसवालों को मौत के घाट उतार दिया था। लेकिन साल 2004 से झारखंड पुलिस ने अपने अभियान को धार दिया और 2004 में 18 नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया। 2004 से लेकर 2022 तक हर वर्ष पुलिस ने अपने एनकाउंटर में औसतन 07 नक्सली इनकाउंटर में मारे गए। आकड़ों की बात करें तो साल 2004 में 18 नक्सली मारे गए जबकि 2005 ने 05, 2006 में 17, 2007 में 14, 2008 में 46, 2009 में 21, 2010 में 14, 2011 में 18, 2012 में 04, 2013 में 13, 2014 में 10, 2015 में 25, 2016 में 21, 2017 में 12, 2018 में 26, 2019 में 26, 2020 में 14, 2021 में 06, 2022 में अक्टूबर महीने तक 097 नक्सली मारे गए।

### 3410 नक्सली हुए गिरफ्तार, 99 बार हुए पुलिस पर हमला

नक्सलियों ने 2001 से लेकर 2022 तक पुलिस को लक्षित कर यानी पुलिस को निशाना का 99 बार हमले किए। पुलिस को निशाना बनाकर सीधा हमला सबसे ज्यादा 2001, 2003 और 2006 में किया गया। इन वर्षों में एक ही साल में दस बार पुलिस पर सीधे हमला किया गया। इस दौरान झारखंड के विभिन्न थानों में 6265 नक्सली घटनाएं दर्ज की गई थी। वहीं 22 सालों में पुलिस ने 3410 नक्सलियों को गिरफ़्तार कर जेल भेजने का काम किया। इसके आलावा झारखंड पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान से डरकर 313 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर मुख्यधारा में लौटने का काम किया।

### 1343 बार हुआ इनकाउंटर

साल 2001 से लेकर 2022 के अक्टूबर महीने तक पुलिस और नक्सलियों के बीच 1343 बार इनकाउंटर हुआ। पुलिस और नक्सलियों के बीच सबसे ज्यादा 119 बार साल 2009 में इनकाउंटर हुआ था। वहीं अगर इन काउंटर की आंकड़ों की बात करें तो 2001 में 80 बार 2002 में 55, 2003 में 61, 2004 में 65, 2005 में 69, 2006 में 64, 2007 में 60, 2008 में 102, 2009 में 119, 2010 में 70, 2011 में 63, 2012 में 51, 2013 में 68, 2014 में 59, 2015 में 48, 2016 में 63, 2017 में 38, 2018 में 54, 2019 में 38, 2020 में 52, 2021 में 37 , 2022 में अक्टूबर महीने तक 27 बार पुलिस और नक्सली इनकाउंटर हुए।

# मोहरदा, ओड़िया स्कूल मैदान में बनेगा जुस्को का पावर सब-स्टेशन

- लालभट्टा, बाबुडीह, भुइयांडीह के बस्तीवासियों को भी मिलेगा जुस्को से बिजली
- चंडीनगर, छायानगर, बागुननगर, निर्मलनगर में जनवरी तक जुस्को बिजली संरचना ठीक हो जायेगा
- एक महीने के अंदर शहर के हाईमास्ट लाइटों को जुस्को की बिजली से जोड़ी जायेगी
- केबुल क्षेत्र के लोगों को अलग बिजली कनेक्शन दी जायेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लालभट्टा, बाबुडीह, भुइयांडीह बस्तियों में शीघ्र जुस्को द्वारा विद्युत आपूर्ति प्रदान किया जाएगा। इन बस्तियों के अलावा बागुननगर, छायानगर, चंडीनगर, निर्मलनगर जुस्को द्वारा आधारभूत बिजली संरचना का विकास का कार्य जनवरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा जिसके बाद यहाँ के इच्छुक निवासी जुस्को से बिजली प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकेंगे। एक सप्ताह के अंदर बमार्माइंस क्षेत्र के विनोवा आश्रम में बिजली कनेक्शन के लिए फॉर्म वितरण किया जाएगा।

मोहरदा मुख्य सड़क से सटे घरों में भी विद्युत आपूर्ति देने की पहल जुस्को द्वारा किया जा रहा है। अंतिम सर्वे भी पूरा कर लिया गया है। मोहरदा क्षेत्र में बिजली का केबुल बिछाने हेतु सड़क निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया की जा रही है। विधायक श्री राय ने बताया कि विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही कठिनाईयों से हमें अवगत करायें ताकि हम इसपर पहल कर यथाशीघ्र काम शुरू करवा सकें। ज्ञात हो कि मोहरदा क्षेत्र में जुस्को बिजली के लिए जुस्को सब-स्टेशन से तीन किलोमीटर तक डेडिकेटेड केबुल बिछाकर ओड़िया स्कूल के समीप जुस्को का सब-स्टेशन बनाकर बस्तीवासियों को बिजली दी जाएगी।

अधिकारियों ने विधायक सरयू राय को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, जमशेदपुर महाप्रबंधक कार्यालय कक्ष में महाप्रबंधक श्रवण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दी। ज्ञात हो कि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने जुस्को द्वारा लीज क्षेत्र के नागरिकों को



बैठक में उपस्थित विधायक सरयू राय और विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जीएम।

विद्युत कनेक्शन देने में मनमानी करने का मामला विधानसभा में उठाया था। जिसके उपरांत जुस्को क्षेत्र के सभी नागरिकों को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए जमशेदपुर के विद्युत महाप्रबंधक की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन किया गया ताकि इसकी जांचकर लीज क्षेत्र के सभी निवासियों को विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सके। आज इस कमिटी की तीसरी बैठक हुई जिसमें जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सरयू राय शामिल हुए।

बैठक में लीज क्षेत्र के सभी आवासितों को जुस्को से बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। विगत बैठक के अनुसार मोहरदा क्षेत्र में बिजली उपलब्ध कराने को लेकर सर्वे किया जाना था, जुस्को द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधिकारियों ने इसकी प्रगति के बारे में विधायक श्री राय और विद्युत महाप्रबंधक को विस्तार से जानकारी दी। विधायक श्री राय ने जुस्को द्वारा नए विद्युत कनेक्शन के लिए अत्यधिक राशि की मांग करने का मामला उठाया और कहा कि जुस्को द्वारा आधारभूत संरचना विकास करने में लागत राशि भी उपभोक्ता से ही वसूल ली जा रही है।

बैठक में विधायक श्री राय ने प्रस्ताव दिया है कि गोलमुरी के केबुल टाऊन और केबुल बस्ती के प्रत्येक घरों को अलग-अलग बिजली प्रदान की जाय। वर्तमान में यहाँ नौ प्वाइंट पर बिजली आपूर्ति की जाती है। विधायक श्री राय ने शहर के सभी हाईमास्ट लाइटों में जुस्को का विद्युत संयोजन करने तथा जुस्को एरिया में स्ट्रीट लाइट लगाने की बात कही जिसपर जुस्को के विद्युत महाप्रबंधक ने कहा कि एक महीने के अंदर जमशेदपुर के एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान सहित 20 से ज्यादा हाईमास्ट लाइट में जुस्को बिजली का कनेक्शन कर दिया जाएगा। साथ ही स्ट्रीट लाइट लगाने का भी काम शुरू कर दिया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### भाजपाइयों ने नगर निगम के कार्यपालक को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** मानगो, उलीडीह एवं आजादनगर के भाजपा मंडल अध्यक्षों ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, 48 घंटे में शिलापट्ट बदलने का दिया अल्टीमेटमः इस घटना पर भाजपा ने मानगो के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से शिलापट्ट को बदलने की मांग की है। भाजपा ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव को चेतावनी देते हुए 48 घंटे का समय दिया है। ज्ञापन में कहा गया कि शिलापट्ट पर सांसद विद्युत वरण महतो और पूर्व वित्त मंत्री परम श्रद्धेय बाबू मृगेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति अंकित कर नया शिलापट्ट लगाया जाए और जमशेदपुर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्री विद्युत वरण महतो से माफी मांगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के हजारों कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर मानगो नगर निगम और जुस्को का हुड़का जाम कर देंगे जिसकी पूरी जिम्मेवारी मानगो नगर निगम एवं जुस्को प्रबंधन की होगी।

### चेन छिनतई के क्रम में महिला की हत्या के मामले में दो को उम्रकैद

**जमशेदपुर।** कदमा बीएच एरिया रोड नंबर 3 में चेन छिनतई का विरोध करने पर नाजनीन परवेज की गोली मारकर हत्या करने के मामले में एडीजे चार राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत ने शनिवार को बमार्माइंस रघुवर नगर के रहने वाले जितेंद्र कुमार सिंह और मो. दानिष को उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ने की रकम जमा नहीं करने पर सजा की अवधि और छह माह के लिये बढ़ जायेगी। मामले में कुल 9 लोगों की गवाही हुई है। घटना 4 अक्टूबर 2014 की है और उस दिन धातकीडीह सोनार लाइन की नाजनीन परवीन सवा 5 बजे अपने पड़ोसी अजरा उर्फ याशमी के साथ मॉर्निंग वॉक पर गयी हुई थी। घर लौटते समय बीएच एरिया रोड नंबर 3 पहुंची ही थी कि दो बदमाश स्कूटी से आये थे और गले से चेन छिनतई का प्रयास किया था। विरोध करने पर उसे गोली मार दी गयी थी। बाद में नाजनीन को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया था, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को घटना में प्रयुक्त स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### ईचागढ़ में आयुष मेला का किया गया शुभारंभ

**चांडिल।** शनिवार को विधायक सविता महतो ने पातकुम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर प्रखंड स्तरीय आयुष मेला का शुभारंभ किया। विधायक ने मेले में आए लोगो से निशुल्क स्वास्थ्य सेवा के लाभ लेने को कहा। उन्होंने कहा लोग आयुष चिकित्सा पद्धति से उपचार कर निरोग हो सकते हैं। उन्होंने लोगो से राज्य सरकर द्वारा चलाया जा रहा है जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा। विधायक ने मेले में लगे सभी स्टालों का बारी बारी से निरीक्षण किया। मौके पर कीकू महतो, हिमाद्री कुमारी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, निताई उरांव, किसुन किस्कु, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिपिन चंद्र गुप्ता, डीपीएम निर्मल दास उपस्थित थे।

### पेंट ब्रश संस्था ने किया माहवारी के प्रति जागरूक

**पोटका।** पेंट ब्रश संस्था के द्वारा शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका में छात्राओं को माहवारी व स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की संस्थापक ट्रस्टी ईशिका सिन्हा (आइएसएफ डीएफओ माउन प्रकाश की धर्मपत्नी), सदस्य पी विग्नेश्वरी (डीआईजी तमिल वाणन की धर्मपत्नी), डा.ख्याति एस मित्तल (डीसी पश्चिम सिंहभूम अनन्य मित्तल की धर्मपत्नी) आदि मौजूद रहीं।

# नये रूप-रंग में खुदीराम बोस चौक का मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया उद्घाटन

» झंडा साहेब को भी किया गया शिफ्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को एक और तोहफा मानगो की जनता को दिया, आज नवनिर्मित मानगो गोल चक्कर का उद्घाटन जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक सह सूबे के मंत्री बन्ना गुप्ता और जुस्को के चाणक्य चौधरी ने किया।

मौके पर सिख धर्म के आस्था के प्रतिक पवित्र झंडा साहब को भी पुरे विधि विधान के साथ स्थापित किया गया, इस अवसर पर





शहीद खुदीराम बोस गोलचक्कर का शिलान्यास करते मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

सिख धर्म के भी कई लोग उपस्थित रहे। दूसरी तरफ शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। मौके पर जनता और कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि मानगो की जनता को भी उच्चस्तरीय नागरिक सुविधाएं प्रदान करना उनका सपना है, एक तरफ मानगो की जनता को जाम से मुक्त करने का हमनें संकल्प लिया है दूसरी तरफ मानगो में भी गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार के स्तर पर और टाटा स्टील के सहयोग से हर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फ्लाई ओवर बनाने की प्रकिया तेजी से चल रही है,और अगले चार महीने के भीतर इसका निर्माण शुरु हो जायेगा। जनता से किए हर वायदा को मैं पूरा करूंगा चाहे इसके लिए कितनी भी परेशानी और बाधा को दूर करना पड़े।

## एक नजर में

### देश का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान संविधान से ही संभव है : डॉ सुखचंद्र झा



**जमशेदपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर आज 26 नवंबर को घुमंतू पुस्तकालय यात्रा के छठे दिन लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल महाविद्यालय, करणडीह (जमशेदपुर) में पुस्तकों का स्टॉल लगा, जहां सुबह दस बजे से ही कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पुस्तकों का अवलोकन एवं अध्ययन किया और विषय वस्तु से संबंधित चर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से कॉलेज के वर्चुअल रूम में संविधान दिवस पर आयोजन विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें जाने माने शिक्षाविद, समाजसेवी और लेखक डॉ. सुखचन्द्र झा ने स्वाधीनता आंदोलन से लेकर देश की आजादी एवं संविधान लागू होने तक के सफर के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के नागरिकों के तमाम अधिकारों की रक्षा करता है, अत: इसके मूल्यों की गहरी समझ सभी को होनी चाहिए। देश का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान संविधान से ही संभव है।

**हेट स्पीच पर अंकुश जरूरी : अंकुर शास्वत**- समारोह में आरंभ युवा मंच के अंकुर शास्वत ने कहा कि देश में कुछ अरसे से हेट स्पीच बढ़ गई है, जिसके कारण सांप्रदायिक माहौल खराब होने लगा है। इस पर नियंत्रण की महती आवश्यकता है। कॉलेज परिसर में संविधान को मानने के संकल्प पट पर छात्र छात्राओं और प्राध्यापकों ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया और राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर कॉलेज को संविधान की उद्देशिका (फ्रेम सहित) भेंट स्वरूप दी गई। आज इस अवसर पर कॉलेज के प्रो. बिनोद कुमार, डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. पी के गुप्ता, प्रो. नोद कुमार, प्रो. ऋतू, चंदन जायसवाल, अनिमेष बख्शी, (फैकल्टी) समेत अन्य कर्मी और अनेकानेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कॉलेज परिसर में वरिष्ठ पत्रकार और वैज्ञानिक चेतना के संयोजक डी.एन.एस. आनंद और वरिष्ठ रंगकर्मी जीतराय हांसदा भी जुड़े और उत्साहवर्धन किया। इस घुमंतू पुस्तकालय यात्रा के सफल संचालन में मुख्य रूप से विकाश कुमार, अंकुर शास्वत, प्रियांक प्रभात, शशांक शेखर और प्रदीप रजक का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय प्रांगण के प्रार्थना सभा में बच्चों ने संविधान को लेकर हिंदी एवं अंग्रेजी में भाषण दिए। साथ में मौलिक अधिकारों को उन्होंने तख्त पर लगाकर बच्चों को उसके बारे में बताया। मौके पर विद्यालय के सीसीए ग्रुप की को-ऑर्डिनेटर श्रीमती प्रवीण अरोड़ा द्वारा विभिन्न कक्षाओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं रखी। कक्षा प्रथम से तृतीय के छात्रों के लिए थम्म पेंटिंग, कक्षा चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ के लिए चेहरा रंगना सप्तम अष्टम, एवं नवम के लिए नाखून पर चित्रकारी और टी शर्ट पेंटिंग रखा गया। इस प्रतियोगिता चेहरा रंगना के विजेता है प्रथम मामुनि दस कक्षा पांचवी बी, द्वित्य इशा महतो कक्षा पांचवी बी और तृत्य दीपिका महतो कक्षा छटी ऐ।

## सांसद को आमंत्रण नहीं मिलने पर कार्यक्रम में भाजपाइयों का प्रदर्शन

» प्रशासन को 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम और टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड पूर्व में जुस्को द्वारा मानगो चौक गोलचकर नवीकरण करने के बाद शनिवार को खुदीराम बोस की प्रतिमा और सिख धर्म के पवित्र निशान का पुनः लोकार्पण झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता और टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की सूचना जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो को न दी गई थी और न ही उन्हें आमंत्रण दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी मानगो मंडल द्वारा इस कार्यक्रम का



सांसद को आमंत्रण नहीं मिलने पर तीखे तेवर दिखाते जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह व अन्य।

विरोध करने पर मंत्री बन्ना गुप्ता के समर्थकों द्वारा भाजपा कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश की गई। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम का विरोध करते हुए मानगो चौक में धरना पर बैठ गए। इधर घटना की सूचना सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव एवं जिला के पदाधिकारी को मिलते ही सांसद विद्युद महतो, गुंजन यादव और भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह मानगो चौक पहुंचे। भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद को नही बुलाये जाने पर कड़ा विरोध दर्ज किया और जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यकताओं के संग गुंजन यादव ने आयोजनकर्ता पर पक्षपात करने का आरोप लगाया।

### आनंद मार्ग का ब्लड बैंक में 71वां मासिक रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्तदान और 100 पौधा दान





**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल शिवा ट्रांसपोर्ट कंपनी के रक्तदाता की ओर से एक दिवसीय 71 वा मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया जिसमें लगभग 40 यूनिट रक्त संग्रह हुआ जो कि मानव कल्याण के लिए एवं लगभग 100 पौधों रक्तदाताओं एवं ब्लड बैंक केंपस में उपस्थित लोगों के बीच वितरण हुआ जो प्राकृतिक कल्याण के लिए किया गया। प्रत्येक रक्त दाताओं के बीच इच्छा अनुसार पौधा आनंद मार्ग के रक्त दाताओं के बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो एवं पूर्व विधायक रामचंद्र सहित ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया।

## अरका जैन विवि ने मनाया संविधान दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को अरका जैन विश्वविद्यालय के द्वारा संविधान दिवस का सफल कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसके तहत संविधान के विभिन्न पक्षों के सम्बन्ध में चचाएं हुई और प्रस्तावना की शपथ ली गयी और मूल संवैधानिक दायित्वों का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ बोधिसत्व आचार्य ने दिया तथा कुलपति प्रो एस एस रजी ने कहा कि संविधान हमारा सर्वोच्च विधान है और हम सभी को उसके प्रति आदर का भाव रखना चाहिए। निदेशक अमित श्रीवास्तव ने प्रस्तावना के नाम से भारतीय संविधान का सार, अपेक्षाएं, उद्देश्य, उसके लक्ष्य के बारे में जानकारी दि, कहा कि प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता





से प्राप्त करता है इसी कारण यह 'हम भारत के लोग' इस वाक्य से प्रारम्भ होती है । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अमित शेखर, डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज सराईकेला खरसावां, तथा सम्मानित गेस्ट - श्री कुमार क्रांति प्रसाद , सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कम डीलएसऐ सेक्रेटरी, सराईकेला खरसावां, स्पेशल गेस्ट- अधिवक्ता प्रभात कुमार, प्रेसिडेंट, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, अधिवक्ता दुर्गा चरण जोंको , जॉइंट ट्रेझर सराईकेला खरसावां थे। इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री अमित शेखर जी ने कहा कि हमें नागरिक दायित्वों को पूरे करने और संविधान को समझने की जरूरत है, संविधान के प्रति संवेदनशील हो कर अपने अधिकार साथ कर्तव्य के प्रति जागरूक होना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जसबीर धंजल व कैंपस निदेशक डॉ अंगद तिवारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में श्री कुमार क्रांति प्रसाद ने संविधान निर्माण के विभिन्न पहलुओं और संविधान के विभिन्न विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला।

## को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में विधि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर एवं बाबा साहब एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर के आयोजन की शुरूवात की। उन्होने छात्रों को बाबा संविधान के सूक्ष्म प्रावधानों का विस्तार से चर्चा की। प्रो0 संजीव कुमार बीरउली ने बाबा साहेब के जीवनी एवं योगदान के बारे में बताया वहीं प्रो0 आनंद कुमार ने छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी जिसमें छात्रों ने हर्ष के साथ सहभागिता की। इसी अवसर पर विगत दिनों हुए डिवाईन कोचिंग रांची द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सफल हुये छात्रों को प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह दे कर समानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के तीनों सेमेस्टर के लगभग 100 छात्र शामिल थे।

### संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी विरोध कार्यक्रम के समर्थन में सीटू का एकजुटता कार्यक्रम





**जमशेदपुर।** 26 नवम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले देशव्यापी राज्य स्तरीय प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसके समर्थन में सीटू देशव्यापी जिला स्तरीय एकजुटता प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जिसके तहत कोल्हान स्थित सीटू से संबद्ध यूनियनों ने कार्यस्थल स्तर पर एकजुटता प्रदर्शन कार्यक्रमों के अलावा, केंद्रीय कार्यक्रम के तहत साकची में नुक्कड़ सभा के माध्यम एकजुटता प्रदर्शन किया। कोल्हान सीटू नेता नागराजू, तिमिर, पीयूष गुप्ता और किसान सभा के जेपी सिंह के साथ इस नुक्कड़ सभा को झारखंड सीटू के महासचिव विश्वजीत देब ने भी संबोधित किया। जनता बचाओ-देश बचाओ संकल्पना के अगली कड़ी में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के बैनर तले 2 दिसंबर को देशव्यापी धरना-प्रदर्शन करेगा। किसान मोर्चा ने भी इस कार्यक्रम को समर्थन देने का ऐलान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र गुप्ता, संजय शर्मा, समीर सरकार, राकेश कुमार, विनय कृष्णा व सुनील आनंद का सहयोग रहा।

## डॉ परितोष ने करवायी गोविंदपुर मुख्य सड़क की मरम्मत

➲ सड़क नहीं बनाने पर होगा पथ निर्माण विभाग के कार्यालय का घेराव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर डिस्पेंसरी मोड़ से लेकर राम मंदिर तक सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। यहां सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं ।आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इसी क्रम में पटेल क्लब के समीप लगभग 20-25 बड़े-बड़े गड्ढों को आज जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने अपने पहल पर उसे स्लैग से भरवा कर चलने लायक बनाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ परितोष ने कहा कि सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय है। विगत 6 माह से शासन, प्रशासन एवम स्थानीय कंपनियों को बता कर थक गया हूं। मगर इस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही



मरम्मतीकरण से पूर्व की सड़क।

है। अब जनता हित को देखते हुए आने वाले दिन में पथ निर्माण विभाग के कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

सड़क मरम्मतीकरण कार्य में उप मुखिया विभा सिंह, वार्ड सदस्य ज्ञान प्रकाश पांडे, शंभु शरण, दिनेश सिंह, मिंटू हेंब्रम रवि चौधरी, प्रशांत चौधरी, त्रिलोचन सिंह, शैलेश कुमार, आकाश कुमार, मनोज यादव, रामप्रवेश ठाकुर सुमित कुमार, मास्टर जी, समेत अन्य लोगों का योगदान रहा।

### सांसद ने बागबेड़ा में रिंग रोड का किया भूमि पूजन

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने गत शुक्रवार को स्थानीय गाराबासा बागबेड़ा क्षेत्र में रिंग रोड का भूमि पूजन कर विधिवत कार्य का शुभारंभ किया। इस रिंग रोड कि कुल लम्बाई 4 .3 किलोमीटर है जो गाराबासा बस्ती से आरंभ होकर लालबिल्डिंग, हरहरगुट्टू, घाघीडीह जेल, मुईगुट्टू, त्रिमूर्ति चौक होते हुए माहालक्ष्मी मेडिकल तक नया रिंग रोड सडक बनेगी। यह कार्य ग्रामीण विकास विभाग जमशेदपुर द्वारा किया जाएगा जिसकी कुल लागत 2,39,58,000 है। शिलान्यास कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि गुड्डू गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मनोहर मुंडा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंहा, बागबेड़ा जिला परिषद श्रीमती कविता परमार, मुखिया मायावती टूडू, पंचायत समिति सदस्य श्रीमती सुनीता देवी, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, गणेश विश्वकर्मा, विमलेश उपाध्याय, नीरज सिंह, चतुर्भुज सिंह, विष्णु ठाकुर तथा काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि सहीत ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### एकता-अखंडता का प्रतीक है संविधान



**मेदिनीनगर।** मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी ने संविधान दिवस पर बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जुगल ने कहा कि आज संविधान दिवस है। आज ही के दिन बाबा भीमराव अंबेडकर ने हमारे देश के लिए एक बहुत ही बड़ा संविधान दिया। यह संविधान हम सभी देशवासियों की एकता अखंडता याद दिलाती है। हमारा संविधान बहुत ही महान है। देश का संविधान ऊंच-नीच, अमीर गरीब सबके लिए समान है सबके लिए बराबर है।

### स्कूलों में हुई शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी



**सतबरवा पलामू।** कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी की गयी। जिसमें छात्राओं के अभिभावक शामिल थे। वहीं उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला, राउमवि लोहड़ी, राउमवि धावाडीह, नौरंगा, समेत कई विद्यालयों में भी शिक्षक अभिभावक गोष्ठी की गयी। इस दौरान शिक्षा विभाग से निर्देशित बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें विकास योजना का निर्माण, प्रबंधन समिति की मासिक बैठक, बाल संसद की सक्रियता समेत कई बिंदु शामिल है। बैठक में विद्यालय के शिक्षक सुषमा कुमारी (वार्डन), रंजना कुमारी, सुमन कुमारी, वीणा कुमारी, श्वेता कुमारी, पूजा कुमारी, रश्मि प्रभा, सुधा कुमारी, बिमला कुमारी, कमलेश कुमार, मालती देवी, रामफल उरांव, अमन कुमार गुप्ता, एकाउंटेंट अनूप सिन्हा उपस्थित थे।

### संविधान सर्वोच्च शासी दस्तावेज : बिट्टू



**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी की गयी। अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत में संविधान दिवस को व्यापक रूप से भारत के संविधान को बनाने में डॉ अंबेडकर का योगदान किसी से छिपी नहीं है। वह संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष भी थे। संविधान के प्रारूपण में उनकी जबरदस्त मेहनत ने उन्हें संविधान का पिता भी बना दिया है। संविधान भारत के लोगों के लिए सर्वोच्च शासी दस्तावेज है; इसलिए, यह बहुत महत्व रखता है। विचार गोष्ठी में 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, शमीम अहमद राइन, सत्यानंद दुबे, ईश्वरी प्रसाद सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, राजेश चौरसिया, जितेंद्र कमलापुरी, रूद्र शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, गुप्तेश्वर पांडे भी थे।

### असरेश अध्यक्ष व रिंकी बनी संयोजिका



**मोहम्मदगंज पलामू।** गोडाडीह पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाली में विद्यालय प्रबंधन समिति के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद तत्कालीन बीइओ रामानंद सिन्हा के आदेश पर शनिवार को पुनर्गठन के लिए चुनाव कराया गया। उक्त चुनाव प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक बीआरपी शशिकला कुमारी व सीआरपी रामनाथ पाल के देखरेख में सम्पन्न हुआ। एसएमसी पुनर्गठन के लिए बैठक दशरथ पाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणो के द्वारा सर्वसम्मति से अशरेश यादव को अध्यक्ष, रिंकी देवी को संयोजिका, सरिता देवी को उपाध्यक्ष सुखाडी यादव सहित 11 सदस्यीय समिति चुनी गयी।

### महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली



**सतबरवा पलामू।** संविधान दिवस पर जेएसएलपीएस एवं सीएलएफ सतबरवा के सखी मंडल के महिलाओं ने शनिवार को जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली ग्रामीण विकास मिशन सतबरवा कार्यालय से निकलकर महावीर चौक, मस्जिद रोड, मेलाटांड होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर संपन्न हो गई। मौके पर कुमारी सुनीता ने बताया कि आज ही के दिन संविधान डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने कमेटी को संविधान सौंपा था। 73 साल बीत जाने के बाद भी महिलाओं पर शोषण बंद नहीं हो पाई है। मौके पर पिंकी देवी, रंजू देवी, रेनू रानी, किरण देवी, निर्मला देवी, समेत कई लोग शामिल थे।

### नौजवान सभा ने निकाली पैदल यात्रा



**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा के जिला कमेटी द्वारा तीन दिवसीय पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा राज्य सचिव अविनाश रंजन के नेतृत्व में लेस्लीगंज प्रखंड के ग्राम कुंद्री में स्थित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से निकाला गया। इस दौरान कई स्वास्थ्य केंद्रों में ताला लटका हुआ पाया गया। इस सम्बंध में अविनाश ने बताया कि जब ग्रामीणों ने पूछा गया तो ग्रामीणों ने बताया कि सप्ताह में दो तीन दिन ही सेंटर को खोला जाता है। जिसमें इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। दावा के नाम पर सिर्फ पैरासिटामोल ही दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान पांकी प्रखंड के प्रथमिक स्वस्थ्य केन्द्र, आशेहार केंद्र में पाया गया कि करोड़ो रुपए खर्च कर दो साल से बहुत बड़ा स्वास्थ्य भवन बनकर तैयार है। जहां आज भी भवन में ताला लटका हुआ है।आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस उप स्वास्थ्य सेंटर आशेहार, उप स्वास्थ्य केंद्र कोणवाई में भी ताला लटका हुआ मिला। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि छोटी मोटी बीमारी के ईलाज कराने के लिए भी हमलोगों को पलामू जिला मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज में ही जाना पड़ता है। जिसकी दूरी 35 किलोमीटर पड़ता है। यात्रा में जिला सचिव पवन विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष इजहार अली हैदर उपस्थित थे।

### शादी समारोह में शामिल हुए गणमान्य



**मनातू पलामू।** मेदिनीनगर निवासी सह मनातू प्रखंड के बंसी पंचायत के तत्कालीन मुखिया उदय सिंह के बड़े सुपुत्र अमित सिंह ने हरेंद्र प्रताप सिंह की सुपुत्री लता सिंह के शुभ विवाह और प्रीति भोज कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के जौनपुर पैतृक गांव जमलापुर पट्टी में शामिल हुए। श्री सिंह ने शादी समारोह में सरीक होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। उन्होंने वर-वधू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री सिंह के साथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव, ताराचंद यादव, प्रदीप कुमार भी शामिल थे। मौके पर निलेश सिंह सोनू गाउन एम जी होटल गढ़वा के मालिक मुकेश गाउन आनंद यादव आजमगढ़ उत्तर प्रदेश सहित कई स्थान से लोग शुभ विवाह कार्यक्रम में शामिल थे।

# निगम को चरागाह न समझें ठेकेदार : महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अरुणा शंकर, महापौर डालटनगंज।

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने आज सख्त तेवर में कहा कि कई संवेदक निगम का कार्य घटिया कर रहे हैं जिसकी शिकायत प्रतिदिन मुझे आम लोगों से मिल रही है। जल्द ऐसे कार्य करने वाले संवेदको पर कार्रवाई करते हुए संबंधित जूनियर इंजीनियर जिनकी देखरेख में ऐसा घटिया कार्य हो रहा उनको भी शो कॉज किया जायेगा। महापौर ने यह भी कहा कि मुझे कई मोहल्लों से शिकायत मिली है संवेदक कार्य करने के बाद स्थल पर कचरा छोड़ दे रहे हैं जो गंदगी के साथ रोड को भी बाधित कर रहा है।

जरूरत पड़ी तो उपायुक्त से मिलकर नए जूनियर इंजीनियर देने की बात भी करूंगी। महापौर ने कहा कि जल्द टीम गठित कर मेरे नेतृत्व में जांच किया जायेगा और जिन संवेदको का काम घटिया पाया जाएगा इस बार बोर्ड से उस संवेदक को ब्लैक लिस्ट एवं जूनियर इंजीनियर को निगम से हटाने की कार्रवाई भी की जायेगी।

महापौर ने कहा कि निगम को निर्देशित कर दिया है जब तक मैं स्वतः पूरी टीम के साथ जांच ना कर लूं संवेदको के भुगतान पर रोक लगाई जाती है। महापौर ने कहा कि निगम को ठेकेदार चारागाह ना समझें, निगम में वही संवेदक निगम का कार्य करें जिसके कार्यों की तारीफ मोहल्ले में हो अन्यथा भुगतान तो भूल जायें। ब्लैक लिस्ट होने को भी तैयार रहे।

महापौर ने एक व्हाट्सएप नंबर 9153964344 जारी करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में जहां भी घटिया काम हो रहा है उस मोहल्ले के लोग एक पिटीशन बनाएं उसमें न्यूनतम 20 लोगों का साइन करके शिलान्यास शीला पट के फोटो एवं चल रहे कार्य का फोटो वार्ड नंबर एवं मोबाइल नंबर के साथ मंगलवार से व्हाट्सएप पर भेजें चाहे वह कितना भी रसूख वाला ठेकेदार होगा तुरंत कार्रवाई होगी।

# केंद्रीय राज्यमंत्री को कपूर का पौधा देकर पर्यावरणविद व पार्षद ने किया सम्मानित

- सेंट्रल का जल जीवन मिशन का डीपीआरओ तैयार है जल्द टेंडर कराने की अपील
- दशकों से प्रयासरत रहने के बाद केंद्र सरकार ने स्वीकृति देकर किया सपना साकार : कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंत्री को कपूर का पौधा देते हुए कौशल व अमित।

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के हरिहरगंज और चेगौना बाबा धाम पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी को पर्यावरण धर्म के तहत हिमाचल का कपूर का पौधा देकर सम्मानित किया। कौशल ने अन्नपूर्णा देवी से आग्रह किया है कि सेंट्रल का जल जीवन मिशन योजना के तहत छतरपुर, नौडीहा बाजार, हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड के सभी पंचायतों के घरों में नल लगाकर पेयजल देने का डीपीआरओ तैयार है। पर अभी तक निविदा नहीं हुई है। जल्द काम शुरू कराने का अनुरोध किया है। बताया कि सोन नदी से पाइपलाइन से पानी लाकर घर-घर में नल से जल पहुंचाने का केंद्र सरकार की योजना है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया कि 2001 से सिंचाई के लिए पानी पंचायत और स्वच्छ जल पीने के लिए नल-जल योजना की लगातार केंद्र सरकार से मांग कर रहे थे जिसमें 2007 में पानी पंचायत कार्यालय का उद्घाटन मेदिनीनगर के पर्यावरण भवन में पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा जी ने किया था।

# संविधान निर्माण में पलामू के दो लोगों की अहम भूमिका : उपायुक्त

- संविधान की प्रस्तावना का हुआ सामूहिक वाचन
- पलामू समाहरणालय परिसर में मना संविधान दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ 26 नवंबर का दिन भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। वहीं संविधान 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। संविधान निर्माण के दौरान पलामू जिले से दो लोग बतौर सदस्य यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' और अमिय कुमार घोष 'गोपा बाबू' शामिल थे। ये हमारे लिए गर्व का विषय है। पलामू के इन दो सपूतों के संविधान निर्माण में योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उक्त बातें उपायुक्त-आंजनेयुलू दोड्डे ने कही। वे संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। समाहरणालय परिसर में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में उपायुक्त के साथ सभी पदाधिकारी व कर्मियों ने संविधान का प्रस्तावना पढ़ा। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ- निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के साथ ही राष्ट्रीय की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

**खास बातें :** उपायुक्त ने कहा कि भारतीय संविधान सरल भाषा में है, जो सभी चीजों को प्रदर्शित करता है। उन्होंने भारतीय संविधान में मौजूद मौलिक अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि मौलिक अधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं जो किसी व्यक्ति के जीवनव्यापन हेतु मौलिक एवं अनिवार्य होने के कारण संविधान के द्वारा नागरिकों को प्रदान किए जाते हैं। ये सभी अधिकार व्यक्ति के मानसिक व भौतिक और नैतिक विकास के लिए जरूरी है। मौलिक कर्तव्यों के विषय पर प्रकाश डालते हुए श्री दोड्डे ने कहा कि ये अन्य चीजों के साथ-साथ नागरिकों को संविधान का पालन करने, आदर्श विचारों को बढ़ावा देने और अनुश्रवण करने का आदेश देता है। उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# संविधान दिवस: याद किये गये संविधान सभा के सदस्य रहे यदुवंश सहाय और अमीय घोष

- पलामू में गर्व करने के लिए कई महान विभूतियां : उपायुक्त
- संविधान दिवस के मौके पर उपायुक्त ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन, प्रतिभागियों का बढ़ाया हौसला
- पुरस्कार वितरण एवं गीत-संगीत प्रतियोगिता के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो की तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन
- बिहार से राज्यसभा सांसद ने भी किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कार्यक्रम की खास बातें :** मौके पर उपायुक्त श्री आंजनेयुलु डोड्डे ने कहा कि आज जो बच्चे यहां खिलखिलाकर हंस-बोल रहे हैं यह भारतीय संविधान के कारण ही संभव हो पाया है। हमारे महान नेतृत्वकताओं ने देश का महान संविधान बनाया है और सभी लोगों को बराबरी का अधिकार दिया है। आज एक गरीब भी अधिकारी बन सकता है और समान मौके पास सकता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा और सफलतम लोकतंत्र है तो इसका कारण हमारा संविधान है। पलामू में गर्व करने के लिए कई महान विभूतियां हैं। श्री यदुवंश सहाय और श्री अमीय कुमार घोष जैसे लोग यहां की धरती पर जन्मे हैं।

**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेदिनीनगर शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में चल रही तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन शनिवार को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे, प्रख्यात फिल्म निर्देशक श्रीराम डाल्टन, प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका श्रीमती मेघा डाल्टन, वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा सुमन, गिरिवर प्लस टू स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, संविधान निमार्तृ समिति के सदस्य के वंशज सुधीर सहाय उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया इसके प्रश्चात सभी अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

# खेल युवाओं को संघर्ष करने की कला सिखाता है : राकेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के किशुनपुर हाईस्कूल के मैदान में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मनिका प्रखंड की टीम और लेस्लीगंज प्रखंड के टीम के बीच मैच खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि सिरमा पंचायत के मुखिया राकेश दुबे एवं विशिष्ट अतिथि रजहारा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया। मौके पर सिरमा पंचायत के मुखिया राकेश दुबे ने कहा कि खेल लोगों को जीवन में संघर्ष करना व अनुशासन सिखाता है।

खेल से आपसी सद्भाव तथा भाईचारा बढ़ता है। कहा कि युवा बेहतर प्रदर्शन कर खेल में अपने कैरियर बना सकते हैं। उन्होंने खेल आयोजन के अध्यक्ष उमेश सिंह को फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन करने के लिए बधाई दिया। मौके पर सुंठा पंचायत के मुखिया ईकवाल अंसारी, समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे उर्फ बबलू दुबे, लुलु कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# अपनी जरूरतों की कटौती कर बच्चों को शिक्षा दें : क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी

>> रजवाडीह मध्य विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक हुई। जिसके मुख्य अतिथि सदर मेदिनीनगर के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेन्द्र तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया अनुज त्रिपाठी ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य परशुराम तिवारी ने की और संचालन शिक्षिका निशा ने किया। शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, रमेश महतो व विजय ठाकुर ने बैठक को प्रभावोत्पादक बनाने में श्रेष्ठ योगदान दिया। बैठक में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी व मुखिया ने प्रखंड स्तर पर खेलो झारखंड में चार मेडल पाने वाले एवं भाग लेने सभी 12 छात्र-छात्राओं को इंस्ट्रुमेंट बाक्स देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय स्तर के 90 विजेताओं को कलम देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी ने कहा कि अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़े तो कीजिए मगर बच्चों को शिक्षा जरूर दीजिए।

### आयुक्त कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



**मेदिनीनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। आयुक्त के सचिव अनिल सिंह ने कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रस्तावना का पाठ कराया। मौके पर प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, प्रेम प्रकाश, आयुक्त के पीए जयंत कुमार के अलावा प्रेम प्रकाश, कमल आदि उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता



**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा में सविधान दिवस पर डॉ भीमराव अंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण करने के पश्चात कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें इंटर के तीनों संकाय के 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रंगोली व चित्रण कार्य किया जिसमें राष्ट्रीय ध्वज, अशोक चक्र, डॉ भीमराव अंबेडकर, झारखंड का मानचित्र तथा भारत का मानचित्र, महात्मा गांधी समेत कई महापुरुषों का रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने चित्र प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अभिषेक तिवारी, सुशील टोप्पो, प्रफुल्लित लकड़ा, सत्य प्रकाश शर्मा, इमामुद्दीन, नरेंद्र राम, अरविंद कुमार, दिलीप प्रसाद समेत कई लोग थे।

# झरहा-अमही ने अपने ग्रुप में जीत के साथ की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन भी दर्शकों को दो रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पहला मैच झरहा बनाम झरगाड़ा के बीच खेला गया जिसमें झरहा की टीम 2-0 से विजई हुई। झरहा के तरफ से उमाशंकर सिंह ने गोल किया। वहीं दूसरे मुकाबले में काजीनगर बनाम अमही का जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों ने भरपूर प्रयास किया लेकिन पहले हाफ तक कोई गोल नहीं हो सका दूसरे हाफ में अमही ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए काजीनगर को 1-0 से हरा दिया। मैच शुरू होने से पहले समाज सेवी राम प्रवेश सिंह, दिलीप सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, भोला पासवान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।



### आम आदमी पार्टी ने मनाया संविधान दिवस

**मनातू पलामू।** आम आदमी पार्टी मनातू प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र जी के नेतृत्व में पार्टी का स्थापना दिवस और संविधान दिवस मनाया। मनातू प्रखंड अध्यक्ष ने डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापन किये। श्री बीरेंद्र ने कहा कि भीम राव अम्बेडकर के बताये रास्ते और संविधान पर चल कर देश के लिए सेवा करने की जरूरत है।

# नौडीहा बाजार थाना परिसर में मनाया गया संविधान दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार थाना परिसर मे थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव के नेतृत्व में शनिवार को सविधान दिवस मनाया गया। थाना परिसर में आयोजित सविधान दिवस कार्यक्रम में थाना प्रभारी के अलावा सभी अवर निरीक्षक एवं पुलिस कर्मी के साथ भारतीय संविधान को पढ़ा और रक्षा करने का शपथ लिया। मौके पर भारत संविधान का संविधान, भारत का उच्चतम विधान माना गया है जो सविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई को पारित हुआ था, इसलिए इस दिन 26 नवंबर का भारत के सविधान दिवस के रूप मे घोषित किया गया है। वहीं सविधान 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ।

### अंता कला में किसानों में बंटे मच्छरदानी और बीज



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित और अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के डगरा पंचायत के अंता कला खुर्द के टोला महुअरी में जरुरत मंद लोगों के बीच मच्छरदानी व बीज वितरण किया गया। मौके पर सीआरपीएफ के 2 /आई सी के द्वितीय कमांडिल ऑफिसर कमलजीत सिंह और डगरा पिकेट प्रभारी सहदेव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से असहाय गरीब -गुरबे के लोगों को कंबल एवं मच्छर दानी प्रदान किये। कुछ किसानों के बीच भी खीरा, भिंडी, आलू बीज का वितरण किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों को पठन सामग्री और बिस्कुट का वितरण किया गया। मौके पर सीआरपीएफ के कमांडर विवेक कुमार, ओपी प्रभारी सहदेव कुमार सिंह, मुखिया पार्वती देवी,समाज सेवी सह मुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह, वार्ड सदस्य, समाजसेवी नरेन्द्र कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पलामू: नयी पेंशन स्कीम में काटी गयी राशि लेने के लिए आंदोलन का निर्णय

- झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक
- कर्मचारियों को संगठित रहना जरूरी : ललन कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में पलामू प्रमंडल के सभी विभागों के कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में 18 दिसंबर 2022 को जिला महा संघ का चुनाव एनपीएस मद में कटौती की राशि वापसी कराना पे मैट्रिक्स 08 से ऊपर के वेतनमान में संशोधित किया गया लेकिन सरकार द्वारा कोई निर्णय अब तक नहीं लिया गया जोकि निम्न स्तर के कर्मचारियों का वेतन मान है। साथ ही साथ 08 वें वेतन आयोग के गठन के लिए राज महासंघ के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय समिति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के नये कार्यकाल का चुनाव कराया जाये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासंघ के जिला अध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की दुर्दशा हो रही है इसके लिए उनका संगठन के प्रति उदासीन होना कारण है। कर्मचारी सुविधाभोगी हो गये हैं। इसलिए उनका शोषण बढ़ गया है। संगठन को बचाये रखने की जिम्मेवारी हम सभी कर्मचारियों की है।

**खास बातें :** राज्य महासंघ के उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा कि कर्मचारी महासंघ को बचाये रखने की जिम्मेवारी आप सभी युवा कर्मचारियों की है। उनकी महासंघ के बैनरतले ही आगे की लड़ाई लड़नी है। राज्य महासंघ के प्रयास से ही आपने पुरानी पेंशन योजना का लाभ लिया है लेकिन एनपीएस में काटी गई राशि को लेने की लड़ाई लड़नी है। राज्य महासंघ के संयुक्त सचिव विनोद कुमार ने कहा कि पिछले वर्ष जिला महासंघ के नेतृत्व में लोगों ने मेदिनीनगर दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुरानी पेंशन के लिए ज्ञापन दिया था। इसके पश्चात मार्च में इस वर्ष विधानसभा का घेराव भी किया इस कारण राज्य सरकार पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए प्रेरित हुई। कर्मचारी मजबूती से महासंघ को मजबूत करें। मौके पर प्रमंडलीय सचिव अश्विनी सिंह, जिला सचिव अशोक कुमार सिंह भी थे।

# सदर थाना के पुलिसकर्मियों ने ली संविधान की रक्षा की शपथ

**संविधान दिवस**

- संविधान के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है : गौतम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने संविधान प्रस्तावना का शपथ लिये। मौके पर सदर थाना के एएसआई धीरेंद्र सिंह, एसआई ,पुलिस जवान शामिल थे। थाना प्रभारी ने कहा कि देश का संविधान पूरे दुनिया के संविधान से बड़ा व बेहतर है। डा भीमराव अंबेडकर संविधान का निर्माण कर देश को गौरवांवित किया था। संविधान के पदचिन्हों पर चलकर देश का विकास होगा। संविधान हमें भेदभाव को मिटाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। देश का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित विधान है।

### 26 नवंबर से दो दिसंबर तक डालसा मनायेगा संविधान सप्ताह

**मेदिनीनगर।** झालसा का दिशानिर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक संविधान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को प्रस्तावना का पाठ के साथ ही इसकी शुरूआत की गई है। 27 नवंबर को प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 28 नवंबर को जेल, ऑब्जरवेशन होम एवं गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा । 29 नवंबर को विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में निबंध व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

पतरातू प्रखंड मुख्यालय में दो दिवसीय आयुष मेला शुरू, मेला में करीब 600 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करायी

# आयुष मेला का लाभ उठाएं ग्रामीण : अंबा प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार से दो दिवसीय आयुष मेला शुरू हुआ. मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बीडीओ हलदर कुमार सेठी, सीओ शिव शंकर पांडेय, पंसस ज्योति गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। विधायक अंबा प्रसाद ने अपना स्वास्थ्य जांच कराते हुए ग्रामीणों से आयुष मेले में प्रदत्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की बात कही। इसके बाद विधायक ने मेला में आयुर्वेदिक, होम्योपैथि, योग परामर्श, सीएचसी आदि के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। मेला में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ विशेश्वर पासवान, डॉ राजेश कुमार रजवार व डॉ आसिफ अंसारी और आयुष चिकित्सक डॉ राजीव रंजन मिश्रा, डॉ ऋतुराज, डॉ पल्लवी झा व डॉ मनोज कुमार गुप्ता ने करीब 600 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच निशुल्क होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवा वितरित की गई। मौके पर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितिन तुलस्यान, बीपीएम मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा, पूनम गिरी, लीला कुमारी, चिंता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी निहारिका, सरिता एक्का आदि उपस्थित थे।




दीप प्रज्जवलित कर मेला का उदघाटन करते विधायक व अन्य, स्वास्थ जांच कराती विधायक

## आप पार्टी ने मनाया संविधान दिवस व पार्टी स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के पलामू कार्यालय में पुलवामा में शहीद वीरों को याद करते हुए संविधान दिवस व आम आदमी पार्टी की स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक चंद्रबली चौबे ने कहा कि गौरव की बात है कि देश के संविधान दिवस के निर्माण के दिन पार्टी की स्थापना हुई। आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ जैसी मूलभूत सुविधाओं दिलाने को लेकर तत्पर है। पूरे देश में भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, पाटन छतरपुर विधानसभा प्रभारी अशोक राम शामिल थे।

# संविधान दिवस पर संविधान की बात कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आओ कि कोई ख्वाब बुनें कल के वास्ते की घोषणा के साथ इप्टा पलामू के द्वारा संविधान दिवस के मौके पर संविधान दिवस पर संविधान की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार के व्याख्यान से कार्यक्रम प्रारंभ हुई। इस दौरान श्री शैलेंद्र ने कहा कि भारत का संविधान व्यापक समझौतों का दस्तावेज है। यह समाज को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। देश में कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें संविधान में कोई आस्था नहीं है फिर भी संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। भारत का संविधान भेदभाव का निषेध करता है। चाहे वह जाति का भेदभाव हो या फिर धर्म का या लिंग का। इप्टा के कलाकारों ने संविधान के मूल्यों को प्रतिबिंबित करता हुआ जनगीत सोने वाले जाग समय अंगड़ाता है और मेरे सपनों को जानने का हक रे प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। क्विज कंपटीशन के प्रारंभ में भारत का संविधान से संबंधित प्रश्न पत्र प्रतिभागियों के बीच वितरित किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों में अलग-अलग कॉलेज और स्कूलों के विद्यार्थी शामिल थे। मौके पर राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन हेतु गठित स्वागत समिति के अध्यक्ष मंडल के सदस्य कला गुरु आशा शर्मा, झारखंड इप्टा के महासचिव उपेंद्र मिश्र, फिरोज हुसैन, रविशंकर, अजीत, संजीत, संजू, अमन चक्र, कश्मीरा टोप्पो आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश व रवि शंकर ने संयुक्त रूप से किया।




**ये होंगे पुरस्कृत :** क्विज कंपटीशन के दौरान 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इनमें 4 प्रतिभागियों ने प्रथम , तीन प्रतिभागियों ने द्वितीय तथा तीन प्रतिभागियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि एक प्रतिभागी रितेश कुमार प्रजापति को उत्कृष्ट पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में मुस्कान चौबे, अभिषेक प्रजापति, रणवीर प्रजापति और अमित प्रजापति, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में रूपा कुमारी, उज्जवल कुमार पांडे, सलोनी कुमारी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में विमलेश कुमार प्रजापति, सानिया परवीन, श्रुति सिंह का नाम शामिल है। सभी प्रतिभागियों को मार्च के महीने में इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान पुरस्कृत व सम्मानित किया जायेगा।

## डालसा ने किया संविधान सप्ताह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** झालसा का दिशानिर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक संविधान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को प्रस्तावना का पाठ के साथ ही इसकी शुरूआत की गई है। 27 नवंबर को प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 28 नवंबर को जेल, ऑब्जरवेशन होम एवं गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा । 29 नवंबर को विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में निबंध व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 30 नवंबर को ग्रामीण बच्चों के लिए फंडामेंटल ड्यूटीज को लेकर जा जागरूकता वाहन चलाया जाएगा।

# लोक अदालत में 39 मामले का हुआ निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन पलामू के प्रभारी प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार के अध्यक्षता में किया गया । इसमें सुलह समझौते के आधार पर 39 मामले का निस्तारण किया गया। वही तीन लाख 76 हजार 730 रुपये का मामला सेटल हुआ। लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए नौ पीठों का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा व अधिवक्ता वीणा मिश्रा ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। दूसरे पीठ में मामले का निस्तारण विनोद कुमार सिंह जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय व अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने किया। इस पीठ में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, ए डी जे द्वितीय, व पंचम के लम्बित मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में अपराधिक मामले का निस्तारण मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निरुपम कुमार व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया । इस पीठ में 9 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार, पांच व छह में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पीठ संख्या सात में रेलवे से संबंधित मामले का निस्तारण रेलवे जे एम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे । इस पीठ मे चार मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या आठ में प्रिलिटिगेशन से सम्बंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नारायण पाण्डेय व सदस्य महिमा श्रीवास्तव ने किया। इस पीठ में एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या नौ में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। व पीठ संख्या 10 में एम ए सी टी व बिधुत बिभाग के 25 मामले का निस्तारण किया गया। एक हेल्प डेस्क बनाया गया था जिसमे अधिवक्ता सतीश कुमार व मुनेश्वर राम को लगाया गया था। वन विभाग को 46 हजार 700 राजस्व प्राप्त हुआ। साथ ही उत्पाद विभाग 26 हजार500 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

# अंबेडकर समिति द्वारा मनाया गया संविधान दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित अंबेडकर पार्क में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रजरप्पा महाप्रबंधक पीएन यादव मौजूद थे। मुख्य अतिथि व अन्य लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्तित किया। इसके बाद मौजूद लोगों को संबिधान की रक्षा का शपथ दिलाया गया। मौके पर जीएम ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत के संविधान का जनक कहा जाता है। भारत की आजादी के बाद कांग्रेस सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत के प्रथम कानून मंत्री के रुप में सेवा करने का निमंत्रण दिया। उन्हें 29 अगस्त को संविधान की प्रारुप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वह भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे और उन्हें मजबूत और एकजुट भारत के लिए जाना जाता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेडकर समिति के अध्यक्ष स्टॉफ ऑफिसर सुजीत कुमार गोस्वामी ने किया। मौके पर समिति के सचिव महेंद्र मिस्त्री, जगन रविदास, राजेंद्र नाथ चौधरी, अनिल प्रसाद, रविंद्र वर्मा, खुदीराम महतो, लुकेश्वर चौधरी, चरित्र राम, सुखदेव करमाली, अरुणज्य कुमार रवि, अशोक, जुगल किशोर राम, शिवराम, हरिलाल मांझी, सोहन मांझी, युगल करमाली, बालदेव रविदास, रामू राम, राशिक तांती, राजन कुमार, शिवनाथ टाना भगत, रमेश कुमार, गोविन्द कुमार, बिनोद नायक, कृतन राम, मेहीलाल मांझी, विमल करमाली, विनय मुन्ना सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



समिति के सदस्यों के साथ मौजूद जीएम

# रोटरी सहेली सेंटर का शुभारंभ




कार्यक्रम में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सिटी ने 25 नवंबर को शास्त्री नगर रामगढ़ में रोटरी सहेली सेंटर का शुभारंभ किया। सेंटर का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव ठाकुर एवं पूनम ठाकुर ने फीता काटकर किया। क्लब के अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा कि इस सेंटर में महिलाओं और बच्चियों को न्यूनतम शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा । उसके बाद उन लोगों को निःशुल्क सिलाई और कढ़ाई का कोर्स कराया जाएगा। कहा कि महिला और बच्चियों को शिक्षा देकर स्वावलंबन बनाना ही हमारे क्लब का मुख्य उद्देश्य है। सेंटर की संचालिका लिशा कुमारी, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेश अग्रवाल एवं भरत गोयल हैं। कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर अरविंद गोयल, सचिव अनिल गोयल, चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया, विकास अग्रवाल, आदर्श चौधरी, रवि अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, प्रकाश अग्रवाल, सुमन चौधरी, सीमा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, नीरू अग्रवाल मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर लोगों ने ली शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में शनिवार को संविधान दिवस शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भुरकुंडा पंचायत मुखिया अजय पासवान ने लोगो को भारत एवं संविधान के प्रति सद्भावना एवं सच्ची निष्ठा रखूंगा, जो विधि द्वारा स्थापित है तथा भारत की सर्वभोमिकता तथा सत्यनिष्ठा बनाए रखूंगा तथा अपने कार्यकाल के कार्य निष्ठा पूर्वक एवं इमानदारी से तथा बिना भेदभाव के करूंगा, हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्र गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता बात करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प लेने का शपथ दिलाया। उन्होने बताया कि संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 संविधान को अंगीकृत अधिनियम और अर्पित करते हैं।

26 नवंबर का दिन देश भर में संविधान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस दिन को राष्ट्रीय संवैधानिक दिवस और राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है।



संविधान की शपथ लेते जन प्रतिनिधि

## संविधान से ही देश चलता है : दुर्गा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी में राज्य सरकार और जिला उपायुक्त के दिशा निर्देश पर शनिवार को संविधान दिवस के मनाया गया। इस अवसर पर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने अधिकारियों और जवानो को संविधान का शपथ दिलाया। साथ ही संविधान की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश का संविधान देश की आत्मा है। 26 नवंबर 1949 को हमारा संविधान पारित हुआ और 26 जनवरी 1950 से लागू हो गया। इसी संविधान से देश चलता है। मौके पर हेमंत पुर्ति सहित अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।

## आम आदमी पार्टी ने सौंदा डी में मनाया संविधान दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को सौन्दा डी में संविधान दिवस मनाया। इसकी शुरूआत सौन्दा डी स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद स्थानीय पंचायत भवन में लोगो ने संविधान का शपथ लिया। मौके पर जिला संयोजक नितेश सिन्हा, दशरथ सिंह, रामचंद्र भुईयां, विनोद राय, नवीन शर्मा, दिनेश प्रजापति, भुनेश्वर बेदिया, सुरेश ठाकुर, रैबु मुंडा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का एकमात्र उद्देश्य : अवधेश सिंह

एसएससी कोचिंग का छात्र विकास का बिहार एलडीसी पद पर हुआ चयन, विद्यार्थियों में हर्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कोचिंग का छात्र सह जवाहर नगर निवासी विकाश कुमार का चयन बिहार एलडीसी पद पर हुआ है। विकाश का चयन बिहार एसएससी प्रथम इंटर स्तरीय परीक्षा एलडीसी वाटर रिशोर्टस डेवलपमेंट पद पर हुआ है। इनके चयन पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, अमित, प्रकाश, राम पूजन, नमिता मिश्रा, मुकेश कुमार ने शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। यह कभी व्यर्थ नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों को एक न एक दिन सफलता मिलती ही है। श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता इस संस्था का एकमात्र उद्देश्य है। संस्था के विद्यार्थी राजू कुमार, प्रवीण कुमार, रंजन कुमार, माधुरी कुमारी, अंजली कुमारी, सीमा कुमारी, आरोही कुमारी, राजिया कुमारी, विशाखा कुमारी ने भी विकाश को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।



एक नजर में

## झारखंड सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करे : रामदेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड के राजधानी समेत जिला स्तर पर न्यायालय का काम देख रहे अधिवक्ताओं के उपर आये दिन घटनाएं घटती रहती है। अधिवक्ताओं के साथ मारपीट, दुर्व्यवहार, हत्या व हत्या करने का प्रयास किया जाता रहा है जिस कारण अधिवक्ता निर्भिक होकर न्यायिक कार्य को संपादित नहीं कर पाते हैं। उक्त बातें पलामू जिला अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष रामदेव यादव ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने संघ कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून लागू करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश विधिज्ञ परिषद के पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों व महासचिवों को सरकारी अंगरक्षक मुहैया कराना अतिआवश्यक है। ताकि अधिवक्ता स्वतंत्र रूप से न्यायिक कार्य का निष्पादन कर सकें। इनके अंदर जो डर व भय व्याप्त है वह दूर हो सके।

श्री यादव ने कहा कि झारखंड के कई राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों एवं जिलास्तरीय नेताओं को सरकारी अंगरक्षक सुरक्षा प्रदान कर सरकार उनकी सुरक्षा कर रही है। जबकि न्यायिक कार्य में लगे अधिवक्ता अपराधी, उग्रवादी समेत कई कांडों को देखते हैं। वैसी स्थिति में अधिवक्ताओं के अंदर डर व्याप्त रहता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि विशेष परिस्थिति में झारखंड सरकार अधिवक्ता अधिनियम कानून को कैबिनेट की बैठक में इसे स्वीकृति प्रदान करे। यदि सरकार इस ओर समय रहते कारगर कदम नहीं उठाती है तो पलामू जिला अधिवक्ता संघ आंदोलन शुरू करेगा। उन्होंने इस बावत मुख्यमंत्री एवं झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति को भी पत्र लिखा है।

## संविधान दिवस पर याद किये गये संविधान निर्माता बाबा साहेब



शपथ दिलाते मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में शनिवार को संविधान दिवस मुखिया सत्यवंती देवी कि अध्यक्षता में मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के तसवीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुखिया द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को सामूहिक रूप से संविधान की शपथ दिलाई गई साथ ही सविंधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की विशेष योगदान कि जानकारी दी। उन्होंने संविधान के प्रति प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों एवं दायित्व को पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान गाकर किया गया। कार्यक्रम में इशरत जहां, रंजू सिंह, किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, शकुंतला देवी मौजूद थीं।

## मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा, मांग पत्र सौंपने का निर्णय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोलफिल्ड मजदूर यूनियन की बैठक शनिवार को पटेल नगर स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी शुरूआत संविधान दिवस के अवसर पर यूनियन के सदस्यों ने संविधान को पढ़कर किया। साथ ही संविधान के दिशा निर्देश का अनुसार कर जनकल्याण करने की बात कही गई। बैठक में सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि प्रक्षेत्र के सभी परियोजना में मजदूरों की समस्याओं से संबंधित प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा जायेगा। इसके बाद समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन के लिए तैयार रहने की बात कही गई।

## सीपीएम व सीटू ने भुरकुंडा में मनाया संविधान दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीपीएम और सीटू ने भुरकुडा स्थित यूनियन कार्यालय में शनिवार को संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू नेता रामनरेश सिंह ने किया। जिसके बाद सीपीएम रामगढ जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने झंडोत्तोलन कर संविधान की रक्षा का शपथ दिलाया। झंडोत्तोलन के बाद राष्ट्रीय गान गाकर संविधान की रक्षा करने की शपथ लिया गया। मौके पर किरण कुमार, आदर्श कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## देश का संविधान उसकी आत्मा होती है : महेंद्र पांडे




संविधान दिवस पर उपस्थित छात्र छात्राएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस इकाई एक और दो के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम प्रभारी प्रो अर्जून कुमार मिश्रा और डॉ विशेश्वर रविदास ने कहा कि हमारा संविधान सर्वोच्च है। 26 नवंबर 1949 को हमारा संविधान पारित हुआ और 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हो गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ महेन्द्र पांडेय ने कहा कि देश का संविधान उसकी आत्मा मानी जाती है। जिससे उसका स्वरूप परिलक्षित होता है। मौके पर डॉ एकेएस झा, डॉ एसपी पांडेय, प्रो राजेश कुमार, प्रो टीके झा, प्रो बालकृष्ण, डॉ एसपी पांडेय, डॉ बालमुकुंद सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार, प्रो एस पांडेय, सुरेश सिंह, भूषण शर्मा, मनोज प्रसाद, कुष्ण, सोमनाथ, सुशील, लालमुनी, शिवानी, अमित, दीप, सोनम, अनुज, सोनाली, पल्लवी, रेणु, गौरी सिन्हा, शिल्पी सिन्हा, कृति मिश्रा, सुजल, ताराशंकर, सिमरन, जानवी, स्वेता, रोहित, मोहित, अर्चना, किरण, सोनाली, संजना, संध्या, शैली, विशाल, सहित दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद थे।

समय संवाद

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पटना एवं रांची स्थित पूर्वी अनुसंधान परिसर के शोधकर्ताओं ने झारखंड के स्थानीय आदिवासियों द्वारा उपयोग की जाने वाली पत्तेदार सब्जियों की 20 ऐसी प्रजातियों की पहचान की है, जो पौष्टिक गुणों से युक्त होने के साथ-साथ भोजन में विविधता को बढ़ावा दे सकती हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सब्जियों की ये स्थानीय प्रजातियां मददगार हो सकती हैं।

# पोषक तत्वों से भरपूर हैं झारखंड के साग-सब्जी

**जीवीएस शास्त्री**



**विटामिन,** खनिज और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर जनजातीय इलाकों में पायी जाने वाली ये पत्तेदार सब्जियां स्थानीय आदिवासियों के भोजन का अहम हिस्सा होती हैं। इनमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम, मैग्निशयम, आयरन, पोटैशियम जैसे खनिज तथा विटामिन पाए गए हैं।

गोभी, पालक, मटर, शिमला मिर्च, गाजर और आलू जैसी सब्जियां रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी कुछ ऐसी सब्जियां हैं, जिनका प्रचलन देशभर में है। वहीं, देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी सैकड़ों विशिष्ट सब्जी प्रजातियां पायी जाती हैं, जो पोषण से भरपूर होने के बावजूद वह लोकप्रियता हासिल नहीं कर सकी हैं, जो आलू, गोभी, मटर, पालक, भिंडी, लौकी, कद्दू और इसके जैसी अन्य सब्जियों को मिली है। हालांकि, ऐसी सब्जी प्रजातियां गरीब और पिछड़ेपन का शिकार माने जाने वाले झारखंड के जनजातीय लोगों के भोजन का एक अहम हिस्सा हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पटना एवं रांची स्थित पूर्वी अनुसंधान परिसर के शोधकर्ताओं ने झारखंड के स्थानीय आदिवासियों द्वारा उपयोग की जाने वाली पत्तेदार सब्जियों की 20 ऐसी प्रजातियों की पहचान की है, जो पौष्टिक गुणों से युक्त होने के साथ-साथ भोजन में विविधता को बढ़ावा दे सकती हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सब्जियों की ये स्थानीय प्रजातियां मददगार हो सकती हैं।

हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकतर सब्जियों के बारे में देश के अन्य हिस्सों के लोगों को जानकारी तक नहीं है। इस अध्ययन के दौरान रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूमि, रामगढ़ और हजारीबाग समेत झारखंड के सात जिलों के हाट (बाजारों) में सर्वेक्षण कर वहां उपलब्ध विभिन्न मौसमी सब्जियों की प्रजातियों के नमूने एकत्रित किए हैं। इन सब्जियों में मौजूद पोषक तत्वों, जैसे- विटामिन-सी, कैल्शियम, फॉस्फोरस, मैग्निशयम, पोटैशियम, सोडियम और सल्फर, आयरन, जिंक, कॉपर एवं मैगनीज, कैरोटेनॉयड्स और एंटीऑक्सीडेंट गुणों का पता लगाने के लिए नमूनों का जैव-रासायनिक विश्लेषण किया गया है।

विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर जनजातीय इलाकों में पायी जाने वाली ये पत्तेदार सब्जियां स्थानीय आदिवासियों के भोजन का अहम हिस्सा होती हैं। इनमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम, मैग्निशयम, आयरन, पोटैशियम जैसे खनिज तथा विटामिन पाए गए हैं। इन सब्जियों में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जबकि कार्बोहाईड्रेट एवं वसा का स्तर बेहद कम पाया गया है। सब्जियों की इन प्रजातियों में लाल गंधारी, हरी गंधारी, कलमी, बथुआ, पोई, बेंग, मुचरी, कोईनार, मुंगा, सनई, सुनसुनिया, फुटकल, गिरहुल, चकोर, कटई/सरला, कांडा और मत्था इत्यादि शामिल हैं।

ये सब्जी प्रजातियां झारखंड के आदिवासियों के भोजन का प्रमुख हिस्सा हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जनजातीय लोग लाल गंधारी, हरी गंधारी और कलमी का भोजन में सबसे अधिक उपयोग करते हैं। वहीं, गिरहुल अपेक्षाकृत रूप से कम लोकप्रिय है। बरसात एवं गर्मी के मौसम में विशेष रूप से जनजातीय समुदाय के लोग खाने योग्य विभिन्न प्रकार के पौधे अपने आसपास के कृषि, गैर-कृषि एवं वन्य क्षेत्रों से एकत्रित करके सब्जी के रूप में उपयोग करते हैं। इन सब्जियों को विभिन्न वनस्पतियों, जैसे- झाड़ियों, वृक्षों, लताओं, शाक या फिर औषधीय पौधों से प्राप्त किया जाता है।

सब्जियों को साग के रूप में पकाकर, कच्चा या फिर सुखाकर खाया जाता है। सुखाकर सब्जियों का भंडारण भी किया जाता है, ताकि पूरे साल उनका भोजन के रूप में उपभोग किया जा सके। अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न मौसमों में भिन्न प्रकार की सब्जियां उपयोग की जाती हैं। इनकी पत्तियों, टहनियों और फूलों को मसालों अथवा मसालों के बिना पकाकर एवं कच्चा खाया जाता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि इन सब्जियों की उपयोगिता के बावजूद इन्हें गरीबों एवं पिछड़े लोगों का भोजन माना जाता है, और व्यापक रूप से कृषि चक्र में ये सब्जियां शामिल नहीं हैं। जबकि, सब्जियों की ये प्रजातियां खाद्य सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और आमदनी का जरिया बन सकती हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि बेहद कम संसाधनों में इनकी खेती की जा सकती है।

## तबस्सुम जो हमेशा खिली रही

**फिल्म** जगत की दिग्गज कलाकार तबस्सुम का बीते शुक्रवार 78 बरस की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यथा नाम, तथा गुण के मुहावरे को तबस्सुम पूरी तरह चरितार्थ करती थीं। तबस्सुम का अर्थ होता है मधुर, मंद मुस्कान और ऐसी ही मुस्कुराहट तबस्सुम के चेहरे पर हमेशा खिली रहती थी। तबस्सुम ने 75 बरस तक लगातार काम किया और इस लंबी अवधि में कई तरह के किरदार निभाए, बदलते समय के साथ खुद को बदला। शायद यही वजह है कि लंबे अरसे तक परदे पर नजर न आने के बावजूद उनका मुस्कुराता चेहरा हमेशा दर्शकों के जेहन में बसा रहा।

सियासत के कारण फिल्म इंडस्ट्री भी मतभेदों के साथ-साथ मनभेदों का शिकार दिखने लगी है। अब अलग-अलग दलों की विचारधाराओं के कारण कलाकारों के बीच अलगाव दिखने लगा है। लेकिन तबस्सुम जैसे कलाकारों ने फिल्म इंडस्ट्री में हमेशा भारत की गंगा-जमुनी तहजीब को जिंदा रखा। तबस्सुम के पिता अयोध्यानाथ सचदेव और मां असगरी बेगम थीं।

दोनों ही स्वाधीनता सेनानी थे और असगरी बेगम लेखिका व पत्रकार भी थीं। उनके पिता ने असगरी बेगम की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उनका नाम तबस्सुम रखा था, जबकि मां ने अपने पति की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी बेटी को किरण बाला नाम दिया। इस वक्त जब देश में लव जिहाद जैसे अनावश्यक मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं और उनका राजनैतिक लाभ लेने की कोशिशें हो रही हैं, तब तबस्सुम जैसे उदाहरण हमें याद करने चाहिए कि हमारे पुरखों ने किस तरह के भारत निर्माण के ख्वाब देखे थे।

अपने मां-पिता की खूबियां तबस्सुम के काम में जाहिराना तौर पर नजर आईं। उनका टीवी टॉक शो फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन, जिस किसी ने भी देखा, वो तबस्सुम की बातचीत करने की शैली और सवाल पूछने के तरीके से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। भारत में टॉक शो की शुरूआत का श्रेय तबस्सुम को दिया जा सकता है। क्योंकि उससे पहले फिल्मी पत्रिकाओं के लिए कलाकारों और फिल्म दुनिया से जुड़े लोगों के साक्षात्कार तो प्रकाशित होते थे, लेकिन इस तरह रू-ब-रू बातचीत तबस्सुम ने ही शुरू की। और यह महज बातचीत नहीं होती थी, इसमें संबंधित कलाकार के निजी जीवन से लेकर उसकी नयी फिल्म से जुड़े सवाल होते थे, बीच-बीच में तबस्सुम चुटकुले भी सुनाती और मौके के अनुरूप शायरी भी कहती।

## याद आ रहा है तेरा प्यार...



**सौमेन मुखर्जी**

भारतीय सिने एवं संगीत जगत में बतौर संगीतकार एवं गायक कई कलाकारों ने अपनी हुनर से लोगों के दिल में विशिष्ट पहचान बनाये जिनमे के एल सहगल, मदन मोहन, सचिन देव बर्मन, राहुल देव बर्मन, किशोर कुमार, मन्ना डे साहब समेत अन्य जिनके अलावे बाप्पी लाहिरी जिन्होंने संगीत की अलग धारा भारतीय संगीत में प्रयोग कर अपनी विशिष्ट पहचान बनायीं। बाप्पी लाहिरी पाश्चात्य संगीत के अंतगर्त डिस्को की धून श्रोताओ में धूम मचाई, इससे पहले पारम्परिक भारतीय संगीत का बोलबाला रहा। जो कई वर्षो तक कायम रहा, बाप्पी दा की संगीत लोगों की धड़कने ही नहीं बल्कि पैरो में थिरकन पैदा कर दी। बतौर संगीतकार बापी दा अपने अलहदा अंदाज में यानी उन्हें आभूषणों का जबर्दस्त शौक था, जो उनके व्यक्तित्व को चार चाँद लगाते थे। बाप्पी लाहिरी अपने समय के संगीतकार अपरेश लाहिड़ी और श्रीमती बांसरी लाहिड़ी के सुपुत्र हैं। जिन्होंने अपनी जादुई आवाज और संगीत से सजाए गीतों को देश दुनिया के करोडो संगीतप्रेमियों के दिलो पर राज किए, बाप्पी दा का वास्तविक नाम अलकेश है, जो बहुत कम लोगो को मालूम है, बाप्पी दा द्वारा तैयार धुन सर चढ़कर बोला और आज भी उसका जादू कायम है। शुरूआत में भारतीय संगीत से सजे सुमधुर गीत लोगो को भाया पर बाद में उन्हें डिस्को किंग से लोकप्रियता मिली, मालूम हो कि अलकेश (बाप्पी लाहिरी) का जन्म 27 नवम्बर 1952 में पश्चिम बंगाल की जलपाईगुड़ी जिले में हुआ। बचपन से ही परिवार में संगीत का माहौल मिला। अलकेश तबला, गिटार, ढोलक, पियानो, ड्रम्स आदि वाद्यंत्र सहजता से बजा लेते थे। बाप्पी दा प्रमुखतः हिंदी, बंगाली फिल्मो में बतौर संगीतकार एवं गायक की भूमिका निभा कई फिल्मो को सफलता दिलायी जिनमे चलते चलते, कॉलेज गर्ल, वारदात, सुरक्षा, डिस्को डांसर, डांस डांस, कमांडो, तोहफा, शराबी, नमक हलाल, गिरफ्तार, गुरु, आज का अर्जुन, थानेदार, साहेब, मुददत, कसम पैदा करने वाले की, हिमतवाला, टारजन, दलाल, आँखे, गुरुदक्षिणा, अमर संगी समेत अन्य फिल्म जिनकी लोकप्रियता आज भी कायम है, जिनमे चंदा मामा, हबीबा काफी लोकप्रिय साबित हुए, बाप्पी दा द्वारा संगीत से सजे गीत खासकर 80 और 90 के दशक में धूम मचाई, इस समय अन्य संगीतकारों की अपेक्षा डिस्को किंग से बाप्पी लाहिरी का जलवा सर चढ़कर बोला एवं अपनी विशिष्ट पहचान बनायीं, बाप्पी दा कई रियलिटी शोज जो सारेगामापा में बतौर निर्णायक की भूमिका निभाए, वह संगीत जगत के साथ ही राजनीति के मैदान में लोगो को सेवा देने की भरसक प्रयास किए,

आज भी चलते चलते मेरे ये गीत, आई एम ए डिस्को डांसर, याद आ रहा है तेरा प्यार, पंग घुंगरू बांधे मीरा नाचती, टार्जन माई टार्जन, जैसे सैकड़ो गीत सुपरहिट हुए, हमारे प्यारे बाप्पी दा 16 फरवरी 2022 को बीमारी से जूझते हुए मुंबई हॉस्पिटल में देहांत हुओ बाप्पी दा हमारे बीच आज नहीं रहे। पर उनका संगीत एवं गायकी के कारण सदैव हमारे दिलों में राज कर रहें हैं।

(स्वतंत्रत लेखक एवं पत्रकार)

## राम का निर्णय

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**कृष्ण** के जीवन का हर निर्णय कसौटी पर कस कर लिया गया। ठीक उसी तरह जिस तरह राम ने अपने सभी निर्णय सही और स्थितियों के अनुकूल लिये। राम आज भी देश में सबसे पूज्यनीय है। क्योंकि वे त्याग के प्रतिमूर्ति थे।

संसार में त्याग की ही पूजा की जाती है। हमारे ब्रम्ह विद्यालय आश्रम में महात्माओं ने जो त्याग किया है उसका कोई उदाहरण नहीं मिलता है। महात्मा व्यासानंद जी के जीवन की घटना है कि जब महात्मा दर्शनानंद अस्वस्थ थे तब वे लगातार उनकी सेवा में लगे रहे। एक यात्रा के क्रम में वे जब पटना स्टेशन पर थे और अपना कपड़ा लेने अपने डेरा पर गये तो वहां उनके पिता जी अस्वस्थ थे। मां-पिताजी की इच्छा थी कि वे अब पटना में रहकर पिताजी का ईलाज कराये और पटना में ही रूके क्योंकि वे दो-तीन महिना से बाहर थे। लेकिन वे तो कपड़ा लेने गये थे। जैसे ही उन्होंने कपड़ा संभालना आंरभ किया वैसे मां ने पूछा कि पिताजी अस्वस्थ हैं ऐसे में फिर चले जाओगे। महात्मा व्यासानंद अपने माता-पिता के इकलौते संतान थे ऐसे में उनकी मां ने उन्हें रोका। जब वे नहीं माने तो उनकी मां ने सर दिवार पर मार लिया जिससे सर फट गया। दूसरी ओर महात्मा दर्शनानंद जी पटना स्टेशन पर उनका इंतजार कर रहे थे और ट्रेन का समय हो गया था। जीवन में ऐसा अवसर आता है जब चुनना होता है और महात्मा व्यायानंद जी के पास सीधा और स्पष्ट निर्णय था कि उन्हें कहां जाना है क्या निर्णय लेना है। वे स्टेशन पहुंचे और महात्मा दर्शनानंद के साथ आगे की यात्रा पर चल दिये।

इस घटना का पता मुझे बाद में चला। यह एक बड़ा निर्णय था। सामान्य आदमी ऐसे निर्णय नहीं ले सकता है। भीष्म जैस महायोद्धा भी निर्णय लेने में चूक गये। हमारे ब्रम्हा विद्यालय में चाहे महात्मा दर्शनानंद हो या महात्मा व्यासानंद सहित सभी महात्मा सबके निर्णय एकदम सही दिशा में है।

अगर राम अयोध्यावासी का आग्रह मानकर तपसा नदी से वापस आ जाते तो क्या होता? अगर राम भरत सहित मुनि वशिष्ठ, जनक चारों माताओं के आग्रह पर वन से वापस आ जाते तो क्या संसार उन्हें आज भी मर्यादा पुरुषोतम की संज्ञा देता? राम जब तक पृथ्वी रहेगी मर्यादा के अवतार माने जायेंगे। उन्होंने जीवन में किसी भी निर्णय में कोई भूल नहीं किया। ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि उन्होंने अपनी नीतियों को गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र के दिखाये मार्ग पर ही तय किया। हमारे जीवन में भी ऐस ही होता है। (ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर)

## एक सवाल है मेरा सभी से



**भावना सिंह राजपूत**

**रहम करना था मुझ पर ..........गलती इस सब में मेरी क्या थी ,क्यूं बलात्कार किया मुझपर ?**
**फूलो जैसे सपने थे मेरे .........**
**क्यों कुचला उन्हें तुमने ?**

हमारे समाज मे कई सारी समस्याएं देखने को मिलती है जिनमें से बहुत सारी समस्याएं ऐसी होती है जो हम सबके लिए बहुत हानिकारक होती है। कई सारी समस्याएं महिलाओं को प्रभावित करती है तो कई सारी समस्याएं पुरुषो को । कुछ ऐसी समस्याए भी होती है जो छोटे - छोटे बच्चों के मन पर भी प्रभाव डालती है । परन्तु आज हम बात करने वाले है स्त्री की सबसे बड़ी समस्या ' बलात्कार ' के बारे मे । कही नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म तो कही वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म । ये बाते झारखण्ड राज्य के सिर्फ एक जिले की नहीं अपितु हर जिले से ऐसी खबरे आती ही रह रही । बलात्कार के मामले में हमारा राज्य आठवें नम्बर पर आता है जो बहुत ही दयनीय स्थिति को दर्शा रहा । 2021 के अनुसार 1425 बलात्कार के मामले दर्ज हुए है , मतलब हर 6 घण्टे में एक दुष्कर्म । ये तो तो रिपोर्ट है जो हमे प्राप्त है और न जाने कितने ही घटनाएं होंगी जिसकी हमे जानकारी तक नहीं होती , वजह चाहे जो भी हो । जिस कारण महिलाएं खुद को असुरक्षित और निरस्थत पती है । बलात्कार स्त्रियों के मस्तिष्क और उनके शारिरिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डालता है । बलात्कार एक ऐसा कुकर्म है जो महिलाओ को बहुत ज्यादा मानसिक और शारीरिक रूप से नुकसान पहुँचाता है । आज के समय में बलात्कार एक भयानक रूप ले चुका है जो ना तो किसी बुजुर्ग को देखता है और न ही किसी छोटे बच्चों को । झारखण्ड में ये समस्या लगातार बढ़ती ही जा रही , आये दिन सुनने को मिलता ही रहता है , हाल में ही एक घटना गुमला से आई कि खेत में काम कर रही 55 साल की महिला का बलात्कार कर दिया गया , पालकोट में रहने वाली 9 साल की बच्ची का उसके पड़ोस मे रहने वाले 40 साल के पुरुष ने बलात्कार कर दिया । ये सारी घटनाये हमारे अंतरमन को झकझोर कर रख देती है आज के इस पढ़े - लिखे दौर में जहाँ बलात्कार कम होना चाहिए वही ये दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । आए दिन हम बलात्कार की तरह - तरह की घटनाएं सुनते ही रहते है । जब भी कभी हमे बलात्कार की समस्या सुनने को मिलती है तो हमारे आखो के सामने एक दृश्य उत्पन हो जाता है । इससे केवल महिलाओं को ही नुकसान नही होता बल्कि उसके पूरे परिवार को इस चीज का सामना करना पड़ता है । यदि यह चीज किसी बच्ची के साथ हो जाये तो उसका पूरा भविष्य अंधेरे मे चला जाता है और यही किसी युवा महिला के साथ हो जाए तो उसकी शादी और पढ़ाई की चीजो मे कई सारी असुविधाए आ जाती है , वही यदि किसी बड़ी उम्र की महिला के साथ हो जाए तो वह समाज मे सर उठा कर चलने मे भी घबराती है । इन सब चीजों को झेलने के लिए भी समाज का नजरिया होना बहुत ज्यादा जरूरी है , लोग उनसे घृणा करने लगते है । सारी गलती उनके ऊपर डाल देते है परंतु वह उसकी पीड़ा और उसकी समस्या को नही समझते । कुछ यही कारण है कि हमारे देश मे ब्लात्कात होने के बाद महिलाएं , बच्ची आत्महत्या का फैसला कर लेती है ।

मेरा एक सवाल सभी से है क्या हम ( समाज ) उनके साथ गलत नहीं करते जिनके साथ बलात्कार जैसे घिनोनी घटना हो चुकी है । किसी ने तो उसका एक बार मन ओर तन गंदा किया होता है पर हम बार - बार उसे उस बात का एहसास करवाकर उसे तोड़ते है , घृणा की नजरों से देखकर , उल्टे - सीधे सवाल कर के , क्या ये सब सही है ?

कुछ बातों को हमे समझना होगा , बलात्कार जिनके साथ हुआ उसमे उनकी कोई गलती नहीं , ये तो कुछ लोगो की गंदी मानसिकता का परिणाम होता है । जिन्होंने ऐसा किया उनके लिए घृणा होनी चाहिए न कि जो इस चीज से गुजरी है । कई लोगो की धारणाएं ये होती है कि लड़कियां अगर छोटे कपड़े पहनती है , देर रात बाहर होती है , वही अपने हावभाव से लोगो को अपनी ओर खिंचती है । मेरा फिर एक सवाल है सभी से , 5 साल की बच्ची के साथ जब ऐसा होता है तो बताइए वो किस तरह किसी को अपने और खिंचेगी ? 50 - 55 साल की महिला के साथ जब ऐसा होता है तो बताइए उन्होंने कोन से ऐसे कपड़े पहने होंगे ? दिन में अगर ये घटनाएं हो रही हो तो क्या कहेंगे आप ? हम सभी को ये समझना होगा कि ये जो लोग होते उनकी मानसिकता इतनी गंदी होती कि ना कपड़े देखते न उम्र और इस ही वक़्त । क्या अब को घर की चार दिवारी में बंद हो जाना चाहिए ? सवाल बड़ा ये है कि इसे रोका कैसे जाए ? हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है , सभी को साथ चलने की जरुदत है , तभी हम सब एक दूसरे के तकलीफ को भलीभांति समझ पाएंगे । कई बार देखा गया है कि लोग ब्लात्कात की शिकायतों कक अनदेखा कर देते है ।

सरकार के भरोसे कुछ नहीं होगा , वो बस कानून बना सकती है और कुछ नहीं , पर हम अपने लिर और अपनों के लिए खड़े हो सकते है । हर एक बच्ची को शुरू से ही अपने बचाव और सुरक्षा करने के लिए जागरूक कर , उन्हें शरीर से ही नहीं बल्कि मनन से भी मजबूत रहने के सलाह देना चाहिए , अकेली स्त्री जब डरकर रहती है तो उसे ऐसे समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।

## पंडित जी की दक्षिणा

**त्रिपुरारी पाण्डेय, अनीता**

दुकान का उद्घाटन होगा ,
तो पूरे बाजार को निमंत्रण मिल जायेगा , नए दुकान को नयी दुल्हन की तरह सजाया जायेगा ,
एक दो नहीं ?
पूरे पचरंगा मिठाई सबको खिलाया जायेगा ,
पूरे धूमधाम से ,
दुकान का उद्घाटन समाप्त हो जायेगा , बस रह जायेगा बाकि तो पंडित जी का दक्षिणा ?
यजमान के घर शादी होगा तो ,पंडित जी को बुलाया जायेगा ,
पूरे मन से ,मंत्रोचार से ,
रातभर जागकर ,घर -परिवार छोड़कर ,पंडित जी शादी करवाएंगे ! फिर टेंट वालों को ,लाइट वालों को ,बोतलबंद पानी वालों को ,जेनरेटर वालों को
डीजे वालों को ,पोंछा लगाने वालों को ,सबको पैसा मिल जायेगा !बस रह जायेगा बाकि तो पंडित जी का दक्षिणा ? नया फोरवीलर गाड़ी खरीदायेगा
फिर बाबा जी को बुलाया जायेगा ,गाड़ी देखने के लिए ,
प्रसाद खाने के लिए ,
सबको बुलाया जायेगा !
डिब्बा का डिब्बा ,तरह -तरह का मिठाई ,
प्रसाद के रूप में सबको खिलाया जायेगा !
सबकुछ ठीक -ठाक संपन्न हो जायेगा ,बस रह जायेगा बाकि तो पंडित जी का दक्षिणा ?
नया भूमि खरीदायेगा ,
फिर पंडित जी को बुलाया जायेगा ,
इंजीनियर साहेब भी आएंगे ,
भवन की रुपरेखा बनाकर ,
अच्छी रकम लेकर चले जायेंगे !नई भूमि दिखाने के लिए ,
सबको बुलाया जायेगा ,
पंडित जी पुरे जोर -जोर से ,
पुरे विधि -विधान से ,
पूजन सम्पन्न करवाएंगे ,
फिर सबकुछ अच्छा ही रह जायेगा ,बस रह जायेगा बाकि
तो पंडित जी का दक्षिणा ?




## कतर ने दिखाया कि वह विश्वकप आयोजित कर सकता है



**अभय कुमार सिंह**

आखिरकार बहुप्रतीक्षित फीफा वर्ल्ड कप 2022 रंगारंग कार्यक्रमों और कतर तथा इक्वाडोर के बीच खेले मैच के साथ शुरू हो गया। खेल का जुनून करोड़ों लोगों के बीच इस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है कि क्रिकेट का करिश्मा फीका नजर आ रहा है। इस आयोजन की मेजबानी एशिया को मिलना इस बात का प्रतीक है कि आने वाले दिनों में अमेरिका व यूरोप जैसा फुटबाल का जुनून इस महाद्वीप में भी नजर आये। इस आयोजन को लेकर कतर लगातार पश्चिमी देशों के निशाने पर रहा है। इस छोटे से देश की आयोजन क्षमता को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते रहे हैं। सवाल उसके मानवाधिकारों के रिकॉर्ड को लेकर भी उठते रहे हैं। लेकिन कतर के जज्बे ने दिखाया है कि एशियाई देश भी ऐसे भव्य आयोजन करने में सक्षम हैं। पूरा एशिया भी अब फुटबाल के खुमार में डूबता नजर आ रहा है। इस आयोजन में तमाम टीमों में खेलने वाले चोटी के खिलाड़ियों के साथ केंद्र में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ही रहेंगे। जहां पिछले विश्व कप विजेता फ्रांस अपना खिताब बचाने की कोशिश में रहेगा, वहीं फुटबाल की दिग्गज टीमें ब्राजील, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड, स्पेन, बेल्जियम, नीदरलैंड,पुर्तगाल फीफा विश्वकप पर दावेदारी के साथ उतरेंगे। इस



आयोजन की खास बात यह भी है कि 1978 के विश्वकप के बाद यह 29 दिन वाला सबसे कम अवधि का आयोजन होगा।

बहरहाल, फीफा वर्ल्ड कप का यह आयोजन अपनी तमाम विशिष्टताओं के लिये याद किया जायेगा। कतर ने इस आयोजन के लिये बड़ी संख्या में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया है। कई बड़े स्टेडियम व होटल बनाये गये हैं। यहां तक कि मेट्रो व नई सड़कों का निर्माण इस बड़े आयोजन के लिये किया गया। आयोजन के लिये सात स्टेडियम तो स्थायी बनाये गये हैं, जबकि एक को आयोजन के बाद ध्वस्त कर दिया जायेगा। इसे शिपिंग कंटेनरों के जरिये बनाया गया है। दरअसल, कतर एक छोटा देश है जो आकार के मामले में दुनिया के शीर्ष सौ देशों में भी नहीं गिना जाता।

दावा है कि करीब पंद्रह लाख लोग इस आयोजन में शामिल होने के लिये आएंगे जिनमें से कुछ लोगों को पड़ोसी देशों में रहना पड़ सकता है। वैसे कतर ने इस आयोजन के लिये पैसा पानी की तरह बहाया है। पश्चिम देश कई मुद्दों पर इस आयोजन के बाबत कतर को घेरते रहे हैं। इस आयोजन के दौरान करीब छत्तीस लाख टन कार्बन उत्सर्जन की बात कही जा रही है। शराब पर सख्त प्रतिबंध भी पश्चिमी फुटबॉल प्रेमियों की चिंता का विषय रहा है।

वहीं मानवाधिकार संगठन इस आयोजन के लिए निर्माण के दौरान भारत, पाक, नेपाल व बांग्लादेश के करीब साढ़े छह हजार प्रवासी श्रमिकों की मौत को लेकर भी सवाल उठाते रहे हैं। वहीं कतर ने इन आंकड़ों को गुमराह करने वाला बताया है। बहरहाल एशिया में फुटबॉल के जुनून के आगे क्रिकेट के दिन कुछ दिन फीके रहने वाले हैं। कोलकाता समेत शेष भारत भी इस जुनून में शामिल है।

(लेखक ब्यूरो चीफ खबर मन्त्र हजारीबाग हैं। )

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कृष्णापुरी तालाब को पुनर्जीवित करने में बाधक बन रहे अतिक्रमणकारी

## तालाब में ही मार दी है बाउंड्री, कार्य में डाल रहे बाधा, अतिक्रमित जमीन पर मकान के बाद बना दी दुकान








तालाब में की गयी बाउंड्री, अतिक्रमित भूमि पर दुकान का निर्माण, लगाया गया सूचना पट्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार तालाबों को पुनर्जीवित करने के लिए 'अमृत सरोवर योजना' चला रही है। तालाबों को पुनर्जीवित करने के लिए और सौंदर्यीकरण करने के लिए लाखों रूपए खर्च भी कर रही हैं। लेकिन हकीकत में हजारीबाग जिले में प्रशासनिक उदासीनता के कारण और अधिकारियों के ढूल-मूल नीति के कारण शहर के तालाब दुर्दशाओं के शिकार हैं। इसकी एक बानगी मटवारी लोचन पथ स्थित कृष्णापुरी तालाब में देखने को मिली।

इस तालाब में एक तरफ वार्ड पार्षद के प्रयास से सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है वही दूसरी ओर अतिक्रमणकारी कार्य में अड़ंगा लगाकर काम को रुकवाने के प्रयास में लगे हैं। हैरानी की बात यह है कि अभी भी तालाब की जमीन पर दूकान बनाया जा रहा है। साथ ही वार्ड पार्षद के लाख मना करने के बाद भी गन्दा पानी एक लॉज द्वारा तालाब में बहाया जा रहा है जिसके कारण काम बाधित हो रहा है।

**तालाब में ही मार दी गयी है बाउंड्री :** तालाब के जमीन पर कई पक्के मकान बना लिये गये है। तालाब का दायरा अतिक्रमण के चलते सिमटता जा रहा है। कृष्णापुरी तालाब में पूर्व की दिशा में किसी सीता सरण सिन्हा ने लगभग एक कट्ठा जमीन पर बाउंड्री कर उसे कब्जे में कर रखा है। वही ठीक उसके बगल में अतिक्रमित जमीन पर कोई ठाकुर जी दूकान का निर्माण कर रहे हैं। जिला प्रशासन सूचना के बावजूद इन सब बातो की अनदेखी कर रहा है।

**नाम मात्र की है सूचना पट्ट :** तालाब के बगल में एक सूचना पट्ट लगायी गयी है। जिसमे लिखा है कि कृष्णापुरी तालाब के ३.७० एकड़ जमीन पर किसी भी तरह के जलश्रोत का भराव या स्वरुप में बदलाव लाना सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन आज तक कितने अतिक्रमणकारियो पर कार्रवाई की गयी इसका जवाब जिला प्रशासन के पास नहीं है।

**क्या कहते है स्थानीय :** कृष्णापुरी निवासी नकुल महतो बताते है कि अतिक्रमणकारी बेखौफ है। घर तो बना ही लिया है तालाब में गन्दगी भी फैला रहे है। जलश्रोत नीचे जा रहा है। लोग समझ नहीं रहे। अभी नहीं चेते तो आने वाले समय में पीने का पानी नहीं मिलेगा। श्रवण कुमार कहते हैं कि अतिक्रमणकारी काम में बाधा डालते हैं। अभी भी लॉज व उत्तर के ओर स्थित घरो से घर का गन्दा पानी तालाब में बहाया जा रहा है। सौंदर्यीकरण होने से तालाब पुनर्जीवित हो जायेगा।

**क्या कहते हैं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि :** इस सम्बन्ध में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी कहते है कि शहर में कई तालाब विलुप्ति की कगार पर पहुंच गया है। जल संरक्षण के स्त्रोतों को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। इसी को देखते हुवे इस तालाब का जीर्णोद्धार का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन चंद लोगो के कारण इस कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। कुछ कहने पर केस मुकदमा देख लेने की धमकी दी जाती है। कार्य को रोक दिया जाता है। अतिक्रमण पर मेरा बोलना उचित नहीं क्योकि यह मुद्दा जिला प्रशासन के संज्ञान में है। सौंदर्यीकरण के कार्य में बाधा उत्पन्न न किया जाये बस मैं यही चाहता हूं।

# संविधान दिवस पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण



मौके पर उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखण्ड के खैरा झरपो, भराजो, डूमर, धर्मपुर, बेडम, टाटीझरिया, डहरभंगा पंचायत के कई गांवों में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा साहेब की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन समाज सेवियो द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर किया गया।

वही बता दे कि खैरा पंचायत के बेडमक्का गांव में स्थापित डॉ. भीम राव अंबेडकर के स्मारक पर लोगो ने मालार्पण किया। वही समाज सेवियो ने कहा कि 26 जनवरी 1949 को संविधान ने भारत को अंगीकार किया था। जिसके उपलक्ष्य में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों में बढ़ावा देना है। 19 नवम्बर 2015 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने को लेकर भारत सरकार के निर्णय को अधिसूचित किया गया।

मौके पर पप्पू रविदास, सुभाष पासवान, सौरभ कुमार सिंह, जुगेश, मुकेश, दीपक, साहेब, राजेश रविदास, रिंकू, किशोर राम, विकास, सुरेंद्र, राजू, प्रेम पासवान समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक, अभिभावक बैठक का आयोजन

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड के सिरय पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सीरय में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय में स्थापित आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, साइंस लैब का भी उद्घाटन किया गया। सिरय पंचायत मुखिया हेमंती देवी ने उद्घाटन के क्रम में कहा कि विद्यालय के बच्चों को स्मार्ट क्लास से स्मार्ट तरीके से पढ़ने का मौका मिलेगा समय के साथ साथ पठन-पाठन में भी तरीका बदला है, वही आईसीटी लैब से विद्यार्थियों को विद्यालय में कंप्यूटर का शिक्षा पाने का मौका मिलेगा। बैठक के बाबत विद्यालय के शिक्षक विद्याथीर्यों के अभिभावक व जनप्रतिनिधियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था पर अपने-अपने प्रकाश डाला वही मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में प्रोन्नत करने के लिए भी चर्चा की गई। बैठक में सिरय पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र महतो, सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार महतो, संकुल संसाधन आरसी महतो, विद्यालय प्रधान अब्दुल अहमद अंसारी के अलावे भारी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर थाना परिसर में पुलिस कर्मियों ने ली शपथ



संविधान प्रस्तावना की शपथ लेते पुलिसकर्मी

**बरही।** बरही थाना परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों ने भारत की प्रस्तावना पढ़कर शपथ लिया। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना को दोहराया।

बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने सभी पदाधिकारी एवं जवानों को भारत का संविधान उद्देशिका को पढ़ाया तथा संविधान दिवस आयोजित करने की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि संविधान की प्रस्तावना का निर्माण भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य करने के लिए किया गया। यह भारत के सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता को सुरक्षित करती है और लोगों के बीच भाई चारे को बढावा देती है। मौके पर पु.नि. सह थाना प्रभारी ललित कुमार, एसआई मनीषा टोप्पो, एसआई निरंजन कुमार सिंह, एएसआई कामेश्वर सिंह, एएसआई शिवनाथ प्रसाद, एएसआई समशुद्दीन, एएसआई दिनेश कुमार, सीसीटीएनएस कार्यालय के आरक्षी यशवंत कुमार महतो, बरही थाना के रिजर्व गार्ड जवान बबलू कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## आइलेक्स पब्लिक स्कूल ने एसडीजीएम स्कूल को 60 रनों से किया पराजित

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने की दिशा में सार्थक कदम : शैलेश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



क्रिकेट मैच में शामिल स्कूली खिलाड़ी

**बरही।** लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट हजारीबाग की तैयारी को लेकर आईलेक्स पब्लिक स्कूल के मैदान में अभ्यास मैच का आयोजन किया गया।

क्रिकेट मैच आईलेक्स पब्लिक स्कूल और एसडीजीएम स्कूल के बीच खेला गया। आईलेक्स पब्लिक स्कूल ने यह मैच 60 रनों से जीत लिया। आईलेक्स की कप्तानी सावन सिंह ने किया। वही दूसरी ओर एसडीजीएम के कप्तान अभिषेक कुमार थे। आईलेक्स पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईलेक्स की टीम ने तीन विकेट खोकर कुल 148 रन 15 ओवर में बनाएं। जिसमें सावन सिंह ने 42, शिवनंदन ने 28 और रंजीत ने 18 रन बनाएं। जवाबी पारी खेलने उतरी एसडीजीएम की टीम सिर्फ 12 ओवर में 89 रन पर ही पारी सिमट गई। आईलेक्स की तरफ से सावन सिंह 3 विकेट, मुजाहिद 2 विकेट और विक्रम, शिव चंदन को 1-1 विकेट लिया। सावन सिंह को उनकी शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। स्कूल के खेलकूद प्रबंधक भूषण कुमार का भी योगदान काफी सराहनीय रहा। जिनके नेतृत्व में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। आईलेक्स के डायरेक्टर शैलेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उनकी जीत पर बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए कहा कि आज की जीत को भविष्य में भी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों की प्रतिभा को निखारने की दिशा में सार्थक कदम उठाया है।

# जीएम महाविद्यालय, इचाक में मनाया गया संविधान दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी प्राप्त करते छात्र।

**इचाक।** जीएम महाविद्यालय इचाक में मनाया गया संविधान दिवस इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. रोहित कुमार और जीएम कॉलेज के प्रभारी पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण का कार्यक्रम को प्रारंभ किए। डॉ. रोहित कुमार ने कहा की यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद, नागरिक की भावना का एहसास कराता है। देश के हर नागरिक के लिए यह गर्व का दिन है । हमें देश के कानून का पालन करने और संविधान में दिए गये मौलिक कर्तव्यों को निभाने का भी संकल्प लेना चाहिए साथ ही मौलिक अधिकारों का आनंद लें। राजनीति विज्ञान के शिक्षक सह महाविद्यालय प्रभारी श्री पंकज कुमार ने कहा की आज हम पूरी तरह से आजाद महसूस कर रहे है तो यह भारतीय संविधान का देन है।

हमारे संविधान के द्वारा हमे छः मौलिक अधिकार प्राप्त है जिसके द्वारा हम सभी नागरिकों का अधिकार दिलाने का कार्य भारतीय संविधान करता है। संविधान दिवस के इस शुभ अवसर पर सभी शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने महिलाओं के अधिकार पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रत्नेश कुमार राणा ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कुमारी ज्योति, अनुभा रंजन, दीपक प्रसाद सहित कई का सराहणीय योगदान रहा।

# भारतीय संविधान को अक्षुण्ण रखने का लिया संकल्प



संविधान की शपथ लेते बच्चे व पूर्व जिप सदस्य

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय डुमरियाडीह में संविधान दिवस काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने संविधान के विषय में बच्चों को अवगत कराया। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि संविधान हमारी रक्षा के लिए बनाया गया है। इसलिए सविधान संविधान की गरिमा बनाकर रखे।संविधान में नागरिकों की रक्षा के लिए मौलिक अधिकार व उसमे दिए गए अधिकार का उपयोग सीमा में रखकर किया जाना चाहिए। साथ ही संविधान में देश के प्रति कर्तव्य बताया गया है। उसका भी पालन करना चाहिए। संविधान के कारण ही हम देश के किसी भी कोने में असानी से आ-जा सकते हैं। भारतीय संविधान का मूल प्रस्तावना में निहित है। राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रति जनजागृति करने के लिए वाद-विवाद, भाषण स्पर्धा हुई। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, वार्ड सदस्य मो सलामत, शिक्षक मो मंसूर आलम, लियाकत अंसारी, मो साहब उद्दीन, अब्दुल रहमान, शौकत मरियम, मो जुनैद आदि उपस्थित रहे।

# पदयात्रा के जरिये अमन- चैन का संदेश दे रही है कांग्रेस: गौतम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पदयात्रा में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता

**पदमा।** चौपारण में प्रदेश स्तरीय भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता के नेतृत्व में रोमी बांग्ला चौक से सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता रोमी बांग्ला चौक से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चौपारण के लिए रवाना हुए। मौके पर श्री गौतम ने कहा कि देश के अंदर कुछ नफरती पार्टी के नेता देश में अमन चैन भाईचारा को समाप्त करने में लगे हैं। कांग्रेस पार्टी वैसे लोगों को बेनकाब करने और उनके गलत मंसूबों को विफल करने के लिए पूरे भारत के गांव और कस्बों में भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के कार्यकर्ता निकाल रही है। इस यात्रा के जरिये कांग्रेस लोगों को अमन चैन का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर देश में वैसे नफरत फैलाने वाले पार्टी के नेताओं को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। तभी हम संपूर्ण विकास एवं सशक्त एवं मजबूत देश का निर्माण कर सकते हैं।

# अंचल के नाम पर रिश्वत मांगने वालो के खिलाफ होगी कार्रवाई: नीतू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अंचलाधिकारी नीतू कुमारी

**दारू।** दारू अंचल की अंचलाधिकारी नीतू कुमारी अंचल के नाम पर रिश्वत लेने वालों के खिलाफ काफी सख्त हो गई है उन्होंने बिचौलिए और दलालों को चेतावनी देते हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपना काम को खुद लेकर अंचल आये। अंचल में किसी काम की कोई रिस्वत नही ली जाती है दलालों और बिचौलिए के चक्कर मे ना पड़े। अंचल संबंधी कार्य मे किसी तरह की अड़चन या परेशानी आये तो सीधा उनसे मिलकर शिकायत करे उसका समाधान किया जाएगा।अंचलाधिकारी ने इस बारे में बताया कि उन्हें शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग अंचल में रिश्वत लिए जाने की अफवाह फैला कर लोगों से उनके काम के बदले रकम ले रहे थे जिसके बाद यह सूचना आम लोगों तक पहुंचाई जा रही है ताकि आम लोग ऐसे चक्कर मे ना पड़े। अंचलाधिकारी की इस पहल का अंचल के लोगों ने स्वागत करते हुए इस पहल के लिए अंचलाधिकारी का धन्यवाद दिया है।

## एसआरयू, इफिको ने सीआरएस के तहत ग्राम मरार में लगाया

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, मुफ्त किया दवा वितरण

## 125 ग्रामीण हुए लाभान्वित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य अधिकारी

**कुजू।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की एसआरयू इफिको, रांचीरोड द्वारा सीआरएस के अंतर्गत शनिवार 26 नवंबर को ग्राम मरार( रामगढ़), पंचायत भवन में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसआरयू इफिको के महाप्रबंधक प्रभारी सुशांत सरकार के अलावे महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके गुप्ता,उप महाप्रबंधक (उत्पादन) केशरी नंदन, उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासनिक) एके सिन्हा,उप महाप्रबंधक (अनुरक्षण) आर के तिवारी,उप महाप्रबंधक (उत्पादन) बी महात,उप महाप्रबंधक (प्र) आर के प्रधान,सहायक महाप्रबंधक (का/प्र ) सुनिल कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। शिविर के माध्यम से चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर दीपांकर व डाक्टर अभिषेक ने नर्स ममता रानी केरकेट्टा, किरण सोरेन, स्वास्थ्यकर्मी चेतलाल के सहयोग से लगभग 125 ग्रामीण महिला पुरुषों की स्वास्थ्य जांच की। चिकित्सकों द्वारा जांच के पश्चात उचित परामर्श व आवश्यक दवाईयां मुफ्त दी गई। इधर ग्रामीण क्षेत्र में इफिको रांचीरोड द्वारा लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद ग्रामीण बेहद खुश नजर आए। साथ हीं एसआरयू इफिको प्रबंधन की भूरी भूरी प्रशंसा की। मौके पर वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा, मजदूर यूनियन नेता अरविंद प्रताप सिंह, संतोष सिंह, सुधीर सिन्हा समेत शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में केडी मिश्रा,प्राणदीप बक्शी, विजय मिश्रा, गणेश प्रसाद आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# गुरु नानक पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में शामिल

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान के बारे में जानकारी देना था। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है । छात्र-छात्राओं ने संविधान के महत्व को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रांगण में अनेक प्रस्तुति दे माहौल को बहुत ही आकर्षक बना दिया। विद्यालय की एक बालिका ने संविधान के महत्व को दशार्ते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं को बताया। बच्चों ने श्लोगन बोला, पोस्टर तैयार किया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को सर्टिफिकेट तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया । संविधान के नियमों के तहत सभी ने शपथ ग्रहण किया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरजाप सिंह ने बच्चों को संविधान के नियमों के बारे में बताया और जीवन में हम इन नियमों को अपनाकर कैसे अपने जीवन को सरल बना सकते हैं इसके बारे में जानकारी सभी को दी । प्रार्थना सभा में सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थें और उन्होंने भी शपथ ग्रहण किया। प्रार्थना सभा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुशविंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह भी उपस्थित थें।

## स्पीड न्यूज

### डाइन-बिसाही व जादू टोना के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रही सावित्री



भंडरा । देश के भीतर आज बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं जिन्होंने पर्यावरण, संस्कृति और समाज सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर रही है। और समाज व क्षेत्र मे फैली कुरीतियाँ को दूर करने की मुहिम शुरू की है । आदिवासी बहुल भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत के मकुंदा की रहने वाली ऐसी ही एक आदिवासी महिला सावित्री उरांव गांव गांव मे घूम धूम कर क्षेत्र मे फैले डाइन बिसाही, अशिक्षा,जादू टोना आदि कुप्रथा को दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है । सावित्री पिछले चार वर्षो से अपने पति शिव उरांव के साथ मिलकर समाज सेवा की मुहिम शुरू की। आज वह समाज के फैले कुप्रथा व महिलाओं के खिलाफ समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर करने का काम कर रही हैं, इसके अलावा पर्यावरण को लेकर भी उनकी सक्रियता बनी हुई है। पंचायतों के भीतर भी महिला सशक्तिकरण पर सावित्री का असर अब खुलकर दिखने लगा है । सावित्री की शादी 16 वर्ष की उम्र में ही हो गई थी, लेकिन शादी के पहले तक सावित्री की पढ़ाई लिखाई काफी कम नहीं हुई थी। शादी के बाद तीन संतान होने के बाद सावित्री समाज के अस्तित्व को बचाने के लिए महिला समूह के माध्यम से मुहिम शुरू की. वहीं दूसरी तरफ घरेलू हिंसा और महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने का काम भी किया । साथ-साथ घरेलू हिंसा, सामाजिक अत्याचार की शिकार महिलाओं का वह सहारा बन चुकी है। उनकी मदद से अब तक कई गांव की दर्जनों से ज्यादा ग्रामीणों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा और उत्पीड़न से बचाने के लिए भी जन जागरुकता अभियान चलाया है, आज सावित्री क्षेत्र मे समाज के सशक्तिकरण के लिए एक मिसाल बन चुकी है।

### संविधान की जानकारी सभी को होनी चाहिए :राजमनी उरांव

**भंडरा ।** नेहरू युवा केन्द्र लोहरदगा एवं युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुन्दो के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत भवन भंडरा में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य राजमनी उराँव ,अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती, बालकृष्ण सिंह,पतंजली योग समिति के शिवशंकर सिंह के द्वारा डा. भीम राव अम्बेडकर एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दिप प्रज्वलित कर शुरुवात की गई।मुख्य अतिथि राजमानी उराँव ने कहा कि हमारा संविधान को सभी को जनना चाहिए हमारा संविधान में अंकित है कौन सा कार्य हमे करना चाहिए और कौन सा कार्य हमे नही करना चाहिए सभी युवाओ को हमारा संविधान की जानकारी रहनी चाहिए। अधिवक्ता प्रवीण भारती ने कहा कि देश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि संविधान में अंकित मौलिक अधिकार को जाने साथ साथ नागरिक का कर्तव्य क्या है उसे भी लोग जाने। कार्यक्रम में बासुदेव उराँव, अभिषेक सिंह,राहुल महतो,साइमन मिंज,पवन तिग्गा ,लाल केश्वर उराँव ,पवन उराँव,वाशु उराँव,,सहित विभिन्न युवा क्लब के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

### सर्वधर्म सद्भावना संसद आज

लोहरदगा। जमीयत उलेमा-ए-हिन्द लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में रविवार को को न्यू रोड लोहरदगा स्थित होटल रॉयल ग्लैक्सी में सर्वधर्म सद्भावना संसद आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। संसद में उपायुक्त, पुलिस कप्तान, अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि, धर्म गुरुओं, बुद्धिजीवियों, शांति प्रिय व्यक्तित्व और समाज सेवियों को आमंत्रित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी उलेमा-ए-हिन्द लोहरदगा जिला के अध्यक्ष हजरत मौलाना अहसन मोजाहिरी, महासचिव मौलाना अब्दुल हमीद मोजाहिरी ने संयुक्त बयान जारी कर दी है। बयान में उलेमा द्वय ने कहा है कि देश की वर्तमान हालात से सभी भलीभांति परिचित हैं। इन दिनों साम्प्रदायिकता और घृणा अपने चरम पर है, जो हमारे देश भारत की साझा संस्कृति और मूल्यों के लिए सीधी चुनौती है। इससे न केवल अमन-शांति और सुरक्षा स्थापित करने के प्रयासों में बाधा पहुंचती है, बल्कि मानवाधिकारों और सतत विकास की राह में भी यह रूकावट है। इन परिस्थितियों में हमारा मानना है कि धर्म गुरुओं, बुद्धिजीवियों, शांति प्रिय व्यक्तित्व और समाजसेवी द्वारा सही जानकारी फैलाने और नफरत एवं कट्टरता को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### स्वास्थ्य की जांच कराकर लें दवा : बीडीओ



घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में दो दिवसीय आयुष मेला का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, प्रमुख सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि संजु उरांव व कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि यह आयुष मेला आप लोगों के लिए ही लगाई गई है। जिसमें आप स्वास्थ्य संबंधित जांच कराते हुए दवा का उपयोग करें और स्वस्थ रहें। मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य संबंधित लाभ दिलाना है। आज के परिवेश में मधुमेह बीपी सहित अन्य कई तरह की बीमारी बढ़ रही है। आप स्वास्थ्य की जांच कराएं। वहीं विधायक प्रतिनिधि संजु उरांव ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति को सभी को अपनाना चाहिए। इन सभी दवाओं के इस्तेमाल से किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता है। कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि आज के परिवेश में हम सभी इतने व्यस्त हो गए हैं कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति कोई चिंता नहीं रहती है। जिसका कारण हम सभी को बड़ी बीमारी का सामना करना पड़ता है। आयुष पद्धति को हम सभी को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है ताकि हम सभी निरोग रहें। छोटी छोटी बीमारी को भी कम नहीं समझना चाहिए सही टाइम पर हमें इलाज जरूरी है। मेला में आयुष चिकित्सा होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जांच शिविर लगाया गया। जिसमें कई लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

## डीएवी स्कूल गुमला में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस, प्राचार्य बोले

# संविधान के बारे में जानें छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** 46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी गुमला के ट्रूप संख्या 18 के द्वारा शनिवार को धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलामसमदानी एवं ज़िला शिक्षा अधीक्षक गुमला वसीम अहमद थे। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डीएवी की शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए है। यह जरूरी है कि हमारे विद्यार्थी संविधान और देश के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। गुलाम समदानी ने कहा कि भारत में 26 नवंबर को हर साल संविधान दिवस मनाया जाता है। क्योंकि वर्ष 1949 में 26 नवंबर को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को स्वीकृत किया गया था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने के भारत सरकार के फैसले को अधिसूचित किया। वसीम अहमद ने कहा कि प्रस्तावना संविधान की आत्मा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रस्तावना की शपथ दिलायी। एएनओ अभिजीत झा ने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस एवं 27 नवंबर को एनसीसी दिवस मनाया जा रहा है। जिसके लिए कैडेट्स ने काफी मेहनत की है। हमारे कैडेट्स ने ग्रीटिंग कार्ड्स एवं प्रदर्श के माध्यम से राष्ट्र तथा सेना के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित किया है। संविधान दिवस के अवसर पर कैडेटों ने काफी आकर्षक प्रदर्श लगाए तथा उनकी विस्तृत व्याख्या की। जिसमें सार्जेंट ताशा झा एवं कारपोरल प्रीति कुमारी को भारतीय संसद विषय के लिए प्रथम, कैडेट अचिंत्य कुमार झा एवं लांस कॉर्पोरल सूर्यांशु चौधरी को हमारे संविधान का इतिहास और मुख्य विशेषताएं के लिए द्वितीय एवं कैडेट यशवंत कुमार साहू एवं कैडेट विनीत आनंद को मौलिक कर्तव्य विषय पर प्रस्तुति के लिए तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सार्जेंट प्रियम राज एवं कैडेट आकाश कुमार गोप ने नागरिकता,कैडेट अतुलिका राज एवं कैडेट राहुल नाग ने मौलिक अधिकार,कैडेट जश्रीवी केशरी एवं कैडेट प्रीति प्रेमचंद उरांव ने मौलिक अधिकार, कैडेट आर्यन राज एवं कैडेट शिवम् मेहता ने प्रस्तावना,कैडेट ओम एवं कैडेट आयुष सारंगी ने प्रस्तावना और इसकी विशेषताएं,, सार्जेंट कृषण कुमार एवं कैडेट आकाश कुमार यादव ने हमारे संविधान का इतिहास, कैडेट आयुष कृष्णा एवं कैडेट राजहर्ष ने भारतीय संसद, लांस कारपोरल श्रेयांशी अग्रवाल एवं कैडेट शशांकी अधिकारी ने केंद्र शासित प्रदेश, कैडेट स्वप्निल देव एवं सौरभ प्रसाद साहू ने भारतीय संविधान में संशोधन, विषय पर प्रदर्श प्रस्तुत कर उनकी रोचक व्याख्या की। निर्णायक की भूमिका श्री रोहित कुमार सुतार एवं श्री दिलीप प्रसाद मेहता ने निभायी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संजुक्ता खटुआ ने की।



एनसीसी कैडेटों को प्रमाण पत्र देते डीएसई व डीएसओ

## असंख्य बलिदानों के बाद मिला संविधान



**गुमला।** संविधान दिवस के अवसपर पर विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा व्यवहार न्यायालय गुमला में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायिक पदाधिकारी ,अधिवक्ता , कार्यालय कर्मचारी व पीएलवीओ के द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया तथा संविधान के प्रति समर्पित होने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में एडीजे वन ,एडीजे 4 ,सीजीएम ,एसडीजेएम ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ज्ञानवर्धक बातों की जानकारी देते हुए कहा कि असंख्य बलिदानों के बाद हमें हमारा संविधान प्राप्त हुआ। एडीजे वन ने विशेष रूप से प्रस्तावना पर जोर देते हुए कहा कि यह हमारे संविधान की आत्मा है। वक्ताओं द्वारा संविधान के विभिन्न पहलुओं जैसे संविधान निर्माण समानता या स्वतंत्रता के अधिकार इत्यादि बिंदुओं पर समग्रता से अपने विचार रखे। कार्यशाला का संचालन पार्थ सारथी घोष सचिव विधिक सेवा प्राधिकार ने की। इस अवसर पर एडीजे वन दुर्गेश अवस्थी, एडीजे 4 अंजनी अनुज , सीजीएम फहीम किरमानी ,एसी जीएम मनोरंजन कुमार, एसडीजीएम निर्मला बरला ,न्यायिक दंडाधिकारी जयास्मिता कुजुर, अधिवक्ता सूरज मिश्रा, इंदु पांडे आरके वर्मा ,सरवन साहू ,तथा प्रकाश ,मनीष एवं अन्य उपस्थित थे। इसके अलावा सचिव ने यह भी जानकारी दिए कि आज विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया। जिसमें कुल 22 मामले निपटाए गए तथा कुल 35000 राशि की वसूली हुई तथा पक्षकारों को त्वरित न्याय दिलाया गया।

## गुमला में बाइक सहित पुल के नीचे गिरे दो युवक, मौत



गुमला। गुमला-पालकोट मुख्य मार्ग में सेमरा के समीप गंजइ नदी पुल में दो युवक बाईक सहित शुक्रवार की रात गिर गये। जिसे दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना इतना तेजी से घटी की दोनों युवकों को हिलने का अवसर भी नहीं मिला। मिली जानकारी के अनुसार घटना देर रात्रि की होने के कारण पुल के नीचे आने जाने वाले लोगों को नजर नहीं पड़ी। शनिवार सुबह लोगों ने देखा कि पुल के नीचे एक बाइक जेएच 01 बीयू 2176 सहित दो लड़कों की लाश पड़ी हुई है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जहां पालकोट पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है। थानेदार अनिल लिंडा ने बताया कि युवकों की पहचान गुमला के बसिरा गांव निवासी 20 वर्षीय माघी उरांव 20 एवं 24 वर्षीय महाबीर उरांव के रूप में हुई हैं। दोनों एक बाइक में सवार होकर गुमला से सिमडेगा जा रहे थे। बताया जा रहा है कि बाईक अनियंत्रित होने के कारण दोनों युवक बाईक सहित पुल में जा गिरे। वहीं पुल के नीचे पत्थरों से जा टकराये। जिसे उन्हें गंभीर चोट लगी और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर गुमला सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संविधान की प्रस्तावना को पढ़ें :डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लोहरदगा। संविधान दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा नगर भवन में आयोजित कार्यकम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की आत्मा है। संविधान के उद्देश्य को समझने के लिए संविधान की प्रस्तावना को ध्यान से पढ़ना बहुत जरूरी है। संविधान को तैयार करने में काफी मेहनत लगी थी।

200 वर्षों की अंग्रेजी शासन से जब देश आजाद हुआ तो देश को नए संविधान की जरूरत थी। संविधान के कारण ही 26 जनवरी 1949 को ही हम सभी सार्वभौम हुए। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा आज छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना को अवश्य पढ़ना चाहिए, समझना चाहिए। छात्र-छात्राओं को अपना तार्किक क्षमता को विकसित करना चाहिए। किसी भी विषय में अपने तर्क का इस्तेमाल अवश्य करें। वैज्ञानिक दृष्णिकोण से किसी भी विषय को समझने व अपनाने की आदत डालें। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नया नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई।



### डीसी व कर्मियों ने ली शपथ

संविधान दिवस के मौके पर संविधान का प्रस्तावना समाहरणालय सभागार समेत विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालयों में पढ़ा गया।समाहरणालय सभागार में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में संविधान के प्रस्तावना में निहित प्रावधानों को आत्मार्पित करने का संकल्प लिया गया।

### रसोईया-संयोजिका संघ का अनशन जारी

गुमला। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका संघ के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन व अनशन शनिवार को दसवें दिन भी जारी रहा। संघ के द्वारा जिले भर से हटाये गये रसोईया-संयोजिका को वापस काम पर रखने, मर्ज किये विद्यालयों के रसोईया-संयोजिका को उसी विद्यालय में रखने, बकाये मानदेय का भुगतान करने व नियमावली बनने तक 60 साल के उम्र वाले रसोईया-संयोजिका को नहीं हटाने की मांग की गई है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह गुमला जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि जिले के बीईईओ सरकार व मंत्री के निर्देशों की अवहेलना करते हुए रसोईया-संयोजिका को हटा रहे हैं। जब पैसे नहीं मिलते थे तो वे अच्छा कार्य कर रहे थे लेकिन मानदेय के रूप में कुछ पैसा मिलते ही उनपर आरोप गढ़ने शुरू कर दिये गये और अकारण ही रसोईया-संयोजिका को हटाया जा रहा है।

## विरासत को बढ़ावा दे रहा स्पिक-मैकः अभिजीत

**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में शनिवार को स्पिक-मैके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थापना सप्ताह के पहले दिन संस्थान में झारखंड की स्थापना पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ तथा इसके पश्चात पूरे सप्ताह संस्थान में डिबेट, पौधरोपण, खेलकूद जैसे कार्यक्रमों का आयोजित किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से संस्थान के निदेशक श्री अभिजीत कुमार, शासी निकाय की सदस्या श्रीमती रेणुका यशस्वी, प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू एवं कथकली कलाकार श्री कलामंडलम अमलजीत के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। झारखंड स्थापना समारोह के उत्सव समापन कार्यक्रम के अवसर पर स्पिक-मैके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिष्ठित कलाकार श्री कलामंडलम अमलजीत (एक प्रसिद्ध कथकली नर्तक) ने अपने नृत्य प्रदर्शन से सभागार में उपस्थित सभी का मंत्रमुग्ध कर दिया। सहायक कलाकार के रूप में श्री आर. राहुल (नृत्य सहायक), श्री बाबू ई. के. (गायन कलाकार), श्री पुरुषोत्तमन नायर (चेंडा वादक) तथा श्री ओमानकुट्टन (मद्दलम वादक) मंच पर विराजमान थे। इस अवसर पर सभी को भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने का अवसर मिला। संस्थान के निदेशक श्री अभिजीत कुमार ने कहा कि स्पिक-मैक युवाओं के बीच हमारी विरासत और संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में छात्रों को तनाव मुक्त रहने और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए हमारी भारतीय कला और शिष्टाचार की मदद लेनी चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के शासी निकाय की सदस्या श्रीमती रेणुका यशस्वी ने स्पिक-मैके के समन्वयक श्री मनीष सिंह ठाकुर को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। समापन समारोह में सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रम के विजेताओं को संस्थान के निदेशक श्री अभिजित कुमार द्वारा प्रशस्ति-पत्र तथा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुमला पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ० शीबा नारायण साहू, उप-प्राचार्य ई० सुरेन्द्र प्रसाद, मुख्य प्रशानिक पदाधिकारी श्री श्री अजीत कुमार शुक्ल तथा सभी शिक्षकगण तथा कर्मचारी उपस्थित थे।



पॉलिटेक्निक कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।



## एक नजर में

### युवा देश के प्रति अपने कर्तव्यों का रखें ध्यान



गुमला। संविधान दिवस पर बाबा साहब भीम राव अंबडेकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर मिशन बदलाव कामडारा टीम के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मिशन बदलाव के सदस्यों ने प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि युवाओं को देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही उन्हें संविधान का ज्ञान होना चाहिए। मिशन बदलाव कामडारा सलाहकार समिति सदस्य रामबालक बड़ाईक, जेम्स होरो और सिकंदर सिंह ने कहा कि युवाओं को हमारे महान व्यक्तित्वों के विचारों को समझने की जरूरत है। जिन सपनों के लिए उन्होंने संघर्ष किया, उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे हमारे देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएं। हम अपने लोकतांत्रिक देश में कैसे बदलाव ला सकते हैं ताकि हर नागरिक प्रगति का हिस्सा बन सके यह जिम्मेदारी भी युवाओं की है। देश के प्रति युवाओं के कर्तव्य पर बोलते हुए मिशन बदलाव टीम ने अपील किया और कहा कि हमें न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, बल्कि देश के प्रति हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं, जिनका निर्वहन करना आवश्यक है।

### गुमला में बंजरा आश्रय खोलने की मांग

गुमला। मिशन बदलाव के सदस्यों के द्वारा जिला प्रशासन व नगर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बंजारा आश्रय खोलने व गुमला नगरपरिषद क्षेत्र के सभी नालियों की सफाई की मांग की गई है। मौके पर मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन ने कहा कि गुमला में बहुत ऐसे मजदूर, बुजुर्गों ,असहाय एवं दिब्यांग हैं जो कि सुदूरवर्ती एरिया से आते है। गुमला आने के बाद उनका ठंड से बचने के लिये कोई ठिकाना नही रहता है। कभी कभी अत्यधिक ठंड से असाहय लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। इन लोंगो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए त्वरित बंजारा आश्रय बनाने की मांग किया गया। ज्योति कुमारी ने बताया कि गुमला नगरपरिषद क्षेत्र की नालियों कई दिनों से जमा पड़ा हुआ है। सभी जगहों से दुर्गंध आ रही है। गंदे नालियों के वजहों से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ता जा रहा है और लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। मिशन बदलाव टीम ने ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। इस अवसर पर नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर उपस्थित थी।

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला के ब्लड बैंक में बजरंग दल मुरगु के कार्यकर्ता विकास राम और अमर साहु ने शनिवार को दो युनिट रक्तदान किया। विकास ने अपने जन्मदिन पर 7 वीं बार रक्तदान किया और इलाजरत मरीज की जान बचायी। साथ ही अमर साहु ने अपने जीवन काल में 11वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर मुकेश सिंह, रविन्द्र सिंह, गौतम प्रसाद, राकेश सिंह, अमित सोनी, रोहित खंडेलवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुमला नप कार्यालय के समक्ष धरना कल

**गुमला।** झारखंड सेवा दल की बैठक निकेश राज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 28 नवंबर को नगर परिषद कार्यालय के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर धरना देने का निर्णय लिया गया। धरना के बाद मुख्यमंत्री, विधायक, उपायुक्त व एसडीओ को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी निकेश राज ने दी है।

### प्रेमिका पर हमला करने वाला प्रेमी गिरफ्तार



रायडीह। प्रेमिका पर जानलेवा हमला करनेवाला प्रेमी जोनसन खेस को रायडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को गुमला जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया की आरोपी जोनसन खेस रायडीह थाना क्षेत्र के पीबो का रहने वाला और वर्तमान में दिल्ली में काम कर रहा था और अपने प्रेमिका रोशनी कुजूर से मोबाईल पर बात करना चाहता था पर प्रेमिका का मोबाईल फोन व्यस्त बता रहा था। जिसे लेकर आरोपी जोनसन खेस धान काटने पुराना कस्तुरबा स्कूल के पास गई प्रेमिका के पास पहुंचा। जहां धान काट रही अपने प्रेमिका से बातचीत किया और प्रेमिका के हाथ से हसुआ छिनकर उसके सिर गर्दन और शरीर के कई हिस्सा में ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बीच बचाव में लड़की की मां और बहन को भी चोट लगी है। उसके बाद आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया। रायडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कर थाना प्रभारी अमित कुमार छापामारी कर आरोपी जोनसन खेस को शुक्रवार रात्रि गिरफ्तार कर शनिवार को गुमला जेल भेज दिया। वही घायल रोशनी कुजूर का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है।

### चैनपुर में संविधान दिवस पर दिलाई गई शपथ



चैनपुर। संविधान दिवस के मौके पर चैनपुर प्रखंड कार्यालय एवं थाना परिसर में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियो को बीडीओ एवं थाना प्रभारी के द्वारा संविधान की प्रस्तावना व मौलिक कर्तव्यों को पढ़कर सुनाया गया और उपस्थित सभी लोगो ने संविधान की मौलिक अधिकारो की शपथ ली। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी को संविधान के दायरे मे रहकर काम करना है। भारत का संविधान हम सभी लोगो के लिए सर्वोपरि है। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डा.शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि संवैधानिक मूल्यो का पालन व रक्षा करना हमारा कर्तव्य है आप सभी लोग समाजिक ,आर्थिक एवं राजनितिक न्याय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस मौके पर ब्लाक के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी सहित चैनपुर थाना के पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

### विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल में प्रबंधन समिति गठित

घाघरा। विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल घाघरा में शनिवार को अभिभावकों के साथ एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें दर्जनों की संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष स्वाति देवी को चुना गया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बच्चों के द्वारा समय का पालन कराना, अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति जागरूक होना, बच्चों का प्रतिदिन विद्यालय पूर्ण गणवेश में भेजना, पठन-पाठन का मूल्यांकन करना, समय समय पर विद्यालय आकर बच्चों के प्रति जानकारी लेना एवं देना, अपने बच्चों के प्रति अच्छी सोच रखना एवं अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करना, घर के तथा अन्य कार्यो के कारण बच्चे की पढ़ाई बाधित ना हो इसे ध्यान में रखना सहित कई विषयों पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर संस्थापक भवानी प्रसाद राय, लीलावती देवी, तरुण कुमार, अनीता देवी,रूपा कुमारी व पार्वती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### टीएसी का निर्णय तुष्टीकरण : राजेंद्र गुप्ता

गुमला। भूतपूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने टीएसी की बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर लिये गये निर्णय को तुष्टीकरण की संज्ञा देते हुए कहा कि निर्णय राज्य के बहु संख्यक मूलवासी, पिछड़ों व सदानों के विरूद्ध है। सरकार की गलत मानसिकता के कारण राज्य का विकास संभव नहीं है। एक जाति विशेष के विकास से राज्य का उत्थान नहीं होगा। सरकार को राज्य के 12 अधिसूचित जिलों लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची, खुंटी, लातेहार, दुमका, पाकुड, खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम में से कम से कम दो जिला पिछड़ों, एक जिला सामान्य और एक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करना चाहिए। जिसपर राज्य के मुख्यमंत्री व चुनाव आयुक्त को गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस क्षेत्र में सांसद, विधायक, नगर अध्यक्ष, प्रमुख, जिप अध्यक्ष का पद आरक्षित है जो समानता के अधिकार का घोर उल्लंघन है।

## स्पीड न्यूज

### मंत्री ने बाबा साहब को किया नमन



**गढ़वा।** संविधान दिवस के अवसर पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर को नमन किया। मंत्री ने शनिवार को चिनियां बाजार स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को एक समान हक एवं अधिकार प्रदान किया है। शिलान्यास के लिए चिनियां पहुंचे मंत्री ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य मरहूम अयूब मंसूरी के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात किया। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि हत्या पर राजनीति करने वालों को सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व अपराधियों ने अयूब मंसूरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### ज्ञान निकेतन के बच्चों ने ली शपथ



गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेन्ट स्कूल में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उप प्राचार्य बीके ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी निदेशक सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संविधान की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। श्री केशरी ने कहा कि भारत राज्यों का एक संघ है। देश की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप एवं पारदर्शी रूप से चलाने के लिए उस देश का संविधान अतिआवश्यक है। संविधान नियमों और कानूनों का एक वृहत संकलन है। जिसके आधार पर देश का शासन संचालित होता है। संविधान दिवस सर्वप्रथम 26 नवम्बर 1949 को मनाया गया। 26 जनवरी 1950 में संविधान को देश में लागू किया गया। भारत का संविधान दुनिया में एक मिसाल है। यह देश को एक कड़ी में बंधे रखने का काम करता है। यह देश की आत्मा तथा विविधता पूर्ण राष्ट्र को एक माला में पिरोए रखने का काम करता है। संविधान प्रत्येक भारतीय के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा हमें अनेकों प्रकार के मौलिक अधिकार मिलें हैं और उन अधिकारों के माध्यम से हम अपनी बात आसानी से दूसरों के सामने रख सकते हैं और देश के विकास में हमें किस प्रकार की भूमिका निभानी है, उसकी कार्य संरचना भी संविधान में वर्णित है। मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक नीरा शर्मा, विनय दुबे, उदय प्रकाश, मुकेश भारती, सन्तोष प्रसाद, सरिता दुबे, शिवानी गुप्ता, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### समाहरणालय में मना संविधान दिवस

गढ़वा। गढ़वा समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन समेत अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान डीसी श्री घोलप की अगुवाई में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया गया कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा एवं अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

### दो दिवसीय आयुष मेला शुरू

भवनाथपुर। प्रखंड में प्रखंडस्तरीय दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला शुरू हुआ। हालांकि स्वास्थ्य मेला में प्रखंड, अंचल और स्वास्थ्य कर्मियों की दमदार उपस्थिति देखी गई। वहीं आमलोगों की उपस्थिति काफी कम रही। जबकि मेला में लगाये गए कई स्टॉलों में कर्मी नदारद दिखे। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, जिला के आयुष पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश कुमार, जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी, मुखिया बेबी देवी और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित कर किया। बीडीओ ने आयुष को विश्व का सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति बताते हुए लोगों को अपने जीवन में इसे लागू करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पांच चिकित्सा पद्धति से बनी आयुष पद्धति से ही वर्तमान समय में स्वस्थ जीवन की परिकल्पना की जा सकती है। कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमलोगों तक आयुष पद्धति को पहुंचाना। उन्होंने लोगों से मेला में लगे हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल में चिकित्सकों द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य की जानकारी और दवा का लाभ लेने की अपील की।

### परिणय सूत्र में बंधे मझिआंव बीडीओ



मझिआंव। बीडीओ नितेश भास्कर का विवाह चतरा के जाने माने वकील सुबोध मिश्रा के यहां संपन्न हुई। भास्कर 2020-21 में जेपीएससी में परीक्षा पास किया और बतौर झारखंड सरकार के द्वारा मझिआंव में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया। भास्कर पलामू जिला के सतबरवा गांव निवासी रामचंद्र पांडेय के प्रथम पुत्र हैं। श्री भास्कर पूरे परिवार के साथ रांची आईटीआई लोहा सिंह रोड में रहते हैं। रिांची से बारात सज धज कर 25 नवंबर को निकली और चतरा के होटल इभा पैलेस पहुंची। जहां पर सभी आगंतुकों को स्वागत किया गया।उसके बाद बैंड बाजा एवं डीजे के साथ सभी बराती एवं कई प्रशासनिक अधिकारी नाचते गाते चतरा के छठ पूजा घाट वकील सुबोध मिश्रा के निवास स्थान पहुंचे। जहां पर जयमाल कार्य किया गया और शादी 25 नवंबर की रात चतरा के जाने-माने वकील सुबोध मिश्रा की पुत्री प्रियम्वदा मिश्रा के साथ विवाह कार्यक्रम संपन्न हुई।

गढ़वा में 32 करोड़ की लागत से तीन योजनाओं का मंत्री ने किया शिलान्यास, कहा

# 30 साल पर भारी पड़ेगा तीन साल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## पर्यटन स्थल गुरु सिंधु पहुंचना अब होगा आसान



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनिया प्रखंड में करीब 32 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। शनिवार को गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजना में करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चिनिया, लगभग सात करोड़ रुपए की लागत से बेता रोड एवं करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से गुरुसिंधु रोड का निर्माण शामिल है। श्री ठाकुर ने कहा कि विकास क्या होता है यह पहले गढ़वा में पता ही नहीं चलता था। लोग सिर्फ चुनाव के समय अपने जनप्रतिनिधि को देख पाते थे। परंतु आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आपका चुना हुआ सेवक हर समय आपके बीच रहकर आपके गांव, घर तक पहुंच रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य में जनता की चुनी हुई सरकार है, और भाजपा के लोग हर समय उखाड़ फेंकने की बात करते हैं। जो जनता की ताकत और विश्वास पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि देश के जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां भाजपा के लोगों को सभी चोर और भ्रष्टाचारी ही नजर आते हैं। सरकार को अस्थिर करने, विकास कार्य बाधित करने के लिए सीबीआई, एसीबी आदि सभी एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां सभी गंगा के धुले हुए हैं। वहां कोई भ्रष्टाचार और चोरी नहीं है। मंत्री ने कहा कि विभाग से योजना पास होने के बाद हम शिलान्यास का इंतजार नहीं कराते। योजनाओं को जितनी जल्द धरातल पर उतारा जाए इसका प्रबंध हो। शिलान्यास और उद्घाटन बाद में होता रहेगा। पूर्व के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय आते थे और उनकी सोच होती थी कि वह पैसा बांटकर चुनाव जीत जाएंगे। ऐसे लोगों को जनता ने जवाब दे दिया है। अब जनता जागरुक हो चुकी है। जो काम करेगा वही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। क्षेत्र के विकास में सड़कों का बहुत बड़ा योगदान होता है। बिना सड़क के क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। हमारा प्रयास है कि गढ़वा रंका विधानसभा के सुदूरवर्ती क्षेत्र तक सड़कों का जाल बिछे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास कार्यों में हमारा तीन साल का कार्यकाल पूर्व के जनप्रतिनिधियों के 30 साल के पर भारी पड़ेगा।

**इन योजनाओं से मिलेगी यह सुविधा :** गुरुसिंधु रोड के निर्माण से जिले का अति मनोहारी जलप्रपात पर्यटन स्थल गुरुसिंधु तक पर्यटक अब आसानी से पहुंच सकेंगे। चिनिया प्रखंड के राजबांस से गुरुसिंधु तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। करीब 11 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण राजबांस मुख्य पथ कदवा मोड़ से तहले, चपला होते हुए गुरुसिंधु जलप्रपात तक पीडब्ल्यूडी मापदंड के अनुसार किया जाएगा। इसके निर्माण से राजबांस, डोल, चपकली आदि गांव के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। चिनिया एवं रंका प्रखंड के अन्य सुदूरवर्ती गांव गढ़वा जिला मुख्यालय एवं रंका अनुमंडल मुख्यालय से जुड़ जायेंगे। बेता रोड का निर्माण बिलैती खैर मोड़ से चिरका होते हुए रणपुरा तक करीब 10 किलोमीटर किया जाएगा। इस सड़क से बेता एवं खुरी पंचायत के एक दर्जन से अधिक गांव सीधे पक्की सड़क से जुड़ जाएंगे। इस रोड के निर्माण होने से बेता पंचायत से चिनिया प्रखंड की दूरी में सात किलोमीटर की बचत होगी। ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए 15 किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य भवन सहित चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए आवास एवं चहारदीवारी आदि की व्यवस्था होगी।

# अवैध पत्थर खदानों और क्रशरों पर जल्द लगाएं रोक : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। डीसी ने टास्क फोर्स के अधिकारियों से कहा कि जिले में किसी भी हाल में अवैध रूप से पत्थर खदानों और क्रशरों का संचालन नहीं हो और न ही बिना वैध कागजात के पत्थरों का परिवहन हो, इस पर अंकुश लगाने के लिए टास्क फोर्स के अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें और कहीं भी अवैध रुप से पत्थरों के उत्खनन, भंडारण, क्रेशर संचालन की शिकायत मिले तो त्वरित कार्रवाई करें, घाटों से यदि अवैध रूप से बालू का उठाव होता है तो सम्बंधित पदाधिकारी कार्रवाई करें। डीसी ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्टोन चिप्स लदे वाहनों की जांच करने और बिना चालान के पकड़े जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई करने आदि का निर्देश दिया। इसके पहले पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए, डीसी ने अधिकारियों को कई निर्देश दिये। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, एसी अनिल कुमार तिर्की, डीएमओ दारोगा राय के अलावे विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### 12 लाख की पाइप चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर करीब 12 लाख रुपए के पाइप चोरी करने मामले में फरार 4 लोगों में से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तिलैया थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने शनिवार को बताया कि 23 नवंबर को मोरियावां निवासी ईश्वर मोदी का 100 पीस पाइप धनबाद के गोविंदपुर से तिलैया लाया जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के चालक विकास कुमार जो रास्ता भटक गया था, रास्ता पूछने पर चार व्यक्तियों के द्वारा उसे बरगला कर एवं मारपीट कर ट्रैक्टर एवं पाइप को लूट लिया गया था। जिसके बाद पुलिस के ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झुमरी से विरेंदर यादव के बाउंड्री वॉल के पास से 83 पीस पाइप एवं वसुंधरा पेट्रोल पंप के पास लूटा गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया गया है। करमा निवासी मुकेश यादव व सतीश यादव को गिरफ्तार किया गया है।

### समाजसेवी के पिता का निधन

कोडरमा। समाजसेवी और स्वामी विवेकानंद पब्लिक उच्च विधालय के निदेशक खरकोटा निवासी चन्द्रदेव यादव के पिता और कोडरमा के पूर्व प्रमुख अनिता कुमारी के श्वसुर 95 वर्षीय टीको यादव का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वहीं बताया जाता है कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे 6 पुत्र, 2 पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। रविवार को खरकोटा स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, मुखिया उमेश यादव, रमेश यादव, ईश्वर यादव, विनोद यादव, छत्रधारी पासवान, महेश राणा, अर्जुन यादव, ब्रह्मदेव यादव, राजू यादव, सदानन्द यादव, राजकुमार यादव आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### कोडरमा में पारा 10 डिग्री

**कोडरमा।** जिले में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और लगातार पारा में गिरावट जारी है।शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पहुंच गई है, सुबह-शाम में ठंड बढ़ गई है।

## अन्नपूर्णा देवी ने कंप्यूटर सेंटर का किया उद्घाटन



**सतगांवा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत साप्ताहिक हाट मैदान में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर डीइजीएस कंप्यूटर सेंटर का विधिवत उद्घाटन किये। केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कंप्यूटर सेंटर खोलने से यहां के बच्चों को और खासकर बच्चियों की बहुत सुविधा हुई है, लोग इसका लाभ उठाएं। वहीं आयोजित स्थल सप्ताहिक हॉट मैदान को सुंदरीकरण एवं पेवर ब्लॉक लगाने के लिए जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा की जिम्मेवार व्यक्ति का कर्तव्य है कि स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति सजग रहें एवं स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करें। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि सरकार के द्वारा जनवरी माह में रोजगार मेला का आयोजन कोडरमा में किया जाएगा। रोजगार मेला में यह आर्हता रखने वाले सभी अभ्यर्थियों को रोजगार दी जाएगी।

वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि सतगावां प्रखंड सुदूरवर्ती क्षेत्र में कंप्यूटर सेंटर खुलने से यहां के बच्चे बच्चियां एवं अन्य लोग भी इसका लाभ लें और खासकर नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी इस सेंटर में आकर सीखें, ताकि आज कोई भी सरकार के कल्याणकारी योजनाएं सभी कंप्यूटर के माध्यम से ही चलाया जा रहा है।

बीडीओ बैजनाथ उरांव, थाना प्रभारी आनंद शाह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजू रजक, राजकुमार यादव, विजय सिंह, जयशंकर प्रसाद, विनोद कुमार यादव, मनोज चैधरी, विनोद यादव, नरेश यादव, अनिल यादव, अमर कुमार, परवेज खान समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# मरका में जेसीबी से हो रहा मनरेगा का काम

**पंकज सिंह**

## मजदूरों का हक मार रहे बिचौलिये



**चतरा।** मनरेगा योजना घोटाला का जरिया बन गया है। मनाही के बावजूद मनरेगा का ज्यादातर काम जेसीबी से कराते है और कागज पर मजदूरों का नामांकन दिखाकर पैसे का उठाव कर लिया जाता है।

ऐसा ही मामला जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत भरही पंचायत के मरका गांव में सामने आया है। जहां मनरेगा योजना का काम रात के अंधेरे में जेसीबी से खोदकर सुबह मजदूरों से ड्रेसिंग करवा प्रशासन के आँखों मे धूल झोंकने का काम किया गया है।

ऐसे में योजना के तहत भरही पंचायत के मरका गांव में छोटे तालाब गहरीकरण कार्य के अब तक हुए भुगतान के वास्तविकता की गहन जांच की गई तो बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है। वहीं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व पंचायत सचिव समेत मनरेगाकर्मियों से मिलीभगत कर जेसीबी का इस्तेमाल कर मजदूरों का हक मारने का ठेकेदार व बिचौलियों पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। बता दें मनरेगा भारत में लागू एक रोजगार गारंटी योजना है। यह योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराती है।

प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत भरही पंचायत के मरका गांव में छोटे तालाब में चल रहे मनरेगा कार्य में अनियमितता की जानकारी मिलने पर खबर मन्त्र के रिपोर्टर शनिवार को मनरेगा कार्य देखने पहुंचे। इस दौरान कई अनियमितता सामने आई। मरका गांव में जिस तालाब का कार्य किया जा रहा था उस पर पहले से जेसीबी द्वारा कार्य कर रखा था। गौरतलब हो कि मनरेगा के स्वीकृत कार्यों को श्रमिकों से ही करवाए जाने के आदेश व एक्ट में प्रावधान हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि नियम के विपरीत प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत भरही पंचायत के मरका गांव में जेसीबी मशीन से कार्य करवाए जाने की पुनरावृत्ति पर कार्रवाई होगी। फर्जी मस्टर रोल मिलने पर धन की रिकवरी करने को कहा जाएगा।

डीसी द्वारा जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को आदेश दिया गया है कि योजना के कार्य में जेसीबी मशीन का प्रयोग न किया जाए। साथ ही आधिक संख्या में श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। मशीनों का प्रयोग पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। बावजूद इसके भरही पंचायत के मरका गांव में खुदाई समेत अन्य कार्यों के लिए मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन का उपयोग कर बिचौलिए कामगारों का हक मार रहे है।

## एक नजर में

### डीसी ने कर्मियों के साथ ली संविधान की शपथ



**चतरा।** राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकरियों एवं कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर उनको शपथ दिलायी। हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 (तिथि मार्गशीर्ष, शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। उन्होंने बताया कि आज का दिन भारत के संविधान को अपनाने और संविधान के संस्थापकों के योगदान को सम्मान देने और स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है।

### डीआरडीए निदेशक ने सुनी जनता की फरियाद



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर सभा कक्ष में मिल उन्हें समस्याएं सुनाया। समस्याओं में मुख्य रूप से दिव्यांग पेंशन, प्रधान मंत्री आवास योजना,भूमि से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। डीआरडीए निदेशक ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा जताया।डीआरडीए निदेशक ने आम जनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया। निदेशक ने पूर्व में जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त आवेदन के निष्पादन हेतु दिए गए निर्देश के आलोक में निष्पादित मामले एवं लंबित मामले को लेकर ऑनलाइन मध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित आवेदन के कारण की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।

### टंडवा सीओ ने संविधान रक्षा की दिलाई शपथ



**टंडवा(चतरा)।** भारत के 73वें संविधान दिवस के अवसर पर टंडवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में अंचलाधिकारी विजय दास के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया।अंचलाधिकारी द्वारा सभी कर्मियों को प्रस्तावना पढ़कर संविधान रक्षा करने शपथ दिलाई गई।

### आयुष मेला का विधायक ने किया शुभारंभ



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा हाईस्कूल मैदान में दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन दास एवं विशिष्ट अतिथि टंडवा उत्तरी जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, मध्य क्षेत जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, चतरा जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी अवध नाथ यादव, गाडीलौंग मुखिया सबिदा खातून, टंडवा प्रखंड के आयुष प्रभारी डॉ. प्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रोगों से संबंधित जानकारी, मुफ्त इलाज एवं स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। इस आयुष मेला में एलोपैथिक दवाईयों को छोड़कर सभी प्रकार के आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक , यूनानी चिकित्सा एवं दवाइयां , स्वास्थ्य जांच , योगा की व्यवस्था होने की जानकारी दी गई। मौके पर अक्षयवट पांडे मिथिलेश गुप्ता ललित साहू सुनील चौरसिया शशि चौरसिया समेत स्वास्थ्य सहयोगी बुद्धिजीवियों एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

### चतरा कॉलेज में मना संविधान दिवस



**चतरा।** चितरा कॉलेज में शनिवार को संविधान स्थापना दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के बी.एड संभाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बी.एड संभाग में लगे आचार्य विनोबा भावे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आर.पी राय की। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय युवा परिषद के सदस्य प्रवीन कुमार सिंह और नीतिश कुमार यादव रहे।मंच का संचालन पॉलिटिकल साइंस की विभागाध्यक्ष डॉ.प्रो. इलविन बाखला की। प्रवीण कुमार सिंह और नीतिश कुमार यादव ने कहा कि युवाओं से आह्वान किया कि समाज के फैली बुराइयों को समाप्त करने के लिए हम सब को एकजुट होकर इस बुराई के खिलाफ लड़ना होगा, एवं नारी सशक्तिकरण पर भी प्रकाश डाला।

### नदी तट पर मिट्टी कटाई पर लगे रोक : ऋषिबाला

**इटखोरी।** विधायक किशुन कुमार दास की जिला प्रतिनिधि सह इटखोरी की पूर्व प्रमुख ऋषिबाला ने स्थानीय अंचल अधिकारी को एक आवेदन देकर महाने नदी के तट पर मिट्टी की कटाई पर रोक लगाने की मांग की है। आवेदन में विधायक प्रतिनिधि ने कहा है कि महाने नदी के तट पर ऐतिहासिक धार्मिक नगरी मां भद्रकाली मंदिर परिसर है। इस धार्मिक स्थल पर सनातन, बौद्ध एवं जैन धर्म का समागम हुआ है। यहां फरवरी माह में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव होता है। महाने नदी काफी ऐतिहासिक है। ऐसी स्थिति में महाने नदी को संरक्षित करने की आवश्यकता है। लेकिन एक चिमनी ईट भट्ठा संचालक के द्वारा महाने नदी के तट से मिट्टी की कटाई कराई गई है। जो पूरी तरह अवैध है।

### ठगी के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**इटखोरी।** बैंक से ऋण दिलाने के नाम पर एक ग्रामीण से रुपए की ठगी करने वाले हजारीबाग के कुम्हार टोली पार नाला मोहल्ला निवासी आकाश कुमार को इटखोरी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को चतरा जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपित के विरुद्ध थाना में रुपए की ठगी करने से संबंधित मामला दर्ज हुआ था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से पुलिस को उसकी तलाश थी।

### आरएनएम कॉलेज में मना संविधान दिवस

**चतरा।** हंटरगंज स्थित रामनारायण मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस पीओ डा० फहीम अहमद के नेतृत्व में संविधान दिवस का आयोजन बड़े ही हर्सोउलास के साथ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस एकेडमी के प्रतिनिधि डॉ. एस.एम खालिद,गौरव कुमार तथा एजाज सुलेमान खास तौर से उपस्थित थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जैनेन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे। संविधान दिवस का शुभ आरंभ राष्ट्रीय गान, एनएसएस गान एवं क्लैपिंग से किया गया। इस मौके पर संविधान का प्रस्तवना पढ़ कर शपथ दिलाया गया। प्रचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और लचीला संविधान है। हमें हर तरह की आजादी प्रदान करता है।

# स्पीड न्यूज

## पत्नी से विवाद युवक ने खाया जहर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरगांव ग्राम निवासी फूलदेव गंझु 29 वर्ष पिता भुखन गंझू ने पत्नी से विवाद होने के बाद गुस्से में आकर सल्फास की गोली खा ली। जिससे वह गंभीर रूप से अचेत हो गया। परिजनों द्वारा अचेत अवस्था में फूलदेव गंझू को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. सुरेश राम द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि फुल देव गंझू का मामूली बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था और गुस्से में आकर घर में रखें सल्फास की गोली खा लिया। चिकित्सकों के अनुसार फुल देव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## विशेष उपभोक्ता लोक अदालत में एक वाद का निष्पादन


मामले की सुनवाई करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के निर्देश पर शनिवार को लगाये गये विशेष लोक अदालत में कुल 18 मामलों को पेश किया गया। जिसकी सुनवाई के उपरांत एक मामला का निष्पादन किया गया। आवेदक दामोदर प्रसाद ने फोरम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आज न्याय मिली है। उपभोक्ता फोरम के चेयरमैन अजीत कुमार ने बताया कि कुछ और मामले निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन तकनीकी कारणों से संभव नहीं हो पाया। इस लोक अदालत में बतौर पीठासीन पदाधिकारी श्री कुमार के अलावे पुरुष सदस्य उमेश सिंह एवं महिला सदस्य वीणा सिन्हा ने मुख्य रूप से भूमिका निभाया। विशेष लोक अदालत में वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार उपेंद्र कुमार दीपक मिश्रा उपभोक्ता रविंद्र चौरसिया तथा उपभोक्ता कार्यालय कर्मी भोला प्रसाद यादव सुरेंद्र राम कृश्टिना कुजुर दिवाकर गुप्ता सुभाष लकड़ा समेत बड़ी संख्या में उपभोक्ता शामिल थे।

## सचिव ने किया विद्यालय का निरीक्षण


निरीक्षण करते अवर सचिव।

**चंदवा।** शिक्षा विभाग के अवर सचिव संतोष कुमार शनिवार को चंदवा पहुंचे जहां उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रसाद यादव के साथ प्राथमिक विद्यालय पतरा टोली व मध्य विद्यालय चंदवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रधानाचार्य व शिक्षकों से विद्यालय संचालन जानकारी ली साथ ही विद्यालय में पदस्थापित शिक्षकों की संख्या, विद्यालय की आधारभूत संरचना, छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों व विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षको की उपस्थिति, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, विशेष आवश्यकता वाले बच्चे व खेल कूद की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अवर सचिव संतोष कुमार ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में सुविधाओं को और बेहतर करते हुए शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में जो खामियां सामने आ रही है, उसके आधार पर सुधार के दिशा में कार्य किया जाएगा। मौके पर एमएस चंदवा की प्रधानाध्यापक राधिका कुमारी, पतरा टोली उदय चरण भारती, बीपीओ प्रतीक कुमार, प्रखंड साधन सेवी, विकाश कुमार शिक्षक धर्म प्रकाश अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सरयू के प्लस टू उच्च विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**सरयू।** नेहरू युवा केन्द्र लातेहार के निदेर्शानुसार सरयू के प्लस टू उच्च विद्यालय में संविधान दिवस के शुभ अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। वहीं सरयू आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संविधान एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर चर्चा किया गया। वहीं नेहरू युवा केन्द्र लातेहार के द्वारा संविधान के विषय पर छात्र छात्राओं के द्वारा क्वीज कम्पटीशन कराया गया। कार्यक्रम में सरयू प्लस टू एवं आवासीय विद्यालय के एन, वे, वी रामविलास सिंह, अध्यापक चंद्रशेखर सिंह, दिलीप कुजूर, ग्लोरीया कुमारी, समेत अन्य शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## चंदवा में लगा आयुष मेला

➲ योग, आयुष, होमियोपैथी व यूनानी ईलाज को लेकर लगा स्टॉल, दी गयी जानकारी

**चंदवा।** झारखंड सरकार के सौजन्य से शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीएस दिनेश प्रसाद, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, सीएचसी प्रभारी नंद कुमार पांडेय, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी एसएन तिवारी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के उपरांत सैकड़ो लोगो ने आयुष, होमियोपैथी व यूनानी पद्धति से अपना स्वास्थ्य जांच कराया व चिकित्सकीय परामर्श लेते हुए दवाइयां भी ली। इस दौरान योग प्रशिक्षक घन्यश्याम योगी, नीलम कुमारी सुदर्शन कुमार गुप्ता के द्वारा लोगो को योग प्राणायाम की जानकारी दी गयी व स्वस्थ्य व निरोगी रहने के लिए लोगो से इसे नित दिनचर्या में शामिल करने की बात कही गई। मौके पर सीएचओ अखिलेश कुमार रवि, आयुष चिकित्सक तरुण जोश लकड़ा, निर्मल भारती, रवि डे, असगर खान समेत चंदवा सीएचसी में दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

# धनबाद डीआरएम आशीष बंसल ने किया टोरी जंक्शन का निरीक्षण

### यात्री प्रतिक्षालय की खराब व्यवस्था व जंक्शन के बाहर शौचालय के बह रहे पानी को देख बिफरे डीआरएम

#### अधिकारियों को लगायी फटकार, तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

➲ टोरी एसएस ने पश्चिमी छोर पर फुटओवर ब्रिज निर्माण व टीआई ने रखी प्रकाश व्यवस्था की रखी समस्या

➲ अधिकारियो ने कहा ब्रिज सैंक्शन हो गया है, 1 वर्ष के अंदर पश्चिमी छोर पर फुटओवर ब्रिज का विस्तार हो जाएगा


निरीक्षण करते डीआरएम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** धनबाद रेल मंडल के डीआरएम आशीष बंसल शनिवार को विशेष सैलून यान से सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ जंक्शन परिसर का औचक निरीक्षण के क्रम में यात्री सुविधाओं की जानकारी ली साथ उन्होंने टिकट बुकिंग काउंटर सह आरक्षण केंद्र का जायजा लिया व टिकट कटाने को लेकर खड़े आम यात्रियों के साथ कतार में खड़े होकर यात्री सुविधाओं की जानकारी ली व इस दौरान उन्हें यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर अधिकारियों को

### प्रतीक्षालय की खराब व्यवस्था व जंक्शन के पास बह रहे टॉयलेट के गंदे पानी को देख विफरे डीआरएम

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी यात्री प्रतिक्षालय का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिकक्षालय की खराब विधि व्यवस्था को देख डीआरएम आशीष बंसल काफी खफा नजर आए व अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई साथ हीं तत्काल विधि व्यवस्था को दुरुस्त की करने का निर्देश दिया। यहां से निरीक्षण के उपरांत वे जंक्शन के बाहर पहुंचे जहां टिकट बुकिंग काउंटर के समीप बह रहे नाली व शौचालय के गंदे पानी को देखकर विफर गये। कहा कि इस प्रकार की कुव्यवस्था किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करें। इसके उपरांत उन्होंने पानी टंकी, जंक्शन के आसपास के क्षेत्र, आईओडब्ल्यू कार्यालय, स्टेशन के आसपास चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित भी।

### 1 वर्ष के अंदर हो जाएगा फुट ओवर ब्रिज का विस्तार

इस दौरान टोरी एसएस अशोक कुमार ने जंक्शन के पश्चिमी छोर पर फुटओवर ब्रिज नहीं रहने कारण यात्री व रेल कर्मियों को हो रही परेशानी की समस्या को डीआरएम के समक्ष रखा। इस दौरान निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों ने डीआरएम को जानकारी देते हुए बताया कि फुट ओवर ब्रिज का सैंक्शन हो गया है, 1 वर्ष के अंदर फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। वही टोरी टीआई संजय कुमार ने जंक्शन व आसपास के क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था को लेकर लगे सोलर लाइट खराब होने की समस्या को रखा। इस पर तत्काल समाधान निकालने की बात अधिकारियों से डीआरएम ने कही। मौके पर आरपीएफ कमांडेंट सैयद सरफराज, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, नीरज कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में रेलवे के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### बिजली की आंख मिचौली खेल से प्रखंड के गांव सहित विद्यार्थियों की रात्रि की पढ़ाई प्रभावित

# रात में सोने के बाद बिजली आती है जगने से पहले चली जाती है

संजय राम


बिजली सेवा अनियमितता की जानकारी देते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों पिछले एक माह से बिजली की आंखमिचौली खेल से 56 गांव के ग्रामीण परेशान हैं। मकरा गांव के ग्रामीण लवकुश यादव, भुनेश्वर राम, सकेंद्र यादव, प्रमानन्द कुमार, उमेश राम, मुनेश्वर तुरी पंकज कुमार, रुपेश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की पिछले एक माह से हमलोगो के क्षेत्र मे एक दिन में चार से छह घंटे तक विजली आती है। शाम होने से पहले चली जाती है। जिससे घरुलु काम सहित विद्यार्थियों को रात्रि की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं बताया की प्रखंड में परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के अलावे तीन अन्य उच्च विद्यालय है। मार्च तक सभी मैट्रिक व इंटर के छात्र-छात्राओं को परीक्षा होना है। असमय विजली आने के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने मे काफी मुश्किल होते जा रहा है। प्रखंड के सिबला, बारियातू, टोटी, फूलसु, बालूभाँग, साल्वे, अमरवाडीह डाढा, गोनिया पंचायत मे लगभग 56 गाँव है। सभी 56 गांव में निवास करने वाले ग्रामीणों की विजली सेवा आपूर्ति के लिए बरछिया बिजली सब स्टेशन बनाया गया है। लेकिन हाल जस के तस है। इधर कई युवाओं ने प्रखंड क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख सहित पंचायत प्रतिनिधियों को कोसते हुए कहा की चुनाव मे सभी विजली शिक्षा की बड़े-बड़े बात तो करते हैं लेकिन सर पर इंटर और मैट्रिक की परीक्षा है। विजली की हालात पर किसी की निगाहें नहीं जा रही है। रात्रि पढ़ाई बाधित होने से हमलोगो को भविष्य पर असर पड़ रहा है। लेकिन प्रखंड प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधि कोई सुध नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों ने शाम पांच बजे के बाद रात्रि मे विजली सेवा देने की विभाग से मांग की है। इधर बिजली समय नहीं मिलने के संबंध मे विद्युत विभाग के एसडीओ राजदेव मेहता से बात फोन पर बात कर जानकारी लिए जाने पर बताया की आगे से ही शाम मे लाइन बंद कर दिया जाता है। उपरोक्त ग्रामीणों ने वरिये अधिकारी से आग्रह करते हुए कहा की रात्रि दस बजे के बाद विभाग विजली काट दें लेकिन शाम पांच के बाद विजली सेवा देने की मांग की है. असमय विजली मिलने से प्रखंड के 56 गाँव के ग्रामीण सहित कुल 94 विद्यालय के अध्यनरत छात्रों को रात्रि की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## एक नजर में

### बालूमाथ में दो दिवसीय आयुष मेला का आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दो दिवसीय आयुष मेला का आयोजन किया गया। आयुष मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार आयुष विभाग को 4 पद्धति में बांटा है। जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ एवं योग के तहत कई जटिल बीमारियों का ईलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि शुगर, ब्लड प्रेशर, गठिया, चर्म रोग समेत कई बीमारी का ईलाज इन पद्धति के द्वारा की जा रही है। उन्होंने लोगों से कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयुष मेला को सफल बनाएं एवं अपने रोगों की जांच कराएं। इस आयुष मेला में जांच के बाद मुफ्त में कई तरह की दवाइयां भी दी जा रही है। इस शिविर में लगभग 300 लोगों ने प्रथम दिन ईलाज कराया। वहीं बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश राम ने कहा कि जिला के कई आयुष चिकित्सक इस मेले में पहुंचकर लोगों का ईलाज कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि दूसरे दिन लगने वाले मेले में आकर अपना स्वास्थ्य जांच जरूर कराएं। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, आयुष चिकित्सा डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. आरबी ठाकुर, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. कुमार सागर, डॉ शशि कुमार, डॉ. हिदायत हुसैन, डॉ. राकेश झा, डॉ. पप्पू यादव, आयुष कर्मी प्रतिक कुजूर, नंदकिशोर राम, दिनेश राम, कृष्णा राम, सेलिना एका, वीरेंद्र केरकेट्टा, विजय कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

## टीएसपीसी के एरिया कमांडर को किया गिरफ्तार


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते पदाधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसके तहत शनिवार की सुबह करीब 4:00 बजे बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर ग्राम के पास से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर उपेंद्र यादव उम्र 24 वर्ष पिता राजेंद्र यादव ग्राम भदेई बथान थाना मनिका, जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादी के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई उग्रवादी कांड दर्ज हैं। उक्त उग्रवादी के द्वारा व्हाट्सएप कॉल मैसेज के माध्यम से टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर जिले में चल रहे विकास कार्य में लगे संवेदको, कोयला कारोबारियों एवं अन्य व्यवसायियों से रंगदारी लेवी की मांग किया जाता था पूर्व में उक्त उग्रवादी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य भी रह चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बालूमाथ थाना कांड संख्या 155/ 2022,218/2022 मनिका थाना कांड संख्या 42/17, 46/17,62/2022 लातेहार थाना कांड संख्या 48/2022, 75/2022, 164/2022 दर्ज है वही गिरफ्तार उग्रवादी के पास से एक छोटा मोबाइल, एक एंड्राइड मोबाईल, एक छोटा पैकेट डायरी बरामद किया गया है। इस छापेमारी अभियान में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार,पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, एसआई नीतीश कुमार, एसआई दुती कृष्ण महतो समेत सहस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवददाता

➲ उपायुक्त भोर सिंह यादव ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना का कराया पाठ

**लातेहार।** संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय सभागार में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त भोर सिंह यादव की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया गया। हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपने इस संविधान सभा में तारीख 26 नवंबर 1949 ई (तिथि मार्गशीर्ष, शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा के द्वारा संविधान के प्रारूप को अंगीकृत किया गया था। आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाता है। प्रस्तावना संविधान की आत्मा है यह देश के शासनव्यवस्था एवं देशवासियों के लिए मार्गदर्शिका है। प्रस्तावना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर आज संविधान दिवस के अवसर शपथ लेते हैं कि समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के इस अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करें। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार समेत जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया संविधान दिवस


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** संविधान दिवस के शुभ अवसर पर लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उराँव ने किया। वहीं संचालन कांग्रेस नेता साजन कुमार ने किया। वहीं मुनेश्वर उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दर्जनों भाषा, सैंकड़ो विधि, हजारों विधान है, जो जोड़कर सबको साथ रखे, वो भारत का संविधान है। संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने आज हर गरीब से गरीब शोषित पीड़ित दबे कुचले लोगों का संविधान एक सुरक्षा कवच है। इस दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए लोगों को कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर संशोधन करने का काम कर रही है जोकि देश हित के लिए सही नही है। देश हित में अगर कोई राजनीतिक पार्टी है जो संविधान को रक्षा कर सके, वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी करती है। मौके पर उपस्थित युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उराँव, प्रखंड अध्यक्ष शंभू यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रबानी हुसैन, महेंद्र प्रसाद, बसंत यादव, बिजेंदर राम, प्रवेश उरांव, कुलेश्वर उरांव, सकेन्द्र यादव, अखिलेश यादव आदि लोग उपस्थित।

## नेतरहाट विद्यालय में मना संविधान दिवस


संबोधित करते शिक्षक।

**लातेहार।** 26 नवंबर संविधान दिवस के मौके पर राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। मंच का संचालन विभागाद्यक्ष मुकेश कुमार ने किया। राजनीति विज्ञान के वरीय शिक्षक मुकेश कुमार ने प्रस्तावना की शपथ शिक्षकों, कार्यालय कर्मियों तथा छात्रों को दिलवाई। संविधान दिवस के महत्व तथा भीम राव अंबेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय के समस्त छात्रों को प्रस्तावना की मुद्रित कॉपी मिली। चूंकि संविधान से बहुत सारे प्रश्न लोक सेवा आयोग की परीक्षा में आते हैं। और नेतरहाट के बच्चें अच्छी संख्या में हर वर्ष संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करते हैं। पूर्व प्राचार्य तथा वरीयतम शिक्षक विध्यांचल पांडे ने प्रस्तावना के हर एक शब्द को विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही संविधान दिवस के महत्व को बतलाया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने संविधान की बढ़ती प्रासंगिकता पर छात्रों को रुबरु कराया। उन्होंने बताया कि अधिकार के साथ कर्तव्य को नही भूलना चाहिए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान की शिक्षिका स्मृति सिंह ने दिया। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार सिंह तथा विभाग के अध्यक्ष मुकेश कुमार को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। संविधान दिवस के मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, कार्यलय कर्मी तथा सभी छात्र उपस्थित थे।

### लैंपस भवन के सामने बन रहे कोल्ड स्टोर का घटिया काम देखकर भड़के ग्रामीण

# काम को करवाया बंद, जिला प्रशासन से जांच करने की मांग

➲ कृषि मंत्री से काफी दिनों की मांग के बाद यहां पर कोल्ड स्टोर निर्माण किया जा रहा है जिसमें घोर लापरवाही बरती जा रही है : सुरेंद्र पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता


कोल्ड स्टोर निर्माण कार्य की निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित लैंपस भवन के सामने बन रहे कोल्ड स्टोर निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। कोल्ड स्टोर निर्माण का कार्य सहकारिता विभाग के तहत निदान फाउंडेशन के द्वारा कराया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,सुरेंद्र भारती,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार,कामाख्या प्रसाद,समेत कई ग्रामीण कोल्ड स्टोर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य में भारी लापरवाही देख नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। इस संबंध में जब कार्य स्थल पर उपस्थित मुंशी से बात की गई तो मुंशी ने बताया कि संस्था के द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है उक्त कार्य का कितना प्राक्कलन है। मुंशी ने नहीं बताया ना ही किसी अभियंता के द्वारा दिशा निर्देश के बारे में बताया। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि काफी दिनों पूर्व से कृषि मंत्री से लैंपस भवन के सामने कोल्ड स्टोर निर्माण की मांग की जा रही थी जिसके बाद इस योजना को पारित किया गया है। लेकिन ठेकेदार और बिचौलियों के मिलीभगत से कोल्ड स्टोर का घटिया निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा 1 फीट का बुनियाद, 8एमएम व 6 एमएम छड़ की बिम, मिट्टी मिला हुआ बालू, दो नंबर की ईंट,और जुड़ाई के लिए बनाए गए मसाले में सीमेंट की कमी,जैसी भारी लापरवाही बरती जा रही है जो कि बहुत ही गलत है। इस तरह से अगर कोल्डस्टोर का निर्माण हुआ तो बहुत जल्द ही यह जर्जर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब इस योजना की स्टीमेट दिखाने के लिए ठेकेदार को बोला जा रहा है तो वह दिखाने से इंकार कर रहा है। श्री पासवान ने कहा कि जब तक जेई के द्वारा इस कार्य का प्राक्कलन नहीं बताया जाएगा और यहां गिरे घटिया सामग्री को नहीं हटाया जाएगा तब तक यह कार्य बंद रहेगा। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से किसी भी योजना स्थल पर कार्य शुरू होने से पहले बोर्ड लगाने एवं योजना के बारे में जानकारी लिखने व कोल्ड स्टोर निर्माण कार्य की जांच पड़ताल कर सही ढंग से निर्माण कार्य करवाने की मांग किए हैं। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक हुए घायल

➲ भाजपा नेता सह पूर्व जिप सदस्य व मनिका पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दोमुहान मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन शनिवार को सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दोनों ही घायल युवक सड़क के किनारे पड़े हुए थे। तभी अपने घर की ओर जा रहे भाजपा नेता सह पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह व मनिका पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान ने घायलों को देखा और अपनी वाहन को रोककर दोनों घायलों को अपने वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया। जहां पर उपस्थित डॉ. उमेश एवं डॉ. सत्येंद्र ने घायलों का जांच पड़ताल कर प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदनीनगर रेफर कर दिया। घायल युवकों की पहचान राहुल यादव व राजनाथ उरांव के रूप में की गई है।

स्पीड न्यूज

## विधायक ने किया पुटकी में पथ का शिलान्यास

**पुटकी।** झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल पुटकी से सिजुआ तक पथ चौड़ी करण एवं मजबूती करण लम्बाई तीन किलोमीटर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहद पुटकी सियालगुदरी चौक से छाई गद्दा पावर हाउस न्यू ड्रिप होते हुए ।पीसीसी एवं पिच रोड का शिलान्यास धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा किया गया जिसकी लागत एक करोड़ से अधिक लागत से निर्माण की जाएगी ।मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि भानु प्रताप,सियालगुदरी मुखिया प्रतिनिधि विकास सिंह चौधरी, मुकेश पासवान छोटू दास विकास मिश्रा सदानंद बरनवाल दीपक सिंह चौधरी संतोष पासवान केदार बरनवाल राहुल सिंह, अर्जुन महतो मनीष सिंह, संतोष पासवान, अमित कुमार राहुल इत्यादि गण्यमान लोग शामिल हुए।

## संपदा न्यायालय बोकारो ने आवास खाली कराये

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालयए बोकारो द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत 2। का आवास संख्या 3107ए 6व का 2335ए 9ठ का 0821ए 3। का 0852 एवं 3व का 0364 व 0407 आवास खाली कराए गए। मजिस्ट्रेट प्रवीण रोहित कुजूर के नेतृत्व में इस अभियान के तहत अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है ।

## बीएसएल में मनाया गया संविधान दिवस

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के इस्पात भवन स्थित समिति कक्ष में आयोजित संविधान दिवस समारोह में कार्यकारी अधिशासी निदेशक ;कार्मिक व प्रशासनद्ध बी एस पोपली ने बीएसएल अधिकारियों व कर्मियों को भारत के संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक ;कार्मिकद्धहरि मोहन झाए मुख्य महाप्रबंधक ;एचआरडीद्ध मनीष जलोटाए मुख्य महाप्रबंधक ;आई टीद्ध ए बंकिरा तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## कसमार सीओ ने पकड़ा अवैध बालू लदा ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के ओरमो में मुख्य पथ में कसमार सीओ ने दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा और कसमार थाना के हवाले कर दिया। कसमार थाना ने दोनों ट्रैक्टरों के चालकों को पकड़कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। ट्रैक्टर पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको का बताया जा रहा है। पुलिस टैक्टर मालिकों का पता करने के लिए छानबीन में जुट गई है। बता दें कि गुरुवार को मधुकरपुर खांजो नदी में अवैध बालू उत्खनन के दौरान चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हो गई थी।

## बीएसएल प्रशासनिक भवन में कौमी एकता पर काव्य गोष्ठी

**बोकारो।** बीएसएल के संपर्क एवं प्रशासन विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन में कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में सीजीएम ;सिक्योरिटीद्ध मनोज कुमारए सीजीएम ;एसपीयू. बेतियाद्ध पीताम्बर चौधरीए सीजीएम ;कार्मिकद्ध हरि मोहन झाए जीएम;संपर्क एवं प्रशासनद्धएन ए सैफीए वरीय प्रबन्धक ;संपर्क एवं प्रशासनद्ध शशांक शेखर सहित बीएसएल के अन्य अधिकारीए कर्मी तथा स्थानीय कवि एवं कवियित्री उपस्थित थे। डॉ नरेंद्रए दिलकश बोकारवीए महेश मेहंदीए कस्तूरी सिन्हाए नीता सहायए एफ आलमए अमृता शर्माए करुणा कलिका ने अपनी कविताओं के माध्यम से कौमी एकता के प्रसार का संदेश दिया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने सभी को अपने दिलों में कौमी एकता की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शशांक शेखर ने किया। मौके पर काफी लोग मौजूद थे।

# धनबाद: अधिकारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

संविधान दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय के सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे। हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। संविधान दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों, अंचलों में भी ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, अंशु पांडेय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण विज्ञान विभाग ने मनाया संविधान दिवस

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया । उक्त कार्यक्रम का प्रारंभ संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तैलीय चित्र पर विभाग के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर एवं छात्र-छात्राओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया तत्पश्चात , विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डी के सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी तथा संविधान को मानने मानने के लिए प्रेरित करने तथा इसकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा ली गई । मुख्य अतिथि के रूप में पी के राय कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीके सिन्हा मौजूद थे।

## धनबाद: न्यायाधीशों, वकीलों ने ली संविधान की शपथ

संविधान के प्रति निष्ठा रखना हम सब का कर्तव्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय संविधान की शक्ति उसके उद्देश्य उसमे वर्णित सामाजिक, आर्थिक न्याय की परिकल्पना समझने का इससे अच्छा अवसर कोई नहीं हो सकता ऐसे तो हम रोज संविधान के प्रावधानों के तहत ही काम करते हैं परंतु वर्ष में एक दिन ऐसा भी होता है जिसमें हम अपने संविधान के प्रति निष्ठा प्रकट करने के लिए एक जगह एकत्रित होते इसी कारण आज हम लोगों ने संविधान की शपथ ली है और उसके प्रस्तावना को पढा है। उक्त बातें शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही।कार्यक्रम में धनबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी,विधिक स्वयंसेवक,सिविल कोर्ट कर्मचारी,बार एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ता और उपस्थित अधिकारियों ने संविधान के प्रस्तावना को न्यायाधीशों के संग पढा और संविधान में अपनी निष्ठा प्रकट की। न्यायाधीश श्री शर्मा ने सभी से संविधान के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने की अपील की। वहीं बार एसोसिएशन में भी अधिवक्ताओं ने संविधान की शपथ ली और प्रस्तावना को पढा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर विभिन्न स्कूलों मे जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है जिसके तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता,पेंटिंग आयोजित की जाएगी जिसमें बच्चे मौलिक अधिकारों के संबंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन,जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार श्रीवास्तव, प्रेमलता त्रिपाठी, रजनीकांत पाठक ,सुजीत कुमार सिंह,एसएन मिश्रा, प्रभाकर सिंह आदि मौजूद थे।

## मारपीट कर भाग रहे छह लोग गिरफ्तार दो देसी कट्टा और चार गोलियां बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्थानीय सदर अस्पताल में हंगामा व मारपीट के आरोपी छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार ;संख्या जेएच.09 एएम. 9479द्ध को जब्त कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया के पुलिस अवर निरीक्षक पवन कुमार को दूरभाष पर यह सूचना प्राप्त हुई कि बोकारो सदर अस्पताल में कुछ असामाजिक तत्व हल्ला हंगामा और मारपीट कर रहे हैं।आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस बल के पदाधिकारी व जवान सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस वाहन को देखते ही सफेद रंग की स्कार्पियो में सवार लोग भागने लगे।इसी क्रम में स्कॉर्पियो असंतुलित होकर सेक्टर टू ए के एक आउट हाउस की दीवार तोड़ते हुए अंदर प्रवेश कर गई। तब तक वहां पुलिस पहुंच चुकी थी।गाड़ी के अंदर बैठे सभी लोगों को बारी.बारी से बाहर निकाला गया और उनकी तलाशी के दौरान दो देसी कट्टा तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों में पंकज कुमारए करण साहनीए लक्ष्मण केवटए अभय कुमारए राहुल कुमार तथा ओम दास के नाम शामिल हैं।

## आम सहमति से बाबा साहेब ने बनाया था संविधान: बीएन राय

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** ऑल इंडिया एसटी एससी ओबीसी इंम्प्लाइज काउंसिल के द्वारा शनिवार को सिन्दरी के रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक में आयोजित कार्यक्रम में संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित बीआईटी प्रो डॉ बी एन राय ने कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण बहुमत से नहीं बल्कि आमसहमति से बनाया था। उन्होंने कहा कि देश के संविधान के निर्माण में 2 वर्ष 11 महिने 18 दिन लगे थे और 26 नवंबर 1949 को इसे अपनाया गया था। इसकी रचना में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद, देश के प्रथम गृहमंत्री डॉ बल्लभ भाई पटेल व खिलाफत आंदोलन के प्रणेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के द्वारा की गई थी। संविधान दिवस की विधिवत घोषणा सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा 19 नवंबर 2015 को किया गया था। काउंसिल के वरिष्ठ साथी सुरेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। मदन प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान को हर घर में जीवन रक्षक के रूप में रखना चाहिए।

## चास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य में तेजी लायें



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड के सचिव विनय चौबे ने जायजा लिया ।नगर विकास एवं आवास विभागए झारखंड के सचिव ने तेलमच्चो समीप दामोदर नदी किनारे शहरी क्षेत्र में शुद्ध पेयजलापूर्ति को लेकर बनाएं जा रहें वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व कालापत्थर क्षेत्र में निमार्णाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट आदि का भी निरीक्षण किया ।कार्यरत एजेंसी जुसको के महाप्रबंधक आर के सिंह एवं एस एस सेनगुप्ता ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के प्रगति कार्य की जानकारी दी। बताया कि लगभग 80 फीसद कार्य पूर्ण हो गया है। पेयजलापूर्ति को लेकर विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में पाइप बिछाने का कार्य प्रगति पर है ।अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कुल 640 फ्लैट में 480 फ्लैटों की बुकिंग हो गई है ।सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप समाहरणालय निर्माण को लेकर चिन्हित भूमि का भी जायजा लिया ।उपायुक्त ने भूमि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सचिव ने चास नगर निगम क्षेत्र के लिए ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट निर्माण के सम्बन्ध में जरूरी दिशा द्द निर्देश दिया ।मौके पर ओएसडी विवेक सुमनए भवन प्रमंडल के अभियंताएएडीपीआरओ अविनाश कुमारए अजय कुमारए सहायक अभियंताए पीएमएवाई के समन्वयक, नगर निगम के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## कतरास में लगा विकलांगता शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** शनिवार को पहला कदम स्कूल के द्वारा डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब एवं लायंस क्लब ऑफ कतरास के संयुक्त तत्वधान में दिव्यांग एवं विकलांग बच्चों का प्रशिक्षण शिविर तथा बच्चों एवं व्यस्को का विकलांगता प्रमाण पत्र का रजिस्ट्रेशन शिविर राजेंद्र क्लब के प्रांगण में लगाया गया। शिविर में दर्जनों दिव्यांगजन पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन कराया एवं शिविर का लाभ लिया। पहला कदम विद्यालय के वरीय शिक्षक मोहम्मद अनवारुल हक ने बताया कि विश्व विकलांग दिवस के मौके पर 1 सप्ताह का बंटवारा पहला कदम स्कूल के द्वारा चलाया जा रहा है जिसके तहत दिव्यांग जनों को रजिस्ट्रेशन एवं सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया चल रही है। लायंस क्लब ऑफ कतरास की लायन मधुमाला, लायन विष्णु प्रसाद चौरसिया, लायन रितेश दुबे, लायन कृष्ण कन्हैया राय, लायन प्रतीक मिश्रा, महेश अग्रवाल, लायन समीर जायसवाल। पहला कदम स्कूल की प्रिंसिपल सुधा पांडे, वाइस प्रिंसिपल अनवर सर, संतोष सर ,बबीना चावड़ा और संध्या पांडे आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदा निवासी चुनु महतो का एकलौता 40 वर्षीय पुत्र नित्यानंद महतो की गोला थाना क्षेत्र के मगनपुर के समीप स्थित एनएच 23 में अज्ञात वाहन द्वारा बाइक सवार को अपने चपेट में लेने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी । मृतक रांची में काम खत्म करने के बाद अपने बाइक से घर बगदा आ रहा था। गस्ती के दौरान पुलिस की नजर सड़क पर गिरे युवक पर पड़ी । तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। गोला पुलिस सड़क दुर्घटना से मृतक नित्यानंद महतो का शव तथा मृतक का वाहन अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि अज्ञात वाहन मृतक नित्यानंद को काफी दूर तक घसीटता ले गया था ।मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। मृतक का शव रामगढ़ में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को घर बगदा लाने की व्यवस्था गोमिया विधायक डॉवलंबोदर महतो ने मुहैया करायी है। वहीं गोमिया विधायक ने गहरी दुख संवेदना व्यक्त की है।

# झामुमो की लड़ाई में स्थानीयों की हुई जीत: रमेश टुडू

विस्थापन प्रमाण पत्र के लिए सरकार को किया गया अवगत




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** विगत 26 अक्टूबर से हर्ल गेट पर जारी झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व कर रहे झामुमो जिलाध्यक्ष रमेश टुडू ने शनिवार को झामुमो कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि स्थानीयों की जीत हुई है। उत्पादन कर रही हर्ल प्रबंधन ने 75 प्रतिशत स्थानीयों के नियोजन को लेकर सहमति जता दी है। झामुमो स्थानीयों के नियोजन होने सहित अन्य पाँच माँगों को लेकर धरना जारी रखेगी और फिलहाल चक्का जाम नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जिला प्रशासन के सलाह पर उत्पादन कर रही हर्ल को अचानक बंद नहीं किया जा सकता है। ऐसा करने से अमोनिया का रिसाव हो सकता है और इससे क्षेत्र के लोगों को जानमाल की क्षति हो सकती है। अन्य माँगों को लेकर हर्ल सकारात्मक पहल कर रही है। झामुमो उत्पादन के विरोध में नहीं है। हर्ल ने भी स्थानीयों के नियोजन को लेकर हर्ल मुख्य द्वार पर एक बोर्ड लगाकर स्पष्ट कर दिया है। सिन्दरी में विस्थापितों की समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इस समस्या से अवगत कराया गया है। इसको लेकर धनबाद अनुमंडल पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को भी इस पर पहल करने के लिए कहा गया है। बताते चलें कि एफसीआई सिन्दरी द्वारा किए गए विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण पत्र नहीं मिलने से झारखंड सरकार द्वारा जारी सुविधाएँ सहित हर्ल में नियोजन मिलने में असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि हर्ल द्वारा नियोजनालय के माध्यम से नियोजन में स्थानीय प्रमाण पत्र भी देना होगा।

### प्रेस वार्ता में थे मौजूद

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष रमेश टुडू, जिला प्रवक्ता अरणव सरकार, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र किस्कू, अख्तर हुसैन अन्सारी, हैदर अली, यूधेश्वर सिंह, टार्ज़न हेम्ब्रम, रामू मंडल, परशुराम सिंह, दिवास बेहरा, अशोक महतो, नाजू सिंह, विश्वजित सिंह, शुभंकर मंडल, मुकेश गोराईं, मनसा राम महतो, अजय कालिंदी, बबलू टुडू, मोतीलाल मुर्मू, पोल्टू रवानी, अमित हेम्ब्रम, राजकुमार मुर्मू, वानेश्वर हेम्ब्रम सहित कई युवा मौजूद थे।

एक नजर में

## सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में विज्ञान मेला



**कतरास।** शनिवार को कतरास बाजार सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी लगाई जिसने लोगों का मन मोह लिया पत्रकारों को संबोधित करते हुए विद्यालय के सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया ने बताया कि यह बच्चे भविष्य के डॉक्टर इंजीनियर है मैं सभी बच्चों को दिल से धन्यवाद देता हूं। मौके पर विद्यालय के सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चौधरी उप प्राचार्य अभिमन्यु कुमार मेला संचालक विवेक सिन्हा कंप्यूटर के वरिष्ठ आचार्य दिनेश तिवारी चेतन कुमार आदि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### सर्टिफिकेट जरूरी नहीं : बादल...

मंत्री ने कहा कि हर किसान परिवार या खेतिहर मजदूर जो राज्य के राशन कार्डधारी हो, उन सबको मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत लाभ दिया जाये। विभागीय सचिव से कहा कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लिए जो दस्तावेजों को अपलोड किया जाता है, उनमें से लैंड पजेशन सर्टिफिकेट की बाध्यता को खत्म किया जाये। यह सुनिश्चत किया जाये कि हर एक किसान जिनका नाम राशनकार्ड में दर्ज है, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ मिले। मार्केटिंग बोर्ड को प्रभावी बनाने के सवाल पर बादल ने कहा कि पूर्व में राजभवन से कुछ आपत्तियों के साथ प्रस्ताव लौटाये थे। इसका निराकरण हो चुका है। जल्द ही कैबिनेट से सहमति के बाद फिर से राजभवन को भेजा जायेगा।

**सफलता अक्षरशः नहीं मिल रही है:** कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना में कई सुझाव आये। सुझावों के अनुरूप कई बदलाव भी किये गये हैं, फिर भी सफलता अक्षरशः नहीं मिल रही है। पशुधन योजना के तहत आवेदन प्राप्त करने की रफ्तार काफी धीमी है, जिसमें सुधार करने की जरूरत है। साथ ही कई जिलों में योजना के धीमे कार्यान्वयन को लेकर नाराजगी भी जताई।

### ताकत से आगे बढ़ रहा है: मोदी...

पीएम ने कहा, हमारे संविधान के प्रेंबल की शुरूआत में जो - वी द पीपुल लिखा है। यह सिर्फ तीन शब्द नहीं है। यह एक आह्वान है, एक प्रतिज्ञा है। एक विश्वास है। संविधान में लिखी यह भावना उस भारत की मूल भावना है, जो दुनिया में लोकतंत्र की जननी रही है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहा है। यही भावना हमें वैशाली के गणराज्य और वेद की ऋचाओं में भी दिखती है। पीएम ने कहा, नागरिकों को सुखी रखना, साथ सच्चाई के साथ खड़े होना और सरल व्यवहार, यही राज्य का व्यवहार होना चाहिए। आधुनिक संदर्भ में भारत के संविधान ने देश की इन सभी सांस्कृतिक और नैतिक भावनाओं को समाहित किया हुआ है। महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि मौलिक अधिकार वे जिम्मेदारियां हैं जिन्हें नागरिकों को अत्यंत समर्पण और सच्ची ईमानदारी के साथ पूरा करना चाहिए। एक व्यक्ति हो या संस्थान, हमारे कर्तव्य हमारी पहली प्राथमिकता हैं।

**पारदर्शी बनाने का प्रयास :** पीएम ने ई-अदालत परियोजना के तहत नयी पहल भी शुरू की, जो सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सक्षम अदालतों के माध्यम से वादियों, वकीलों और न्यायपालिका को सेवाएं प्रदान करती हैं। इसके तहत जिन पहलों की शुरूआत हो रही है उनमें 'वर्चुअल जस्टिस क्लॉक', 'जस्टआईएस मोबाइल एप 2.0', डिजिटल अदालतें और 'एसथ्रीडब्ल्यूएएएस' शामिल हैं। ई-कोर्ट परियोजना कुशल और समयबद्ध, वादी केंद्रित, वहनीय, सुलभ, किफायती, पारदर्शी और जवाबदेह न्याय प्रणाली की परिकल्पना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सामान्य मानविकी के लिए आज कानूनों को सरल बनाया जा रहा है। समय पर न्याय पहुंचाने के लिए हमारी न्यायपालिका भी लगातार कई सार्थक कदम उठा रही है। आज अमृतकाल में जब हम आजादी के 75 वर्ष पूर्ण करके अगले 25 वर्षों की यात्रा शुरू कर रहे हैं, तो संविधान का यह मंत्र देश के लिए एक संकल्प बन रहा है।

### पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज...

वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय ( इडी) के अनुरोध पर अभिषेक प्रसाद, विशाल चौधरी, जे जयपूरियार और निशीथ केसरी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। इन्हें देश छोड़कर बाहर जाने पर रोक लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर की शाम को मनरेगा घोटाले मामले में फरार चल रहे विशाल चौधरी विदेश भागने की फिराक में थे, लेकिन वे पत्नी के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़े गये थे। इडी अधिकारियों ने विशाल चौधरी को 28 नवंबर को समन जारी कर रांची स्थित अपने कार्यालय बुलाया है।

### झारखंड अब नक्सल मुक्त होने की राह पर ...

श्री कुमार ने कहा कि सुरक्षा बल अब इस इलाके में नक्सलियों पर भारी पड़ रहे हैं। नक्सलियों के पैर उखड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक नक्सलियों के सारे ठिकानों को ध्वस्त नहीं कर देंगे, तब तक सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी रहेगी। नक्सलियों के सबसे मजबूत गढ़ बूढ़ा पहाड़, चाईबासा, खूंटी और सरायकेला और पारसनाथ पहाड़ पर हमने पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों का एक और गढ़ चाईबासा है। एक-दो महीने के भीतर हम वहां से भी नक्सलियों को खदेड़ देंगे। उन्होंने कहा बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित चक्रबांधा भी नक्सलियों का एक गढ़ है। हमने बिहार के औरंगाबाद में चार कैंप बनाये और जनवरी से जुलाई तक वहां ऑपरेशन चलाया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद हमने नक्सलियों को वहां से खदेड़ दिया।

### ट्रांसपोर्टर और डीएसडी के खेल में उपभोक्ता फेल...

**हर माह बिक जाता है गरीबों का निबाला:** गरीबों के निबाले बेचने के खेल में बाप-बेटे का साथ एक स्थानीय दबंग डीलर का भी मिल रहा है। यह डीलर कोई सामान्य डीलर नहीं, बल्कि भेष बदलकर कई प्रखंड में अनाज की आपूर्ति करनेवाला बहुरूपिया है। इसके परिवार में एक दर्ज से ज्यादा पीडीएस डीलर हैं। यानि कहा जा सकता है कि राशन की कालाबाजारी का एक खिलाड़ी यह भी है, जिसके सह पर सतेंद्र सिंह और उसके बेटे राहुल बेखौफ कालाबाजारी के इस धंधे में लिप्त थे। इनके द्वार हर माह लाखों रुपये का अनाज गोदाम लाने से पहले ही बेच दिया जाता था।

### हाजिरी बनाने अब जाना ही होगा स्कूल...

**तो रुक जायेगा शिक्षकों का वेतन:** नयी व्यवस्था शुरू होने के बाद शिक्षक नेटवर्क कनेक्टिविटी का भी बहाना नहीं बना सकेंगे। स्कूल आते और स्कूल छोड़ते वक्त उन्हें ई-विद्यावाहिनी पर पंच करना होगा। इससे पता चलेगा कि शिक्षक कब तक स्कूल में रहे, जो शिक्षक पोर्टल के जरिये अपनी हाजिरी नहीं बनायेंगे, जनवरी महीने से उनके वेतन का भुगतान रोक दिया जायेगा।

**कोट :** राज्य के स्कूलों को जियो फेंसिंग सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। एक जनवरी से सभी शिक्षकों को ई-विद्यावाहनी में अनिवार्य रूप से अपनी हाजिरी बनानी होगी। फिलहाल स्कूलों का डाटा और उनके जिओ लोकेशन को अपडेट करने का काम चल रहा है-

**किरण कुमारी पासी, निदेशक, जेइपीसी।**

## स्पीड न्यूज

### बहुत जल्द आप एक राष्ट्रीय पार्टी बनेगी: एके



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी देश की जनता की नयी उम्मीद और विश्वास बन चुकी है तथा बहुत जल्द एक राष्ट्रीय पार्टी बनने जा रही है। केजरीवाल ने आप के 10वें स्थापना दिवस के मौके पर कहा कि 10 साल पहले आज ही के दिन आम आदमी पार्टी की स्थापना हुई थी। इन 10 सालों में जनता के बेशुमार प्यार और कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी ने भारतीय राजनीति में कई इतिहास रचे। आज आम आदमी पार्टी देश की जनता की नयी उम्मीद बन चुकी है, विश्वास बन चुकी है।

### बीजापुर : एक महिला सहित 3 नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर में शनिवार को सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में एक महिला नक्सली सहित तीन नक्सलियों को मार गिराया। ये मुठभेड़ नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के मिरतुर थाना इलाके के पोमरा गांव के जंगल में हुई। सुरक्षा बलों की जहां मुठभेड़ हुई वहां लगभग 40 माओवादी मौजूद थे। मुठभेड़ सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई बताई जा रही है।

### मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की एक याचिका शनिवार को दिल्ली की एक कोर्ट ने खारिज कर दी। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में तिहाड़ जेल में बंद सत्येंद्र जैन ने उन्हें मेवे और फल उपलब्ध कराने के लिए याचिका दायर की थी।

### दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया जैकलीन का बयान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने धारा 164 के तहत कोर्ट में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज का बयान दर्ज किया है। जैकलीन ने कहा था कि वह कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी देना चाहती है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इसे सामान्य मुलाकात बताया जा रहा है।

## पश्चिमी देशों को विदेश मंत्री एस जयशंकर का जवाब

# भारत अपने स्टैंड पर कायम, आप अपना देखें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख पर सवाल उठाने वालों को सीधा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम को भारत के इसी रवैये के साथ जीना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारत भी अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद पश्चिम के साथ काम करता रहा है। उन्होंने पश्चिम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर भारत का ये रुख आपकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं है तो ये आपकी समस्या है। विदेश मंत्री ने कहा कि रूस यूक्रेन मुद्दे पर भारत ने काफी गंभीर रुख अपनाया है। पिछले 9 महीनों में भारत के रुख का सम्मान किया गया, और अपने क्रेडिबल पॉजिशन के साथ भारत भी रूस यूक्रेन युद्ध खत्म करने का समर्थक है, और दूसरों के साथ काम करना चाहता है। विदेश मंत्री ने यह बातें एक चैनल के प्रोग्राम में कही।



**पश्चिम को विदेश मंत्री ने दिया करारा जवाब :** विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान वित्तपोषित आतंक की चर्चा किए बगैर कहा कि भारत भी आए दिन पड़ोसी के साथ आतंक की समस्या झेलता है, इस मुद्दे पर वे सभी एक क्यों नहीं होते? विदेश मंत्री ने यह भी पूछा कि आतंकवाद पर क्वाड की एकताई कहां है, जो कि बहुत पुरानी समस्या है। क्वाड इंडो-पैसिफिक की समस्याओं से निपटने और सभी के एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने के उद्देश्य से बनाया गया था। विदेश मंत्री ने पश्चिम को भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि आपने यूक्रेन को चुना। हम पाकिस्तान और अफगानिस्तान को चुन सकते थे और पूछ सकते थे कि वे भारत के रुख का समर्थन क्यों नहीं कर रहे।

### म्यांमार की राजनीतिक स्थिति एक चुनौती

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इम्पाल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश और म्यांमार बाहरी पहुंच के संदर्भ में प्रासंगिक हैं। जयशंकर ने कहा, व्यापार व सीमा पार के अवसरों के लिए हम कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम समग्र व्यापार बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा, हम म्यांमार के साथ दो बड़ी कनेक्टिविटी परियोजनाओ पर काम कर रहे हैं। म्यांमार के उस हिस्से में विद्रोह की चुनौतियां हैं। हमें म्यांमार में पहुंच संबंधी समस्याओं के कारण समस्या है। म्यांमार में राजनीतिक स्थिति एक चुनौती है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने विपक्ष के उन आरोपों का भी जवाब दिया, जहां वे कहते रहे हैं कि चीन पर पीएम मोदी ने सख्ती नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने कामों में स्पष्ट थे।

### जीएसटी परिषद की बैठक 17 दिसंबर को

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 48वीं बैठक 17 दिसंबर को होगी। जीएसटी परिषद ने ट्विटर पर लिखा है, 'जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक 17 दिसंबर, 2022 को वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए होगी।' बैठक में कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर जीएसटी लगाने और जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर राज्य के वित्त मंत्रियों के समूह की रिपोर्ट पर चर्चा होगी।

## आफताब को 13 दिन की न्यायिक हिरासत, गया जेल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लिव इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपित आफताब अमीन पूनावाला को दिल्ली पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साकेत कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जज ने आफताब को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

**कल होगा नार्को टेस्ट**

आफताब पूनावाला के नार्को टेस्ट को लेकर पुलिस जोर-शोर से जुटी हुई है। शुक्रवार को पॉलिग्राफी टेस्ट के तहत आफताब से पूछताछ भी की गई थी। अब सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार 28 नवंबर को आरोपी का नार्को टेस्ट कराया जा सकता है। श्रद्धा वालकर हत्याकांड में अभी तक पुलिस को कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा है। श्रद्धा मर्डर केस के आरोपी आफताब का पॉलीग्राफिक टेस्ट शनिवार को पूरा हुआ।

## पीएसएलवी-सी54 ने ईओएस-6 उपग्रह को किया लांच

### चक्रवातों पर नजर रखना होगा आसान

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा।** भारत के ताकतवर प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी-सी54 ने शनिवार को 1,117 किलोग्राम वजनी पृथ्वी की निगरानी करने वाले उपग्रह (अर्थ आब्जर्वेशन सटेलाइट) ईओएस -06 को उसकी वांछित कक्षा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया।

इससे पूर्व पीएसएलवी एक्सएल संस्करण के इस 44 मीटर अम्बे अंतरिक्ष वाहन ने 24 घंटे की उलटी गिनती सफलतापूर्वक पूरी और उसके बाद प्रथम लॉन्च पैड से शानदार ढंग से 1156 बजे पर अपनी 56वीं उड़ान भरी,इससे आसमान में नारंगी धुआं भर गया और इसकी गर्जना ने पृथ्वी को हिला दिया।यह अपने साथ इओएस 06 के अलावा आठ नैनो उपग्रह लेकर गया है।



### कांग्रेस राज में खूब हुए आतंकी हमले : शाह

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब आतंकवादी हमले बड़े पैमाने पर होते थे और पाकिस्तान के आतंकवादी भारतीय सैनिकों को मारते थे लेकिन तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी ने वोट बैंक की राजनीति के कारण कभी उनकी निंदा नहीं की। अमित शाह ने 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की निगरानी में ऐसा हमला करना असंभव है। उन्होंने कहा, आज 26/11 के हमले की बरसी है। मैं दिवंगत आत्माओं को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## अदालतों को लोगों तक पहुंचना चाहिए

### संविधान दिवस पर बोले सीजेआइ चंद्रचूड़

एजेंसी

नई दिल्लीः देश के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्याय हासिल करने से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए संस्थागत सुधारों के साथ तकनीक का दायरा बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि मुकदमेबाजी प्रक्रिया को सरल बनाना और इसे नागरिक केंद्रित बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका अदालतों के कामकाज में सुधार के लिए तकनीक को अपना रही है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि न्याय हासिल करने के वास्ते अदालतों तक पहुंचने के बजाय नागरिकों तक पहुंचने के लिए अदालतों को फिर से तैयार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआइ ने कहा कि देशभर के न्यायाधीशों को न्याय, समानता और स्वतंत्रता हासिल करने के संवैधानिक दृष्टिकोण पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि कानूनी पेशे और न्यायपालिका में हाशिए पर रहने वाले समुदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। चंद्रचूड़ ने समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पहलों 'वर्चुअल जस्टिस क्लॉक', 'जस्टआईएस' मोबाइल ऐप 2.0, डिजिटल कोर्ट और 'एस3डब्ल्यूएएस' वेबसाइट के बारे में भी बात की।



### शराब का धंधा छोड़ने वाले को एक लाख रुपये देगी बिहार सरकार

**पटना।** बिहार में शराब का कारोबार छोड़कर लोग अब दूसरे काम में लग गए हैं। इन्हें राज्य सरकार एक लाख रुपए की मदद दे रही है। अब तक 1.47 लाख लोग इसका फायदा उठा चुके हैं। देसी शराब और ताड़ी के धंधे को छोड़कर लोग अब गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन, शहद उत्पादन आदि छोटे व्यवसाय शुरू कर चुके हैं। यह बातें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नशामुक्ति दिवस पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर 2011 से ही हमने मद्य निषेध दिवस मनाना शुरू कर दिया था।

## आदिवासी युवती पर फिल्माई गयी धाबरी कुरुवी फिल्म

**नयी दिल्ली।** 'धाबरी कुरुवी' भारतीय सिनेमा के इतिहास में पहली फिल्म है, जिसमें केवल जनजातीय समुदाय से संबंधित कलाकारों ने अभिनय किया है। 'धाबरी कुरुवी' का वर्ल्ड प्रीमियर गोवा में आयोजित 53वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में भारतीय पैनोरमा वर्ग के तहत किया गया। इस फिल्म को इरुला की जनजातीय भाषा में पूरी तरह से शूट करने का भी गौरव प्राप्त है। यह फिल्म एक आदिवासी युवती पर फिल्माई गयी है। जिसमें उस युवती की संघर्षों से भरी यात्रा को दिखाया गया है। आदिवासी युवती रूढ़िवादी परंपराओं के खिलाफ जाकर खुद को उन जंजीरों से मुक्त करना चाहती हैं, जिनसे समाज व समुदाय ने उसके जैसे दूसरों को जकड़ रखा है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता व निर्देशक प्रियनंदन इस महोत्सव के दौरान आयोजित एक 'चर्चा सत्र' में मीडिया और महोत्सव के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने कहा कि वह इस फिल्म के माध्यम से जनजातीय युवतियों के जीवन में बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह फिल्म केरल में एक जनजातीय समुदाय में अविवाहित माताओं से संबंधित एक समकालीन मुद्दे पर आधारित हैं। जनजातीय समुदाय की युवतियां रूढ़िवादी परंपरा से बाहर बाहर आने का एक भी प्रयास किए बिना इस कठिन परीक्षा को अपनी नियति मानकर जी रही हैं। दक्षिण भारतीय राज्य केरल स्थित जनजातीय क्षेत्र अट्टापदी के इरुला, मुदुका, कुरुबा और वडुका आदिवासी समुदायों से संबंधित 60 से अधिक लोगों ने इस फिल्म में अभिनय किया है। निदेशक ने कहा, 'उनमें से बहुत से लोगों ने अपने पूरे जीवन में एक भी फिल्म नहीं देखी थी।'

## महिलाओं पर टिप्पणी कर विवादों में घिरे बाबा रामदेव

एजेंसी

**मुंबई।** योग गुरु स्वामी रामदेव एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। दरअसल, पुणे में आयोजित एक योग शिविर के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाएं साड़ी, सलवार और सूट में भी अच्छी लगती हैं, मेरी तरह कुछ ना भी पहने तो भी अच्छी लगती हैं। रामदेव जब यह बात कह रहे थे, तब उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पत्नी अमृता संग वहां मंच पर मौजूद थे। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल ने भी इस बयान की निंदा की है। उन्होंने वीडियो साझा करते हुए कहा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की पत्नी के सामने स्वामी रामदेव द्वारा की गई टिप्पणी अमर्यादित और निंदनीय है। इस बयान से सभी महिलाएं आहत हुई हैं, बाबा रामदेव को इस बयान पर देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। वीडियो में रामदेव कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, बहुत बदनसीब हैं आप। सामने के लोगों को साड़ी पहनने का मौका मिल गया, पीछे वालों को मिला ही नहीं। आप साड़ी पहन के भी अच्छी लगती हैं, सलवार सूट में भी अमृता की तरह अच्छी लगती हैं और मेरी तरह कोई ना भी पहने तो भी अच्छी लगती हैं। अब तो लोग लोक लज्जा के लिए पहन लेते हैं। बच्चों को कौन कपड़े पहनाता है पहले। हम तो आठ दस सालों तक तो ऐसे ही नंगे घुमते रहते थे।

### इमरान खान पर हमले की जांच हुई बंद

**लाहौर।** इमरान खान पर हमला मामले में जांच के लिए गठित की गई जेआईटी ने काम करना बंद कर दिया है। पाकिस्तान के एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमरान खान पर तीन नवंबर को हुए हमले की जांच कर रहे संयुक्त जांच दल के प्रमुख को सेवा से निलंबित किए जाने के बाद से ऐसा हुआ है। अधिकारी ने कहा कि संघीय सेवा न्यायाधिकरण द्वारा लाहौर के पुलिस प्रमुख जो कि जेआइटी के प्रमुख बनाए गए थे। उन्हें निलंबित करने के लिए संघीय सरकार ने अनुमति दी थी। जिसके बाद इमरान पर हमले के प्रयास की जांच करने वाली जेआईटी टीम अब कार्यात्मक नहीं है।

## टाटा स्टील का कार्यक्रम मटीरियलनेक्स्ट शुरू

### मटीरियलनेक्स्ट उभरते सामग्री क्षेत्र में एक प्रमुख खुला नवप्रवर्तनकारी कार्यक्रम है

एजेंसी

**मुंबई।** धातु एवं औद्योगिक विनिर्माण सामग्रियों की प्रौद्योगिकी के भविष्य के आयामों पर नए-नए विचार आकर्षित करने के लिए टाटा स्टील का चतुर्थ 'मटीरियलनेक्स्ट' कार्यक्रम शनिवार को शुरू किया गया। कंपनी ने कहा, 'मटीरियलनेक्स्ट उभरते सामग्री क्षेत्र में एक प्रमुख खुला नवप्रवर्तनकारी कार्यक्रम है। इसके चतुर्थ संस्करण का केंद्रीय विषय है- 'मैटीरियल टू वंडर' (सामग्री से चमत्कार)। इसका उद्देश्य उभरती सामग्रियों और उनके अनूठे अनुप्रयोगों के बारे में विचारों को क्राउडसोर्स (सामर्वजनिक रूप से आमंत्रित) करना है।' मैटेरियलनेक्स्ट 4.0 में चार प्रमुख सामग्री/प्रौद्योगिकी विषय क्षेत्रों को रखा गया है जिनमें उपयोगी नैनो सामग्री, नयी कंपोजिट सामग्री, नयी उभरती निर्माण सामग्री, और नयी ऊर्जा सामग्री शामिल है। इस कार्यक्रम को -अनुसंधान और स्टार्टअप, दो समानांतर रास्तों पर चलाया जाएगा।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BARIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.

Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800




## पोलैंड ने सऊदी अरब को 2-0 से हराया

एजेंसी

**दोहा।** कप्तान रॉबर्ट लेवानडॉस्की और जिलिंस्की के गोल की बदौलत पोलैंड ने सऊदी अरब को 2-0 से हरा दिया। दुनिया के स्टार खिलाड़ी लेवनडॉस्की ने पहली बार अपने करियर में विश्व कप में गोल किया है। वह इससे पहले 76 इंटरनेशनल गोल कर चुके थे, लेकिन कभी विश्व कप में स्कोर नहीं कर पाए थे। लेवनडॉस्की ने अपना सपना पूरा कर लिया है। गोल करने के बाद वह जमीन पर लेट गए और रोने लगे। फिर साथियों खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगाया। पोलैंड की टूर्नामेंट में यह पहली जीत है। मैक्सिको के खिलाफ पिछला मुकाबला ड्रॉ रहा था। दूसरी ओर, सऊदी अरब की टीम अर्जेंटीना को हराने के बाद इस बार चमत्कार नहीं कर पाई। पोलैंड के अब दो मैचों में चार अंक हो गए हैं। वहीं, सऊदी अरब के दो मैचों में तीन अंक हैं।



पोलैंड के कप्तान रॉबर्ट ने विश्व कप में अपना पहला गोल किया

### ऑस्ट्रेलिया ने ट्यूनीशिया को हराकर जिंदा रखी उम्मीदें

मिशेल ड्यूक के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां ट्यूनीशिया को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी उम्मीद जीवंत रखी। ऑस्ट्रेलिया को नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन ड्यूक के 23वें मिनट में किए गए गोल से वह पूरे तीन अंक हासिल करने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया की 2010 में सर्बिया के खिलाफ जीत के बाद अब 12 साल बाद विश्व कप में यह पहली जीत है। इस परिणाम का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अभी अंतिम 16 में जगह बना सकता है। वह अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन फ्रांस से 4-1 से हार गया था। ग्रुप डी में अब फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया दोनों के तीन-तीन अंक हैं। डेनमार्क और ट्यूनीशिया के एक एक अंक हैं।



**आज का मैच**

| | |
|---|---|
| बेल्जियम बनाम मोरक्को | बेल्जियम बनाम मोरक्को |

## दूसरा वनडे : भारत के लिए करो या मरो मैच, हारे तो गंवायेंगे सीरीज



एजेंसी

**हैमिल्टन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को हैमिल्टन में खेला जाएगा। यह टीम इंडिया के लिए करो या मरो वाला मुकाबला है। इस मैच को गंवाते ही भारतीय टीम सीरीज भी गंवा देगी। शुक्रवार को ऑकलैंड में खेले गए पहले वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को सात विकेट से हराया था। 306 रन बनाने के बावजूद टीम इंडिया हार गई थी। ऐसे में दूसरे वनडे में भारतीय गेंदबाज बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। भारतीय टीम दूसरे वनडे में और ज्यादा गेंदबाजी विकल्प के साथ मैदान पर उतरना चाहेगी। पहले वनडे में भारत ने पांच गेंदबाज खिलाए थे।

इस पर पूर्व खिलाड़ियों ने आलोचना की थी। वसीम जाफर और माइकल वॉन जैसे पूर्व दिग्गजों का कहना था कि टीम के पास कम से कम छह गेंदबाजी विकल्प होने चाहिए। टीम इंडिया को छठे गेंदबाज की कमी खली थी। कप्तान शिखर धवन और हेड कोच लक्ष्मण बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरना चाहेंगे।

**38वीं पुण्यतिथि**



आज ही के दिन आप हम सबको रोते बिलखते छोड़कर इस दुनिया से चली गयी। आज आपकी 38वीं पुण्यतिथि पर हम सब आपको श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं। आपकी स्नेहपूर्ण छवि और स्वच्छ विचार हमारे मानस पटल पर सदैव अंकित रहेगी। भगवान से प्रार्थना है कि वो आपकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

स्व0 सरोजिनी देवी
BORN : 01-05-1937
DEATH : 26-11-1984

शोकाकुल:
समस्त सरोजिनी मेमोरियल ट्रस्ट परिवार

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !